kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-330 ❒ रविवार, 04 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

पर्यावरण की रक्षा करना अपने आप में ईश्वरीय सेवा का ही एक रूप है। सच्ची आध्यात्मिकता साथी मनुष्यों के प्रति प्रेम, करुणा और सेवा में निहित है और पर्यावरण की रक्षा करना अपने आप में ईश्वरीय सेवा का एक रूप है। सी. पी. राधाकृष्णन



भारतीय समाज का स्वभाव है सामाजिक सद्भाव : भागवत 11

दिल्ली में भी होगा उत्तराखंड माल्टा महोत्सव : धामी 12

## संक्षेप

### चुनाव आयोग ने ईसीआईनेट ऐप में सुधार के लिए नागरिकों से मांगे सुझाव

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने अपने नए डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट ऐप को और बेहतर बनाने के लिए नागरिकों से 10 जनवरी तक सुझाव आमंत्रित किये हैं। चुनाव आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार कोई भी नागरिक इसके लिए ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड कर के उसमें ''सुझाव सबमिट करें'' टैब के जरिये अपनी राज और सुझाव दे सकता है। इस पहल का उद्येश्य जनभागीदारी के साथ इस ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए यथा संभव अधिक अनुकूल बनाना है। आयोग के अनुसार, ईसीआईनेअ ऐप के परीक्षण के बाद से इसमें कई महत्वपूर्ण सुधार किये गये हैं। इससे मतदाता सेवाएं बेहतर हुई हैं, मतदान प्रतिशत के रुझान जल्दी उपलब्ध हो रहे हैं। इससे मतदान समाप्त होने के 72 घंटे के भीतर 'इंडेक्स कार्ड' प्रकाशित करना संभव हो रहा है जबकि पहले इस प्रक्रिया में कई सप्ताह या महीनों का समय लग जाता था। इस ऐप का बिहार विधानसभा चुनाव 2025 और उपचुनावों के दौरान सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। आयोग का कहना है कि राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआराओ), पर्यवेक्षकों और फील्ड अधिकारियों के अनुभावों और सुझावों के आधार पर प्लेटफॉर्म में लगातार सुधार किया जा रहा है। आयोग ने कहा है कि नागरिकों से प्राप्त सुझावों की समीक्षा कर ऐप को और अपडेट किया जाएगा।

### तीस हजार करोड़ रुपये से देश भर में फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं का जाल बिछाया जायेगा: शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि अगले पांच वर्षों में देशभर में फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं का जाल बिछाया जायेगा जिसपर 30 हजार करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 तक देश के हर राज्य में फॉरेंसिक विश्वविद्यालय या केन्द्रीय फॉरेंसिक प्रयोगशाला बनायी जायेगी। श्री शाह ने शनिवार को अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के श्री विजय पुरम में मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का विषय सेंट्रल फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला था। केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बंडी संजय कुमार, संसदीय परामर्शदात्री समिति के सदस्य, गृह सचिव, विश्वविद्यालय के कुलपति और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार और राज्य सरकारें देश भर में फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं का जाल बुनने के लिए अगले पांच साल में 30 हजार करोड़ रुपए निवेश किये जायेंगे। साथ ही राष्ट्रव्यापी मापदंडों की कमी को दूर करने के लिए एक वैज्ञानिक तंत्र तैयार किया गया है।


# अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला राष्ट्रपति के पकड़े जाने का दावा

## ट्रम्प बोले- 'शानदार ऑपरेशन', मादुरो और उनकी पत्नी हमारे कब्जे में

एजेंसी

कराकस/वॉशिंगटन। अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस अब अमेरिकी सैनिकों की हिरासत में हैं और उन्हें वेनेजुएला से बाहर ले जाया गया है। इस दावे के बाद लैटिन अमेरिका से लेकर वैश्विक राजनीति तक में हड़कंप मच गया है।

अमेरिका ने बीती रात करीब 2 बजे (भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह 11:30 बजे) वेनेजुएला के चार प्रमुख शहरों में एयरस्ट्राइक की। हमलों में सैन्य ठिकानों, रणनीतिक इमारतों और कथित ड्रग तस्करी से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया। ट्रम्प ने कहा कि वह इस पूरे ऑपरेशन की जानकारी सुबह 11 बजे (भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे) प्रेस कॉन्फ्रेंस में देंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा, यह एक शानदार योजना और बेहतरीन सैनिकों का कमाल था। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक और सफल ऑपरेशन है। हालांकि, अभी तक अमेरिका की ओर से मादुरो की गिरफ्तारी के ठोस दृश्य या आधिकारिक दस्तावेज सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। वहीं, वेनेजुएला सरकार



❒ वेनेजुएला में आपातकाल, रूस ने हमले को बताया सशस्त्र आक्रामक कृत्य

ने इस दावे को सिरे से नकारते हुए इसे झूठा प्रचार बताया है। अमेरिकी हमले के तुरंत बाद राष्ट्रपति मादुरो की ओर से बयान जारी कर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गई थी। रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैड्रिनो लोपेज ने देशभर में सेना की बड़े पैमाने पर तैनाती के आदेश दिए। राजधानी काराकस में संवेदनशील इलाकों की सड़कों को सील कर दिया गया है। सरकारी टीवी चैनलों पर लगातार संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें नागरिकों से शांत रहने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की जा रही है। हालांकि, चंद घंटों बाद ही ट्रम्प ने मादुरो को पकड़े जाने का दावा कर दिया, जिससे स्थिति और उलझ गई। वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति और तेल मंत्री डेल्सी रोड्रिग्स ने कहा कि सरकार को राष्ट्रपति मादुरो और प्रथम महिला के ठिकाने की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने अमेरिका से मादुरो के जीवित होने के प्रमाण देने की मांग की है। रोड्रिग्स ने आरोप लगाया कि अमेरिकी हमले में सरकारी अधिकारियों, सैन्यकर्मियों और आम नागरिकों की जान गई है। उन्होंने इसे देश की संप्रभुता पर सीधा हमला बताते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि मादुरो को अमेरिका में आपराधिक मुकदमे के लिए गिरफ्तार किया गया है। उटाह के सीनेटर माइक ली ने बताया कि यह कार्रवाई राष्ट्रपति के विशेष अधिकारों के तहत की गई है, ताकि अमेरिकी नागरिकों और कर्मियों को संभावित खतरे से बचाया जा सके। हालांकि, सीनेटर ली ने यह सवाल भी उठाया कि बिना संसद की अनुमति के इस सैन्य कार्रवाई को संविधान के तहत कैसे उचित ठहराया जा सकता है। रूस ने अमेरिकी हमले को 'सशस्त्र आक्रामक कृत्य' बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह वेनेजुएला ● शेष पेज 11 पर

### पहले भी राष्ट्रपति पकड़ चुका है अमेरिका

यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका ने किसी देश के राष्ट्रपति या तानाशाह को सैन्य कार्रवाई के जरिए पकड़ा हो—

**पनामा** (1989): अमेरिका ने तानाशाह मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार कर सत्ता से हटाया था।

**इराक** (2003): इराक पर हमले के बाद राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को पकड़ लिया गया था और बाद में उन पर मुकदमा चला।

### अमेरिका में चलेगा मादुरो पर मुकदमा

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि मादुरो को अमेरिका में आपराधिक मुकदमे के लिए गिरफ्तार किया गया है। उटाह के सीनेटर माइक ली ने बताया कि यह कार्रवाई राष्ट्रपति के विशेष अधिकारों के तहत की गई है, ताकि अमेरिकी नागरिकों और कर्मियों को संभावित खतरे से बचाया जा सके। हालांकि, सीनेटर ली ने यह सवाल भी उठाया कि बिना संसद की अनुमति के इस सैन्य कार्रवाई को संविधान के तहत कैसे उचित ठहराया जा सकता है।

# न्याय का आधार मानवीय संवेदना: सीजेआई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्याधीश(सीजेआई) सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि न्याय मशीनों से नहीं, बल्कि संवेदनशील और सक्षम लोगों से मिलता है और इसी समझ के साथ न्याय व्यवस्था को एक समावेशी, सक्षम और मानवीय न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना होगा।

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में सात अलग अलग भवनों और संरचनाओं का उद्घाटन करने के बाद न्यायधीशों, वकीलों और उच्च अधिकारियों के एक समूह को सबोधित कर रहे थे। सीजेआई ने कहा कि न्याय मशीनों से नहीं, बल्कि संवेदनशील और सक्षम मनुष्यों से मिलता है और इसी समझ के साथ हमें एक समावेशी, सक्षम और मानवीय न्याय प्रणाली के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र की धरती अनुशासन, तर्क और प्रशासनिक विवेक की प्रतीक रही है। यही वह भूमि है जहाँ से आधुनिक प्रशासन, नैतिकता और लोककल्याण की अवधारणाएँ विकसित हुईं। उन्होंने कहा कि पटना उच्च न्यायालय एक संवैधानिक संस्था के रूप में न केवल संविधान के अंगीकरण का साक्षी रहा है, बल्कि अधिकारों और स्वतंत्रताओं के निरंतर विस्तार की यात्रा का भी महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। श्री सूर्यकंात ने कहा कि सदियों से जो तत्व हमारी संस्थाओं को एक सूत्र में बाँधता है, वह है संस्थागत क्षमता में निवेश–चाहे वह भौतिक संसाधन हों, प्रशासनिक ढाँचा हो या मानव संसाधन।



❒ न्याय मशीनों से नहीं, बल्कि संवेदनशील और सक्षम लोगों से मिलता है: सूर्यकांत

जब हम क्षमता निर्माण की बात करते हैं, तो उसका सीधा संबंध न्याय तक प्रभावी पहुँच से होता है। इसका उद्देश्य ऐसा न्याय तंत्र विकसित करना है जो बढ़ती जनसंख्या, मुकदमों की संख्या और विवादों की जटिलता की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सके। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ और कुशल प्रशासन न्याय प्रणाली की रीढ़ होता है। फाइलों का सुव्यवस्थित संचालन, अभिलेखों का संरक्षण और न्यायिक निर्णयों का प्रभावी प्रबंधन, ये सभी कार्य सामान्य प्रतीत होते हैं, लेकिन इन्हीं से न्यायिक दक्षता सुनिश्चित होती है। जब प्रशासन सुचारु रूप से कार्य करता है, तो न्यायाधीश अपने मूल दायित्वों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाते हैं और वादकारियों को एक पारदर्शी व भरोसेमंद व्यवस्था का अनुभव होता है। सीजेआई ने कहा कि आज के समय में प्रौद्योगिकी संस्थागत मजबूती का एक अहम स्तंभ बन चुकी है। डिजिटल, डेटा-आधारित और ● शेष पेज 11 पर

# छत्तीसगढ़ में अलग-अलग मुठभेड़ में 14 नक्सलियों के शव बरामद

एजेंसी

सुकमा। छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज में नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान आज सुरक्षा बलों ने कुल 14 नक्सलियों के शव बरामद किए। बीजापुर जिले से 02 तथा सुकमा जिले से 12 माओवादी कुल 14 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं।

मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में एके 47 , इंसास, एसएलआर राइफलें जैसे हथियार भी बरामद किये गये हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपूंजे की हत्या में शामिल कोंटा का मंगतु (डीवीसीएम), एसीएम हितेश सहित 14 नक्सली मारे गए हैं ।बीजापुर जिले के गगनपल्ली गांव (थाना बसागुड़ा) के जंगलों से 2 नक्सलियों के शव मिले, जिनमें हुंगा मडकाम भी शामिल है। छत्तीसगढ़ के सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया है कि बीजापुर एवं सुकमा जिलों के दक्षिणी क्षेत्रों में सशस्त्र



माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत दक्षिण बस्तर क्षेत्र में डीआरजी की टीमें रवाना की गई थीं। ऑपरेशन के दौरान बीजापुर जिले में शनिवार सुबह लगभग 05:00 बजे से डीआरजी और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी है, वहीं सुकमा जिले में कोन्टा, किस्टाराम के जंगलों में भी सुबह लगभग 08:00 बजे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है। उन्होंने बताया कि अब तक तलाशी अभियान के दौरान अलग मुठभेड़ स्थलों से कुल ● शेष पेज 11 पर

# उद्योगपतियों को इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में हर संभव मदद : योगी

❒ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीआईआई प्रतिनिधियों से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया है कि सरकार उद्योगपतियों को इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में हर संभव मदद करेगी। उन्होंने शनिवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधियों से मुलाकात में यह बात कही। इस दौरान निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विस्तार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री से मिले सीआईआई प्रतिनिधियों ने प्रदेश की बदली कानून-व्यवस्था और निवेश के लिए बेहतर हुए मौहाल की सराहना की। प्रतिनिधियों ने कहा कि यूपी का सिस्टम और गवर्नेंस माडल पूरी तरह बदला है। जमीन पर अब काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ रही हैं।



सीआईआई के अध्यक्ष राजीव मेमानी, उमाशंकर भरतिया व सुनील मिश्रा ने मुलाकात की। यूपी में ईज आफ डूइंग बिजनेस अब केवल नीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीन पर प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। राज्य सरकार की सिंगल विंडो सिस्टम सेवा निवेश मित्र पर 43 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं, जहां भौतिक हस्तक्षेप के बिना समयबद्ध डिजिटल स्वीकृतियों ने प्रदेश में उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया है। प्रो-इंडस्ट्री नीति व त्वरित निर्णय क्षमता निवेश को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। उच्चीकृत निवेश मित्र 3.0 को जल्द लांच किए जाने की तैयारी है, जिसमें एआई व चैटबाट जैसी सुविधाएं निवेश यात्रा को और आसान बनाएंगी। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों के साथ इंडस्ट्रियल डवलपमेंट बढ़ाने के लिए भी चर्चा की। प्रतनिधियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में उद्यमी सहयोग ● शेष पेज 11 पर

### प्रो. जय प्रकाश सैनी बने लखनऊ विवि के कुलपति



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय को नया कुलपति मिल गया है। कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रो. जय प्रकाश सैनी को लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. जय प्रकाश सैनी वर्तमान में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति हैं। आदेश के अनुसार, वे कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर कार्य करेंगे। इस संबंध में आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। आदेश की प्रतिलिपि प्रो. जय प्रकाश सैनी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति औपर कुलसचिव को भेजी गई है। नियुक्ति आदेश पर कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी (अपर मुख्य सचिव स्तर) डॉ. सुधीर एम. बोबडे के हस्ताक्षर हैं।

# उप्र में आईएएस कैडर की संख्या बढ़ी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) कैडर की स्वीकृत संख्या बढ़ाकर 683 कर दी है। पहले यह संख्या 652 थी। इसके लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (कैडर शक्ति निर्धारण) विनियम, 1955 में संशोधन करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा (कैडर शक्ति निर्धारण) आठवां संशोधन विनियम, 2025 अधिसूचित किया गया है। यह निर्णय 31 दिसंबर को आधिकारिक गजट में प्रकाशित होते ही प्रभावी हो गया।

यह संशोधन अखिल भारतीय सेवा अधिनियम, 1951 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार से परामर्श के बाद किया गया है। इसके तहत कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने पीसीएस से आईएएस में पदोन्नति के लिए नौ नए पद जोड़े हैं। इन नौ नए पदों और पहले से रिक्त 18 पदों को मिलाकर कुल 27 पदों पर पीसीएस अधिकारियों की




❒ पीसीएस अधिकारियों को मिलेगा प्रमोशन का लाभ

पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक होगी। इससे वर्ष 2010 और 2011 बैच के पीसीएस अधिकारियों के आईएएस बनने का रास्ता साफ हो गया है। शासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कैडर संख्या बढ़ने से प्रदेश में विशेष रूप से वरिष्ठ स्तर पर प्रशासनिक दबाव कम होने की उम्मीद है। अधिसूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश कैडर में वरिष्ठ ड्यूटी पदों की कुल संख्या 370 तय की गई है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति ● शेष पेज 11 पर

## 125 साल बाद बुद्ध के अवशेष भारत लाए गए, उनके लिए ये एंटीक पीस थे हमारे लिए सब कुछ : पीएम

# हमारी सभ्यता की जीवंत धरोहर हैं भगवान बुद्ध के अवशेष

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भारत के लिए मात्र ऐतिहासिक वस्तुएं या संग्रहालय की कलाकृतियां नहीं, बल्कि हमारी सभ्यता की जीवंत, पवित्र और अटूट धरोहर हैं। बुद्ध का ज्ञान और मार्ग केवल भारत का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का साझा प्रकाश है।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को यहां राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र पिपराहवा अवशेषों की भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी का शीर्षक 'द लाइट एंड द लोटस: रेलिक्स ऑफ द अवेकन्ड वन' रखा गया है, जिसमें 1898 में खोजे गए बुद्धकालीन अवशेषों और कलाकृतियों को एक सदी से अधिक समय बाद पहली बार वैश्विक मंच पर इतने विस्तृत और भव्य स्वरूप में प्रदर्शित किया गया। प्रधानमंत्री ने संबोधन की शुरुआत में थाईलैंड, वियतनाम, मंगोलिया, रूस, लंका, नेपाल, जापान और अन्य देशों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि 125 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद बुद्ध की पवित्र निशानियां भारत की धरती पर लौट आई हैं। इन अवशेषों की वापसी भारत की सांस्कृतिक संप्रभुता की पुनर्स्थापना का प्रतीक है, जो यह दर्शाती है कि औपनिवेशिक काल में भारत से बाहर ले जाई गई हमारी विरासत को अब संरक्षित सम्मान के साथ वापस लाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने राय पिथौरा को देश के गौरवशाली अतीत और आध्यात्मिक पुनर्जागरण का संगम स्थल बताते हुए कहा कि बुद्ध के अवशेषों की उपस्थिति किसी भी स्थल और वहां उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को धन्य कर देती है। उन्होंने गोदरेज समूह का विशेष आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इन अवशेषों की सार्वजनिक नीलामी को रोकने और भारत में उनकी वापसी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री ने



कहा कि गुलामी केवल राजनीतिक या आर्थिक परतों में नहीं होती, बल्कि वह सभ्यताओं की स्मृतियों और विरासत को भी मिटा देती है। औपनिवेशिक काल में पिपराहवा के अवशेषों को यह समझकर देश से बाहर ले जाया गया कि वे पुरानी, निष्प्राण वस्तुएं हैं, जबकि भारत के लिए वे पूज्य हैं, पवित्र हैं, और बुद्ध के जीवन-दर्शन का साक्षात प्रतीक हैं। जिन लोगों ने इन्हें भारत से बाहर ले जाया और उनके वंशजों ने इन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचने और नीलाम करने का प्रयास किया, उनके लिए ये केवल संग्रह की वस्तुएं थीं लेकिन भारत ने यह स्पष्ट किया कि इनकी सार्वजनिक नीलामी की अनुमति नहीं दी जाएगी। भारत इन अवशेषों का संरक्षक भी है और बुद्ध परंपरा का जीवंत संवाहक भी हैं। मोदी ने कहा थाईलैंड में एक महीने से भी कम समय में 40 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इन अवशेषों के दर्शन किए। वियतनाम में प्रदर्शनी का समय श्रद्धालुओं की मांग पर बढ़ाना पड़ा, जहां नौ शहरों में लगभग 1.75 करोड़ लोगों ने इन्हें श्रद्धांजलि दी। मंगोलिया में हजारों लोग गंडन मठ के बाहर घंटों कतार में खड़े रहे और अनेक श्रद्धालु भारतीय प्रतिनिधियों को छूना चाहते थे, क्योंकि वे बुद्ध की भूमि से आए थे। रूस के काल्मिकिया क्षेत्र में एक सप्ताह में 1.5 लाख से अधिक लोगों ने दर्शन किए, जो वहां की आधी से अधिक आबादी के बराबर है। इन आयोजनों में आम नागरिकों से लेकर राष्ट्राध्यक्षों तक की एक जैसी श्रद्धा दिखाती है कि भगवान बुद्ध सबके हैं और सभी को जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने बुद्ध परंपरा से अपने निजी जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि मेरा जन्मस्थान वडनगर प्राचीन काल में बौद्ध शिक्षा का प्रमुख केंद्र था। सारनाथ मेरी कर्मभूमि है, जहां बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश दिया था। आधिकारिक जिम्मेदारियों से अलग रहते हुए भी मैंने बौद्ध तीर्थस्थलों की यात्रा एक तीर्थयात्री के रूप में की और प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे लुंबिनी स्थित माया देवी मंदिर, जापान के तो-जी और किंकाकु-जी मंदिर, चीन के विशाल जंगली हंस पगोडा, लंका के जया महाबोधि, थाईलैंड के वाट फो और सिंगापुर के बुद्ध टूथ रेलिक मंदिर में जाने का सौभाग्य मिला। मैं जहां भी गया, वहां से बुद्ध परंपरा की स्मृतियां और प्रतीक वापस लाने की कोशिश की। मैंने चीन, जापान, कोरिया और मंगोलिया में बोधि वृक्ष के पौधे भेंट किए और कहा कि हिरोशिमा जैसे शहर, जो परमाणु ● शेष पेज 11 पर

# पौष पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ माघ मेला का भव्य शुभारंभ

**कड़ाके की ठंड के बाद भी संगम में उमड़ा आस्था का सैलाब, मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम, ब्रह्म मुहूर्त से ही स्नान घाटों पर मुस्तैद और चौकन्ना रहा प्रशासन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। देश के सबसे विशाल, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वार्षिक समागम माघ मेला-2026 का शनिवार को तीर्थराज प्रयागराज में शुभारंभ हो गया। संगम और उसके आसपास के सभी घाटों पर पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर भोर से ही पवित्र स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रशासन की तरफ से की गई व्यवस्था से श्रद्धालु भी गदगद दिखे। ठंड हवाओं और गलन के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं नजर आई। सायं चार बजे तक लगभग 22 लाख लोग संगम में स्नान कर चुके थे। यह संख्या 25 लाख तक पार कर लिए जाने का अनुमान है।

### त्रिवेणी तट पर उमड़ा आस्था सैलाब, आध्यात्मिक उल्लास और धार्मिक आस्था का मेल

पौष पूर्णिमा के अवसर पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम व विभिन्न घाटों पर दिन भर स्नान का क्रम चला। संगम तट पर आध्यात्मिक उल्लास और धार्मिक आस्था का अद्वितीय मेल दिखा। देश भर के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं के लिए माघ मेले में पौष पूर्णिमा स्नान पर्व का दिव्य स्नान जीवन का अद्वितीय अनुभव बन गया है। हरियाणा की रेवाड़ी से आई निशा का कहना है कि त्रिवेणी के पावन जल में पुण्य की डुबकी से जीवन धन्य हो गया। सरकार ने मेला क्षेत्र में आने-जाने से लेकर घाटों में स्नान की उत्तम व्यवस्था की है।

अपने पूरे परिवार के साथ मध्य प्रदेश के सीहोर से त्रिवेणी स्नान के लिए आई कल्पना तोमर का कहना था कि महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान की जो कामना अधूरी रह गई थी, इस बार पूर्ण हो गई। मेला क्षेत्र में स्वच्छता और व्यवस्था सराहनीय है। सनातन आस्था से जुड़े विभिन्न संत सम्प्रदाय के संत महात्माओं ने भी त्रिवेणी के पावन जल में माघ मेला की पहली डुबकी लगाई।

### उत्सव और उल्लास की बयार, मुस्तैद दिखा प्रशासन

माघ मेला के आरंभ के साथ ही संपूर्ण मेला क्षेत्र में उत्सव और उल्लास की बयार प्रवाहित हो रही है। कमिश्नर प्रयागराज सौम्या का कहना है कि शाम पांच बजे तक 22 लाख से अधिक से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य स्नान कर लिया था। यह सिलसिला अभी भी जारी है। स्नान के मुहूर्त के समापन तक यह आंकड़ा 25 लाख तक पार कर जाने का अनुमान है। माघ मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर व्यापक और मजबूत सुरक्षा इंतज़ाम किए गए। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय का कहना है कि शहर और मेला क्षेत्र में 1500 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौबीसों घंटे केंद्रीय कमांड सेंटर से निगरानी की जा रही है। वहीं आधुनिक उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मी प्रभावी भीड़ प्रबंधन में जुटे हैं। घाटों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, वॉच टावर और जल पुलिस की सक्रिय पेट्रोलिंग से श्रद्धालुओं को सुचारु और सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### कल्पवासियों ने लिया संकल्प, जीवंत हुई तंबुओं की नगरी

हर साल माघ के महीने मोक्ष दायिनी मां गंगा के तट पर शुरू होने वाली धार्मिक परम्परा कल्पवास का भी इसी प्रथम स्नान पर्व के साथ आरंभ हो गया। मेला क्षेत्र में पहली बार कल्पवासियों के लिए बनाया गया प्रयागवाल नगर भी इसी के साथ जीवंत हो उठा। पौष पूर्णिमा से माघी पूर्णिमा तक चलने वाले कल्पवास का पहला स्नान आज था। मेला क्षेत्र में कल्पवास करने आए 4 लाख से अधिक कल्पवासियों ने गंगा स्नान कर आज से कल्पवास का संकल्प लिया।

# माघ मेला: पौष पूर्णिमा पर आस्था का महास्नान, शाम 4 बजे तक 21.50 लाख श्रद्धालु ने लगायी डुबकी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में माघ मेले के प्रथम स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। संगम तट पर तड़के से ही आस्था का सैलाब देखने को मिला। प्रशासन के अनुसार सुबह 10 बजे तक करीब 9 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान किया। दोपहर 2 बजे तक स्नान करने वालों की संख्या बढ़कर लगभग 19 लाख हो गई। वहीं शाम 4 बजे तक कुल 21 लाख 50 हजार श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। संगम क्षेत्र सहित सभी स्नान घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए थे। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष रूट प्लान लागू किया गया। स्वच्छता, स्वास्थ्य और आपात सेवाओं की भी लगातार निगरानी की जाती रही। पौष पूर्णिमा स्नान के साथ ही माघ मेले का विधिवत शुभारंभ हो गया।

## कौंधियारा के अकोढ़ा में ईंट भट्ठे पर 40 लाख की बड़ी चोरी, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के यमुनानगर अंतर्गत कौंधियारा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा गांव में स्थित एक ईंट भट्ठे पर बीती रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार चोरों ने करीब 40 लाख रुपये की चोरी की है। घटना की सूचना मिलते ही कौंधियारा पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

## करछना के कटका गांव में 28 वर्षीय युवक का संदिग्ध हालत में फंदे से लटकता मिला शव

प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के यमुनानगर करछना थाना क्षेत्र के कटका गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक 28 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटकता हुआ मिला। घटना की सूचना से गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची करछना पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है और मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है।

## माइनर उफनाने से पाली गांव के किसानों की परेशानी बढ़ी



रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता । माइनर में अचानक अधिक पानी आ जाने के कारण आसपास के खेतों में पानी भर गया, जिससे करीब एक दर्जन किसानों की 50 बीघे गेहूं की फसल जलमग्न हो गई।शनिवार को सलेथू रजबहा से निकलकर पाली गांव तक जाने वाली महराजगंज माइनर में अचानक पानी का स्तर बढ़ने से दर्जनों किसानों खेत डूब गए। किसान वशीम के सात बीघे, रामनाथ के दो बीघा,बृजकिशोर के डेढ़, संतोष मौर्य के दो, पुत्तन सिंह, तेज बहादुर छोटे लाल, रामकेवल, पप्पू , सजीवन, छीटू सहित दर्जनों किसानों के गेंहू की फ़सल डूब गई। किसानों का कहना है कि कई दिनों तक पानी भरे रहने से गेहूं की फसल सड़ने की आशंका है। किसान वशीम का कहना है कि रजबहा में पानी की निकासी की उचित व्यवस्था कराकर नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिया जाए। पानी न रोका गया तो नुकसान और भी बढ़ सकता है। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि माइनर में पानी कम करने को लेकर सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए हैं।

## युवक की लाठी-डंडों से पिटाई, पत्नी ने थाने पर दी तहरीर

रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता । पूरे ठाकुर मजरे टीसाखानापुर गांव के एक युवक को लाठी-डंडों से पिटाई का मामला सामने आया है। घायल युवक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला पूरे ठाकुर मजरे टीसाखानापुर गांव का है। गांव निवासी पूनम पत्नी राजेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका पति राजेश 30 दिसम्बर को देर रात भुकवा गांव स्थित मंदिर पर हो रही भागवत कथा सुनकर घर लौट रहा था तभी गांव के पास पुलिया पर पहले से घात लगाए बैठे सुखदेव ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। राजेश किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागे और घर पहुंचे। आरोप यह भी है कि राजेश के घर पहुँचने के बाद पीछे से सुखदेव अपनी पत्नी धनावती और बेटी ललिता के साथ वहां पहुंचकर तीनों ने मिलकर फिर से राजेश को जमकर पीटा। जिससे उसका सिर फट गया और हाथ की हड्डी टूट गई। घटना के बाद गंभीर हालत में घायल पति राजेश को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लोधवारी (तिलोई) ले गई जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के दो दिन बाद पत्नी पूनम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। चंदापुर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुखदेव, उसकी पत्नी और बेटी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## चोरों ने ट्रांसफार्मर से लाखों के पार्ट्स किए चोरी, मुकदमा दर्ज

हमीरपुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड दो के मुख्य मार्ग के किनारे लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर करीब ढाई लाख रुपए के वेशकीमती उपकरण चोरी करके फरार हो गए। शनिवार को अवर अभियंता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।सुमेरपुर कस्बे के इमिलिया थोक के मुख्य मार्ग में हाईवे से महज 100 मीटर आगे वार्ड संख्या 2 में लगे 400 केवीए के विद्युत ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर ढाई लाख रुपए कीमत के उपकरण चोरी करके फरार हो गए। शनिवार को घटना की जानकारी होने पर अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि चोरों ने गत 18 दिसंबर की रात इस ट्रांसफार्मर में चोरी का प्रयास किया था लेकिन सफल नहीं हुए थे। इसका मुकदमा भी दर्ज हुआ था। इसके बाद चोरों के हौसले बुलंद रहे और उन्होंने मौका पाकर इस ट्रांसफार्मर से करीब ढाई लाख रुपए कीमत के उपकरण चोरी कर लिए और फरार हो गए। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है। जांच कराई जा रही है।

## निषाद पार्टी 13 जनवरी को लखनऊ में मनाएगी 13वाँ संकल्प दिवस : संजय निषाद

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । नववर्ष के अवसर पर निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने शनिवार को पत्रकारों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दीं। इसी क्रम में डॉ. संजय कुमार निषाद ने पत्रकार वार्ता कर वर्ष 2026 में निषाद पार्टी द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों में 13वाँ संकल्प मनाए जाने की जानकारी दी।संजय निषाद ने अपने सरकारी आवास में पत्रकारों को बताया कि पार्टी 13 जनवरी को राजधानी लखनऊ जिले के डॉ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय अंतर्गत भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर सभागार, आशियाना में अपना 13वाँ संकल्प दिवस भव्य रूप से मनाने जा रही है। यह कार्यक्रम संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण होगा, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के गणमान्य लोग सहभागी होंगे।उन्होंने बताया कि 13 जनवरी से लेकर निषाद समाज के सिरमौर महाराजा गुह्यराज निषाद की जयंती तक स्वयं प्रदेश के सभी जनपदों, मछुआ बाहुल्य विधानसभाओं एवं मछुआ बाहुल्य ग्राम सभाओं का निरंतर दौरा एवं पदयात्रा की जाएगी। विगत चार वर्षों में सरकार में मंत्री बनने के उपरांत समाज के हित में किए गए सभी कार्यों को सीधे समाज के समक्ष रखा जाएगा। यह समाज के लिए जानना अत्यंत आवश्यक है कि निषाद पार्टी को दिए गए समर्थन के उपरांत, सरकार में सहभागी बनने के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में समाज के हित में कौन-कौन सी योजनाएँ संचालित की गईं तथा उनसे समाज को क्या-क्या लाभ प्राप्त हुआ।

# कोरांव महोत्सव की खुशियों से झूम उठा पंडाल



**आयोजक संस्थापक की हर किसी ने की सराहना तीन दिवसीय महोत्सव हुआ संपन्न नगर अध्यक्ष ने विधायक को बुक्के देकर किया स्वागत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव महोत्सव का शनिवार को शानदार समापन हुआ प्रयागराज से आए महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, नगर अध्यक्ष कोरांव ओम प्रकाश केशरी, तहसीलदार कोरांव अनिल कुमार बर्नवाल और अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की। हर क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालों को महोत्सव के तरफ प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलाकारों ने जमकर परफॉर्म किया, पंडाल में खुशी का माहौल से गुलजार रहा इस कार्यक्रम के आयोजक संस्थापक शशि द्विवेदी , गणेश मिश्र समेत अन्य सहयोगी की सराहना की गई

# सूरदास बाबा कुटी में आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मेला संपन्न

**मेले के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई एवं धार्मिक अनुष्ठानों की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली, जो भारतीय संस्कृति, आस्था और प्रशासनिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण रही**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। क्षेत्र के सलेथू ग्राम पंचायत अंतर्गत महराजगंज-बछरावां रोड पर स्थित सूरदास बाबा कुटी में 1 जनवरी से आयोजित तीन दिवसीय पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मेला शनिवार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। विशाल जनसमूह की मौजूदगी के बावजूद यह आयोजन मेला कमेटी, ग्राम प्रधान, उनके प्रतिनिधि, प्रशासन तथा श्रद्धालुओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है।

आपको बता दें कि, मेले के दौरान सुरक्षा, साफ-सफाई एवं धार्मिक अनुष्ठानों की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली, जो भारतीय संस्कृति, आस्था और प्रशासनिक समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण रही। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सूरदास बाबा कुटी में मत्था टेककर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मेले के प्रथम दिवस 1 जनवरी को ग्राम प्रधान एवं उनके प्रतिनिधि आरपी साहू द्वारा मेले में पधारे साधु-संतों को भोजन कराकर अंगवस्त्र एवं दक्षिणा भेंट की गई। तीनों दिनों तक लोक संगीत, नृत्य, धार्मिक प्रवचन, भजन तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। सूरदास बाबा कुटी मेला क्षेत्र का सबसे बड़ा और शांतिपूर्ण धार्मिक समागम माना जाता है। मेले के सफल आयोजन में मेला कमेटी की सक्रिय भूमिका, प्रशासनिक दक्षता और श्रद्धालुओं की अनुशासित सहभागिता अहम रही। प्रधान प्रतिनिधि आरपी साहू ने बताया कि, सूरदास बाबा कुटी का पारंपरिक तीन दिवसीय मेला इस वर्ष भी पूर्णतः शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। यह मेला धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और उत्कृष्ट व्यवस्थापन का सुंदर उदाहरण है। ग्राम एवं क्षेत्रीय लोगों की भागीदारी से आयोजन सफल हुआ, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

# पौष पूर्णिमा व माघ मेला को लेकर रेल प्रशासन अलट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी, प्रयागराज । पौष पूर्णिमा स्नान पर्व एवं माघ मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) श्री आशीष जैन ने 03 जनवरी 2026 को अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के तहत बनारस-प्रयागराज रामबाग रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने मंडलीय अधिकारियों के साथ झूंसी, प्रयागराज रामबाग, रामनाथपुर, भीटी एवं हंडिया खास रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण कर यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।झूंसी रेलवे स्टेशन पहुंचकर मंडल रेल प्रबंधक ने मेला यात्रियों की सुविधाओं, अस्थायी आश्रय शिविरों, स्टाफ कैंटीन, भोजनालय, शौचालय, पेयजल, अग्निशामक यंत्र, मोबाइल यूटीएस, प्राथमिक उपचार केंद्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को निरंतर कार्यशील एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही यार्ड में माघ मेला विशेष गाड़ियों के लिए रखे रेकों की सुरक्षा, रखरखाव एवं प्रकाश व्यवस्था बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।इसके पश्चात निरीक्षण स्पेशल यान से प्रयागराज रामबाग स्टेशन पहुंचकर डीआरएम ने यात्री आश्रय, प्रतीक्षालय, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर, वाटर बूथ, सर्कुलेटिंग एरिया, प्रवेश-निकास मार्गों तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। माघ मेला अवधि में बने अस्थायी यात्री आश्रय केंद्रों में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके निर्देश दिए गए। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी रखने और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान माघ विशेष गाड़ियों के संचालन, रेक हैंडलिंग, शंटिंग, वाशिंग लाइन, बैरिकेडिंग, भीड़ प्रबंधन एवं आपात स्थिति में आपदा प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर कार्य योजना तैयार की गई।इससे पूर्व रामनाथपुर, भीटी एवं हंडिया खास स्टेशनों पर भी डीआरएम ने स्टेशन पैनल रूम, प्लेटफॉर्म, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई तथा मेला अवधि में बढ़ने वाली यात्री संख्या के प्रबंधन की तैयारियों का निरीक्षण किया।



# माघ मेले में पीएसी बल के लिए कैंटीन का उद्घाटन



**डीआईजी अतुल शर्मा ने जवानों से किया संवाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिले में आयोजित माघ मेले की सुरक्षा में तैनात पीएसी बल के लिए विशेष कैंटीन का उद्घाटन किया गया। कैंटीन का शुभारंभ डीआईजी पीएसी अतुल शर्मा ने किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने मेला ड्यूटी में तैनात पीएसी जवानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं, सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान डीआईजी अतुल शर्मा ने इलाहाबाद एक्सप्रेस टीम से भी संवाद किया और माघ मेले की सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण तथा जवानों के मनोबल को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि माघ मेले जैसी बड़ी जिम्मेदारी में लगे जवानों को बेहतर सुविधाएं देना विभाग की प्राथमिकता है। कैंटीन शुरू होने से पीएसी जवानों को उचित दर पर भोजन और दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। अधिकारियों के अनुसार मेला अवधि में कैंटीन 24 घंटे संचालित रहेगी।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने किया स्टेडियम निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। सिगरा स्थित संपूर्णानंद स्टेडियम में आगामी 04 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाली 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक मुस्तैदी तेज हो गई है। इसी क्रम में आज स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

इस क्रम में शनिवार को कमिश्नर एस राज लिंगम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, डीआईजी शिवहरि मीणा ने स्टेडियम का निरीक्षण किया । इस दौरान महापौर अशोक कुमार तिवारी व नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल से मैच की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की । इनके मौके पर प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और खेल संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने खेल मैदान, सुरक्षा मानकों और खिलाड़ियों की सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले माता अन्नपूर्णा का विधि-विधान से पूजन किया गया, जिसके पश्चात खिलाड़ियों की सुविधा के लिए नवनिर्मित कैंटीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कैंटीन में मौजूद खिलाड़ियों के साथ सीधा संवाद किया। कमिश्नर और जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों के जोश और खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि आयोजन में आने वाले देश भर के खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और स्टेडियम की व्यवस्थाएं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हों।

# अभाविप ने नगर खेल कुम्भ का आयोजन कर युवाओं में खेल संस्कृति को दिया बढ़ावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गोरखपुर महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा 'खेलो भारत' आयाम के अंतर्गत शनिवार को नगर खेल कुम्भ का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य भारत के ग्रामीण एवं परम्परागत खेलों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की।

इस अवसर पर 'खेलो भारत' आयाम के राष्ट्रीय सह-संयोजक ध्रुव गोस्वामी, जिला युवा कल्याण अधिकारी अमित सिंह, निरीक्षक कैंट संजय सिंह तथा 'खेलो भारत' आयाम के प्रांत संयोजक दीपक मद्धेशिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।खेलकुम्भ में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, दौड़, रस्साकशी सहित अन्य परंपरागत एवं लोकप्रिय खेलों का आयोजन किया गय।, जिसके माध्यम से युवाओं में खेल भावना, टीम वर्क एवं शारीरिक-मानसिक विकास को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया। इस आयोजन ने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया, साथ ही भारत के ग्रामीण एवं परंपरागत खेलों के संरक्षण और प्रचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।जिला युवा कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ना आज की आवश्यकता है। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। 'खेलो भारत' आयाम के अंतर्गत आयोजित नगर खेलकुम्भ जैसे कार्यक्रम भारत के परम्परागत खेलों को पुनर्जीवित करने का सराहनीय प्रयास हैं, जो युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।

# योगी सरकार के साइबर कमांडो साइबर अपराधियों का काम करेंगे तमाम

कैनविज टाइम्स संवाददात



**एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर तैयार किये गये साइबर कमांडो**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने साइबर अपराधियों की कमर तोड़ने और साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए ल्लसाइबर कमांडो की एक विशेष टीम तैयार की है। इन कमांडो को एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर देश के विभिन्न उच्च संस्थानों के एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराध और ठगी को रोकने के लिए ट्रेनिंग दी गयी है।

जिस तरह से एनएसजी और एसपीजी कमांडो अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष होते हैं, ठीक उसी तरह ये भी अपने कार्य क्षेत्र में दक्ष (साइबर अपराध को रोकने) हैं। इसके साथ ही साइबर कमांडो को हाईटेक टेक्नोलॉजी और टूल्स से लैस किया गया है ताकि साइबर ठगों के नेक्सेज को पूरी तरह से नेस्तनाबूद किया जा सके। साइबर/सीआईडी डीजी बिनोद कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये थे। ऐसे में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरुप अत्याधुनिक तकनीक से लैस करते हुए 'साइबर कमांडो' की विशेष टीम तैयार की गई है। इस टीम में कुल 15 पुलिसकर्मी शामिल हैं। ये साइबर कमांडो न केवल साइबर ठगी और डिजिटल अपराधों पर लगाम लगाएंगे, बल्कि आम नागरिकों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाएंगे। इन साइबर कमांडो की संरचना और प्रशिक्षण एसपीजी और एनएसजी कमांडो की तर्ज पर दिया गया है। जिस तरह देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के लिए विशेष बल कार्य करते हैं, उसी प्रकार साइबर कमांडो डिजिटल दुनिया में अपराधियों के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे।

उन्होंने बताया कि इन 15 साइबर कमांडो को तैयार करने में देश के प्रतिष्ठित तकनीकी और सुरक्षा संस्थानों की विशेषज्ञता ली गई है। इन्हें आईआईटी कानपुर, नया रायपुर, मद्रास और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू), गुजरात के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू), गुजरात और नई दिल्ली से साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल ट्रेसिंग और ऑनलाइन अपराध की जांच से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की ट्रेनिंग ली गई।डीजी ने बताया कि पहले चरण में 15 चयनित पुलिस कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। ये सभी तकनीकी दक्षता, विश्लेषण क्षमता और फील्ड अनुभव के आधार पर चुने गए हैं। यह कमांडो आने वाले समय में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे प्रदेश भर में साइबर अपराध से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद साइबर कमांडो को पुलिस जोन और मुख्यालय स्तर पर तैनात किया गया है। इसका उद्देश्य साइबर अपराध की सूचना मिलते ही त्वरित और तकनीकी रूप से सक्षम कार्रवाई की जा सके। ये कमांडो साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, ऑनलाइन साइबर हमलों, सोशल मीडिया अपराध, डाटा चोरी, फिशिंग और डिजिटल ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में विशेष भूमिका निभाएंगे। इसके साथ ही साइबर कमांडो जिला और थाने स्तर के पुलिसकर्मियों को भी तकनीकी प्रशिक्षण दे रहे हैं, ताकि जमीनी स्तर पर भी साइबर अपराधों की पहचान और जांच बेहतर ढंग से हो सके।

योगी सरकार ने साइबर कमांडो को हाईटेक उपकरण भी उपलब्ध कराए हैं, जिनमें एडवांस्ड सॉफ्टवेयर, डिजिटल फॉरेंसिक टूल्स, डाटा एनालिटिक्स सिस्टम और रियल-टाइम मॉनिटरिंग तकनीक शामिल है। इन उपकरणों की मदद से साइबर अपराधियों के डिजिटल फुटप्रिंट को ट्रैक करना, लेन-देन का विश्लेषण करना और अपराध के नेटवर्क तक पहुंचना आसान होगा। योगी सरकार का मानना है कि कानून-व्यवस्था केवल पारंपरिक अपराधों तक सीमित नहीं रह गई है। आज अपराधी डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर आम जनता को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में पुलिस को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। इसी को देखते हुए साइबर कमांडो नियुक्त किये गये हैं।

## हिन्दू बालिकाओं को बचाने के लिए एंटी लव जिहाद मंच का गठन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**डा.भूपेन्द्र ने बताया कि संगठन में 15 चिकित्सक, अधिवक्ता, फोरेंसिक एक्सपर्ट और सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम रहेगी**

लखनऊ । हिन्दू बालिकाओं को लव जिहाद में फंसने से बचाने और फंस चुकी बालिकाओं को हर प्रकार से मदद कर इससे बाहर निकालने के लिए एंटी लव जिहाद मंच की स्थापना की गयी है। इस मंच की स्थापना संयुक्त रूप से नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन और अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद ने मिलकर किया है। यह जानकारी डा.भूपेन्द्र सिंह ने शनिवार को लखनऊ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दी।

डा.भूपेन्द्र ने बताया कि संगठन में 15 चिकित्सक, अधिवक्ता, फोरेंसिक एक्सपर्ट और सामाजिक कार्यकर्ताओं की टीम रहेगी। संगठन में महिलाओं की संख्या सदैव पुरूषों से अधिक रहेगी। संगठन की ईमेल पर कोई भी पीड़ित अपनी शिकायत भेज सकती है। जल्द ही हेल्पलाइन नंबर और वेबसाइट लांच की जायेगी।एंटी लव जिहाद मंच की संयोजक डा.ताविशि मिश्र ने कहा कि लव जिहाद एक संगठित अपराध है। इसलिए पीड़िता और उसके परिवार में भय व्याप्त होता है। कई बार धर्म परिवर्तन के बाद पीड़ित का परिवार भी साथ छोड़ देता है। ऐसे में पीड़िता असहाय हो जाती है। ऐसे में उसे सहारे की आवश्यकता होती है। अधिकांश मौकों पर समाज में ही लव जिहाद के ट्रैप की समझ नहीं होती इसलिए व जेहादी को गलत ठहराने के बजाय पीड़िता को ही गलत ठहराने लगते हैं।एंटी लव जिहाद मंच के नव नियुक्त पदाधिकारीडा.ताविशि मिश्र संयोजक,एडवोकेट शैलेन्द्र सिंह राजावत संयोजक डा.श्वेता श्रीवास्तव,एडवोकेट मृत्युंजय प्रताप सिंह,एडवोकेट शिवा पाण्डेय,कृतिका सोनकर,डा.नीतू कुमारी फोरेंसिक एक्सपर्ट,एडवोकेट अभिषेक सोनकर, एडवोकेट निकिता मिश्र, एडवोकेट ममता पांडेय,एडवोकेट शैलेश कुमार बनाये गये हैं।

## अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में तार्किक व आलोचनात्मक चिंतन, प्रभावी अभिव्यक्ति कौशल तथा आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना रहा**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसायटी के तत्वावधान में भारतीय शिक्षा शोध संस्थान निराला नगर में अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025 का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के 10 विभिन्न विद्यालयों की विजेता छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें कुल 20 छात्राएँ शामिल रहीं।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में तार्किक व आलोचनात्मक चिंतन, प्रभावी अभिव्यक्ति कौशल तथा आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना रहा। प्रतियोगिता तीन चरणों–ग्रुप ए, ग्रुप बी और फाइनल राउंड में संपन्न हुई।ग्रुप ए में प्रो. ममता मिश्रा (लखनऊ विश्वविद्यालय) एवं श्रीमती विभा खरे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वहीं ग्रुप बी में ग्रुप कैप्टन अमूल्य दयाल (भारतीय वायु सेना), प्रो. रमेश कुमार यादव (विद्यान्त हिन्दू पी.जी. कॉलेज) तथा डॉ. ऐश्वर्या सिंह (नवयुग कन्या महाविद्यालय) ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। दोनों ग्रुप्स से चयनित प्रतिभागियों ने फाइनल राउंड में भाग लिया।फाइनल राउंड में निर्णायक के रूप में प्रो. संजय बरनवाल (नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय) एवं प्रो. अपर्णा सेंगर (नारी शिक्षा निकेतन पी.जी. कॉलेज) उपस्थित रहीं। फाइनल तीन चरणों में आयोजित हुआ, जिसमें प्रतिभागियों की तर्कशक्ति, विषय-बोध और अभिव्यक्ति क्षमता का आकलन किया गया। संयुक्त अंकों के आधार पर ए.पी. सेन मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज की खुशी तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्य कन्या पाठशाला की सौम्या द्वितीय तथा राजकीय उच्च विद्यालय, बीबीपुर की अंजली तृतीय स्थान पर रहीं।संस्था की अध्यक्षा श्रीमती स्मृति एवं सचिव प्रदीप ने विजेता एवं सभी प्रतिभागी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं के बौद्धिक विकास और आत्मविश्वास को सशक्त बनाते हैं। मंच का संचालन शिवाक्ष द्वारा तथा कार्यक्रम का संचालन ऋषितोष एवं अनिरुद्ध ने कुशलतापूर्वक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## प्रशासन की सख्त कार्रवाई:रामपुर गढ़ी जमुनी गांव में सरकारी भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां , लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के रामपुर गांव में प्रशासन ने सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को सख्ती के साथ हटवा दिया। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कानूनगो नजमुद्दीन व लेखपाल सीखा यादव की अगुवाई में गाटा संख्या 338 व 339 की पैमाइश कर सरकारी भूमि चिन्हित की गई, जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में अवैध कब्जा हटाया गया। प्रशासन के अनुसार भू-माफिया रितिक मौर्य द्वारा कब्जा किया गया था, जिसे हटाकर भूमि कब्जामुक्त कराई गई। एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं पुलिस ने दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल में उमड़ी आठ हजार की भीड़अपर सचिव समेत कई अधिकारियों ने स्थल की व्यवस्थाएं देखीं



लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता । बसंतकुंज योजना स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल नए साल पर घूमने वालों का नया ठिकाना बन गया है। शनिवार को यहां करीब आठ हजार लोगों की भीड़ उमड़ी। वहीं, लखनऊ विकास प्राधिकरण के अपर सचिव समेत कई अधिकारियों ने व्यवस्थाएं देखीं और जरूरी निर्देश दिए। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, अधिशासी अभियंता नवनीत शर्मा समेत कई अधिकारी और इंजीनियर प्रेरणा स्थल पहुंचे। यहां इन अधिकारियों ने टिकट से लेकर प्रवेश तक की व्यवस्था देखी। साथ ही सुरक्षा जांच आदि का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के प्रभारी ने उनको बताया कि नए साल से ही भीड़ उमड़ रही है।लोगों को कोई असुविधा न हो इसका खयाल रखा जा रहा है। साल के पहले दिन ही 12 हजार लोग आए थे। शनिवार को भी शाम तक आने वाले लोगों का तांता लगा रहा। मौसम बेहद सर्द होने के बावजूद यहां घूमने आने वालों की कमी नहीं थी। घूमने आने वाले लोगों का कहना था कि भीड़ और ट्रैफिक समस्या से दूर यह शांत स्थान है। इसलिए फुर्सत के पल यहां बिताना अच्छा लग रहा है। वहीं, एलडीए अपर सचिव व अन्य अधिकारियों ने लौटते हुए ग्रीन कॉरिडोर की प्रगति भी देखी। जहां अभी निर्माण चल रहा है वहां कार्य की गुणवत्ता का आकलन किया। निर्देश दिया कि यदि आवश्यक हो तो श्रमिकों और मशीनों की संख्या बढ़ा लें लेकिन कार्य तय समय सीमा में पूरा हो जाना चाहिए।

### सपा ने जीत का लिया संकल्प

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । कैसरबाग स्थित समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर शनिवार को मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वर्ष 2026 में जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाकर लखनऊ की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करनी है और अखिलेश यादव को फिर यूपी का मुख्यमंत्री बनाना है। महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि नए वर्ष में हमें जनता के बीच रहकर सामाजिक कार्यों के जरिए अपनी पैठ मजबूत करनी होगी। वहीं, महानगर महासचिव गौरव सिंह यादव ने सांगठनिक मजबूती पर जोर देते हुए लखनऊ की पांचों विधानसभाओं में बीएलए सम्मेलन करने और वार्ड स्तरीय संगठन की नियमित बैठकें करने का एजेंडा रखा। इस बैठक में विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व एमएलसी डॉ. मधु गुप्ता, मीरा वर्धन, पूजा शुक्ला, प्रदेश सचिव वीर बहादुर यादव, प्रदेश सचिव कनौजिया, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश शुक्ला समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने एसआईआर अभियान में पूरी ताकत झोंकने की बात कही। नेताओं ने स्पष्ट किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में लखनऊ की हर सीट पर जीत सुनिश्चित करना ही पार्टी का मुख्य लक्ष्य है।

### जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड से पार किए ढाई लाख

लखनऊ , कैनविज टाइम्स संवाददाता । कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड से दो बार में 2 लाख 52 हजार रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने ऑनलाइन साइबर सेल में शिकायत की। उसके बाद थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया है। प्रेमनगर में निवासी सुधीर मिश्रा के मुताबिक 12 अक्टूबर की शाम उनके स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के क्रेडिट कार्ड से 2.52 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने बैंक कस्टमर केयर सहित साइबर सेल में आनलाइन शिकायत की। उसके बाद कृष्णानगर कोतवाली में दो माह बाद शुक्रवार को लिखित शिकायत की है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पांच दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईगंज स्थित रघुबर पैलेस में एकल अभियान का पांच-दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण शिविर अंचल अभियान प्रमुख संतोष के नेतृत्व में भाग सेवाव्रती नैमिष और शिव नरेश सहित संच प्रमुख सुनील , जगदीश, कुमारी नीतू पाल, श्रीमती विद्या, श्रीमती कल्पना आदि सेवा व्रतियों के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में जिला प्रचारक कोमल ने सेवा व्रतियों की सराहना करते हुए संघ के सौ साल पूरे होने के साथ एकल अभियान सहित अन्य सहयोगी प्रकल्पों पर प्रकाश डाला और राष्ट्र निर्माण में इसी तरह मजबूती से बढ़ते रहने हेतु प्रेरित किया। नागेश द्वारा सभी आचार्यों और सेवा व्रतियों का कंबल देकर सम्मानित किया गया। सभी आचार्यों ने पांच-दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अनुभव कथन बताते हुए निरंतर पंचमुखी शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण में बढ़ते रहने का संकल्प लिया।इस आयोजन में संघ के जिला प्रचारक कोमल , युवराज , खंड संघ चालक जयप्रकाश ,खंड कार्यवाह हेमराज , पतंजलि योग समिति अध्यक्ष नागेश , लाला महादेव प्रसाद महाविद्यालय के प्रबंधक अम्बिका वर्मा , रघुवर पैलेस के प्रबंधक दिनेश वर्मा, एकल अभियान के दायित्वधारी संदीप शर्मा, श्रीमती पूनम तिवारी, श्याममूर्ती गुप्ता, बजरंग वर्मा, कुलदीप गुप्ता, अरूण कुमार, अरविंद गुप्ता, रघुवर रावत, सुनील कुमार सहित कई अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी से मिले सीआईआई के प्रतिनिधि, राज्य में व्यापार और निवेश का बन रहा बेहतर माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बेहतर कानून व्यवस्था और स्थिर प्रशासनिक माहौल के चलते उत्तर प्रदेश अब देश भर के उद्योग जगत की पहली पसंद बनता जा रहा है। सुरक्षा, अनुशासन और निष्पक्ष शासन ने निवेशकों का भरोसा प्रदेश में मजबूत किया है। इसके परिणामस्वरूप बड़े, मध्यम और छोटे तीनों सेगमेंट के उद्योग तेजी से उत्तर प्रदेश की ओर रुख कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी, नई दिल्ली, उमाशंकर भरतिया, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, इण्डिया ग्लाइको लि., दिल्ली/नोएडा व सुनील मिश्रा ने मुलाकात कर निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विस्तार को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश का सिस्टम और गवर्नेंस मॉडल पूरी तरह बदला है। अब जमीन पर काम करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हुआ है और परियोजनाएं समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही हैं।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के विजन में उद्यमी सहयोग करना चाह रहे हैं। योगी के साथ इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बढ़ाने के लिए भी विचार-विमर्श किया गया। उत्तर प्रदेश पर इंडस्ट्री का भरोसा बढ़ा है। इसके साथ ही प्रदेश की निवेश अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहन के कारण ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट रूप से कहा कि सख्त कानून-व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश का औद्योगिक वातावरण पूरी तरह बदल दिया है। निवेश निर्णयों के लिए आवश्यक सुरक्षा और प्रशासनिक स्थिरता प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कॉरिडोर, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स हब तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के तेज विकास ने राज्य के औद्योगिक इको सिस्टम को नई मजबूती प्रदान की है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ हुए विचार-विमर्श में यह भी सामने आया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस अब केवल नीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह जमीन पर प्रभावी रूप से लागू हो रहा है। प्रदेश सरकार की सिंगल-विंडो सिस्टम सेवा निवेश मित्र जहां वर्तमान में 43 विभागों की 525 से अधिक सेवाएं उपलब्ध है, जहां भौतिक हस्तक्षेप के बिना समयबद्ध डिजिटल स्वीकृतियों के चलते प्रदेश में उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है।

## धूम धाम से मनाई गई माता सावित्रीबाई फुले की जयंतीसपा प्रदेश अध्यक्ष ने शिक्षा पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के गांव सल्लाही मऊ स्थित पी.आर. मेमोरियल स्कूल, में देश में शिक्षा की ज्योति जगाने वाली प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव/सांसद प्रतिनिधि संतोष रावत की ओर किया गया।

इस आयोजन में सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई साथ ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। जयंती के अवसर पर स्कूल के बच्चों को बैग, कॉपी, पेन वितरित किए गए तथा क्षेत्र से आई गरीब महिलाओं को कंबल वितरित किए गए। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष/सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की।सभा का कुशल संचालन एडवोकेट दुर्गेश कुमार अम्बेडकर द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल, प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद आर.के. चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उपस्थित रहे। आयोजक संतोष रावत द्वारा सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं का माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र भेंट कर तथा माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा देकर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल ने सभा को संबोधित करते हुए माता सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते समय उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और समाज में शिक्षा की अलख जगाई। उन्होंने लोगों से अपील की कि एक रोटी कम खाएं, लेकिन अपनी बेटियों को जरूर पढ़ाएं। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार में चलाई गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए आगामी चुनाव में एकजुट होकर भाजपा सरकार को हटाने और समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने की अपील की। सांसद आर.के. चौधरी ने माता सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके द्वारा गरीब, दलित, वंचित एवं शोषित समाज को जागरूक करने के कार्यों पर प्रकाश डाला।सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले ने तमाम कठिन परिस्थितियों के बावजूद महिलाओं को शिक्षा देने का कार्य जीवनभर किया। उन्होंने सभी से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा आगामी चुनाव में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील की।इस अवसर पर पूर्व एमएलसी रामवृक्ष यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मनोज पाल, राष्ट्रीय सचिव अधिवक्ता सभा श्रवण यादव, अम्बेडकर वाहिनी राष्ट्रीय सचिव राम अवतार धीमान, राष्ट्रीय महासचिव छात्र सभा मनोज पासवान, राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा विजय यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी विशेष आमंत्रित सदस्य राम किशोर रावत, तरुण रावत, अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत (राजू), धनराज रावत, शिवशंकर रावत, अरविंद रावत, अखिलेश यादव, सत्रोहन यादव, उत्कर्ष पटेल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## पौष पूर्णिमा पर हुआ तहरी और खीर का दिव्य और भव्य भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में सेवा परमो धर्म का संदेश देते हुए नए साल की पहली पूर्णिमा, पौष माह की पूर्णिमा पर शनिवार तीन जनवरी को लेखराज मेट्रो स्टेशन स्थित शिव शक्ति शनिदेव मंदिर परिसर में भव्य और दिव्य तहरी और खीर का भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों को सुंदरकांड महा अभियान, भारत वर्ष की बने पहचान के प्रति भी जागरुक किया गया। सपना गोयल के अनुसार सुंदरकांड के परम संदेश में, सुंदर विश्व की मधुर कल्पना समाहित है। सनातन का अर्थ ही सेवा धर्म का पालन और स्व राष्ट्र से प्रेम करना है। इसीलिए सुंदरकांड विश्व को प्रेरित करता है कि हम सुंदर होंगे तो विश्व भी सुंदर हो जाएगा।21 दिसम्बर को सपना, जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष ल्लसेवा पखवाड़ेङ्क का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत लखनऊ ही नहीं आसपास के अन्य दूरस्थ क्षेत्रों तक में दरिद्र नारायण तक जाड़े से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में अब चार जनवरी को गोंडा में कंबल वितरण का कार्य किया जाएगा वहीं संक्रान्ति पर किसान पथ के गांवों में भी यह महा अभियान जन के मन को सुंदरकांड के एक परम सूत्र में पिरोएगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जनवरी माह के अंत में पांच हजार महिलाओं द्वारा वृहद सुंदरकांड अनुष्ठान कानपुर में किया जाएगा।सपना गोयल के अनुसार उनका एकमात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, ल्लभारतङ्क एक बार पुनः ल्लविश्व गुरुङ्क के रूप में प्रतिष्ठित हो। भारत उत्थान के इस महा उद्देश्य की पूर्ति हेतु ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से प्रतिदिन सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शनिवार को नजदीकी मंदिरों में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन, ल्लमातृशक्तियोंङ्क द्वारा वृहद स्तर पर करवाया जा रहा है। बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के 10 मार्च 2024 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था। इस क्रम में राष्ट्रीय स्तर पर तीर्थाटन का सिलसिला भी शुरू किया गया है। इसके तहत उत्तराखंड कोटद्वार के प्राचीन सिद्धबली मंदिर, नैमिषारण्य तीर्थ, काशी विश्वनाथ मंदिर, हर की पौड़ी, रुड़की महादेव मंदिर और प्रयागराज के लेटे हुए हनुमान मंदिर परिसर में भी भव्य सुंदरकाण्ड का पाठ सफलतापूर्वक आयोजित किया जा चुका है।

# सांसद अशोक रावत की पहल से कादीनगर में लगा ओपन जिम

### सेहत और विकास का संगम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

ततरोई,नैमिषारण्य। मिश्रित क्षेत्र के चौथी बार के सांसद अशोक रावत लगातार क्षेत्र के विकास में तत्परता दिखा रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण मिश्रिख ब्लाक की ग्राम पंचायत मानपुर के मजरा कादी नगर में स्थित भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क में ओपन जिम लगवा कर नव वर्ष की लोगों को सौगात दी है।

गौरतलब हो कि अभी पिछले वर्ष ही कादीनगर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की स्मृति में एक पार्क का निर्माण किया जा चुका है ।इसके पहले तेलियानी से कादीनगर के लिए हाटमिक्स चौडी रोड का भी निर्माण हो चुका है ।क्षेत्र में शैक्षिक विकास के लिए इंटर कॉलेज की स्थापना हेतु अपने स्तर से शासन प्रशासन से पूरा सहयोग करवा कर स्थानीय सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज की स्थापना करवाने में विशेष सहयोग दिया। क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ी है। ओपन जिम लग जाने से ग्राम वासियों के साथ-साथ क्षेत्र वासियों को भी अपनी सेहत सुधारने का अवसर मिलेगा । गांव के बच्चे, बूढ़े ,नौजवान सभी इस बात को लेकर खुश हैं और सभी अपने चहेते सांसद को हृदय से धन्यवाद भी देते नजर आए और उनका आभार भी प्रकट किया ।ओपन जिम के लिए स्थानीय स्तर पर समाजसेवी देवेंद्र ठाकुर एडवोकेट के द्वारा बड़े स्तर पर प्रयास किया गया जिसके फलस्वरूप स आज ओपन जिम लग चुका है ।इस अवसर पर प्रधान सरोज कश्यप ,ममता विश्वकर्मा, अमित यादव, पूर्व प्रधान रामनरेश आजाद,प्रधान राजा राम अर्कवंशी, मुन्नालाल , रामकुमार गौतम, सुनील कुमार,सुनैना समेत बहुत से लोग उपस्थित रहे।

# सपा नेताओं ने मनाई सावित्रीबाई फुले की जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर क्रांतिकारी शिक्षाविद सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया।

इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला समाज सुधारक थीं, जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला और शिक्षा के माध्यम से दलितों, महिलाओं व वंचितों के सशक्तिकरण के लिए जीवन समर्पित किया। उन्होंने बाल विवाह जैसी बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई, विधवाओं के लिए आश्रय गृह खोले और भारत के सामाजिक व शैक्षिक आंदोलन की आधारशिला रखी। साबित्रीबाई को भारतीय नारीवाद की जननी भी कहा जाता है। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने सत्यशोधक समाज के माध्यम से दलितों और महिलाओं के अधिकारों की वकालत की। गोष्ठी में पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, विजय सिंह, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, संजीव वर्मा, अवधेश पाल, ओंकार सिंह, अजफर अली, रामवीर सिंह सोमवंशी, जितेंद्र प्रधान, गोपाल अग्निहोत्री, लखन प्रताप सिंह, सत्येंद्र यादव, हफीज अंसारी, मोनू कुरैशी, राजकुमार शर्मा, अनवर सईद, अक्षय भोजवाल, धनपाल सिंह, तैय्यब खान, अरशद, इकबाल, तेजपाल, शिवम, अभिषेक, सैयद शकील मियां, सौमित्र यादव, सिद्दीक खान, खिजर महबूब खान उर्फ चंदू, रफी अंसारी, पवन वर्मा, रानू खान, आसिफ, इमरान मंसूरी, गुलफाम, धर्मवीर पासवान, उमेश कश्यप, जोगिंदर सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि कई लोग मौजूद रहे।

# सावित्रीबाई फुले भारत की क्रांति ज्योति थीं: राम सिंह

### गोष्ठी में सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की क्रांति ज्योति थी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। पंचशील सोशल वेलफ़ेयर सोसाइटी ने निगोही रोड स्थित सम्राट अशोक पार्क में भारत की प्रथम महिला शिक्षक, सामाजिक क्रांति की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी का शुभारंभ सावित्रीबाई के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

गोष्ठी में सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की क्रांति ज्योति थीं, जिन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ 1848 में बालिकाओं के लिए पहली पाठशाला स्थापित की। जो उस समय रूढ़िवादी समाज में एक क्रांतिकारी कदम था। कहा कि सावित्रीबाई फुले ने समाज में व्याप्त सभी कुरीतियों का तीव्र विरोध किया और रूढ़िवादी परंपराओं को समाप्त करने का वींड़ा उठाया। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने विधवा विवाह को प्रोत्साहित कर दहेज प्रथा महिला अशिक्षा के खिलाफ आवाज उठाई और प्लेग की बीमारी में गरीबों की निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था की। डॉ अंबेडकर मेमोरियल संस्थान के अध्यक्ष भगवत राम ने कहा कि सावित्रीबाई महिला सशक्तिकरण की प्रतीक हैं, हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। गोष्ठी में अनुसूचित जाति बेसिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, एसपी कॉलेज के प्रवक्ता ज्वाला प्रसाद बुधपाल सिंह, ओसीएफ इंटर कॉलेज के शिक्षक मातादीन वर्मा, सेठ सियाराम इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सोनपाल सिंह, शिक्षक जितेंद्र कुमार, विनोद सम्राट, अखिलेश गौरव, दिव्यांशु उपासक, प्रज्ञा वर्मा, राजेश, अनुराग आदि लोग मौजूद रहे।

## एसपी ग्रामीण ने ढाईघाट मेले का किया निरीक्षण सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



शाहजहांपुर। एसपी के निर्देशन में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे अरूण ने जनपद फर्रूखाबाद के थाना शमसाबाद क्षेत्र में आयोजित होने वाले माघ मेला ढाईघाट का निरीक्षण किया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मेला में आने-जाने वाले मार्गों, प्रमुख चैराहों एवं संभावित भीड़-भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम, सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती करने क निर्देश दिए। कहा कि ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी सतर्कता बरतते हुए प्रभावी पुलिसिंग करें और श्रद्धालुओं से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखें तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# उर्स शरीफ के तीसरे दिन रूहानियत से भरपूर महफिल का हुआ आयोजन

### मुल्क व कौम की तरक्की आपसी सौहार्द व शांति के लिए हुई सामूहिक दुआ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलहर, शाहजहांपुर। हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स शरीफ के मौके पर तीसरे दिन कुल शरीफ की रूहानियत से भरपूर महफिल का आयोजन हुआ और अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां की सरपरस्ती में चल रहे उर्स के कुल शरीफ की इस महफिल में शहर इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने प्रभावशाली तकरीर पेश की और अपने बयान में हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के जीवन, उनकी सादगी, इंसानियत, भाईचारे और अल्लाह की इबादत में डूबे रहने की शिक्षाओं पर रोशनी डाली। मौलाना मंजरी ने कहा कि औलिया-ए-किराम का पैगाम मोहब्बत, सब्र और इंसानियत का होता है, जिस पर अमल कर समाज में अमन व भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। महफिल के दौरान नात-ओ-मनकबत का सिलसिला जारी रहा। जिससे पूरा माहौल रूहानी हो गया। अंत में कुल शरीफ की रस्म अदा की गई और मुल्क व कौम की तरक्की, आपसी सौहार्द और शांति के लिए सामूहिक दुआ कराई गई। कुल शरीफ में देवा से तशरीफ लाए सैयद सोहेल मियां वारसी, किछौछा से तशरीफ लाए सैयद अबूजर अशरफी सैयद अबुल हसन अशरफी, सैयद इफ्तिखार अली, मोहम्मद सुअलेह, सगीर अहमद, शहर काजी मोहम्मद अकरम, कारी मखदूम अशरफ बनारसी, कारी मोहम्मद इदरीश रजा, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उसके बाद महफिले रंग हुआ। जिसमें शमीम वारसी कव्वाल, वसीम वारसी कव्वाल ने रंग पढ़ा। आयोजन को सफल बनाने में सज्जादा नशीन ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# फरधान क्षेत्र में दिखा विशाल अजगर सुरक्षित रेस्क्यू से ग्रामीणों ने ली राहत

### सूचना मिलते ही शारदा नगर वन रेंज की वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित कराते हुए रेस्क्यू अभियान शुरू किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शारदा नगर वन रेंज अंतर्गत थाना फरधान क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमानलाला में उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव के पास एक विशालकाय अजगर दिखाई दिया। अजगर को देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अजगर की लंबाई करीब 15 फीट और वजन लगभग 40 किलोग्राम बताया जा रहा है।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही शारदा नगर वन रेंज की वन विभाग टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सुरक्षित कराते हुए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। अजगर का आकार काफी बड़ा होने के कारण रेस्क्यू में काफी सावधानी बरती गई और टीम को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।वन कर्मियों ने रस्सियों और विशेष उपकरणों की मदद से अजगर को काबू में लिया। करीब काफी समय चले अभियान के बाद अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया गया। रेस्क्यू के दौरान किसी भी ग्रामीण को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अजगर एक संरक्षित वन्य जीव है और संभवतः भोजन या पानी की तलाश में रिहायशी इलाके की ओर आ गया था। रेस्क्यू के बाद अजगर को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर जंगल में छोड़े जाने की तैयारी की जा रही है, ताकि वह अपने प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रह सके।घटना के बाद वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि क्षेत्र में किसी भी वन्य जीव की मौजूदगी दिखाई दे, तो घबराने के बजाय तुरंत वन विभाग या स्थानीय पुलिस को सूचना दें और स्वयं उसे पकड़ने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें। अजगर के सफल रेस्क्यू से गांव में दहशत का माहौल खत्म हुआ और लोगों ने वन विभाग की टीम की तत्परता की सराहना की।

# गढ़ी पावर हाउस में कर्मचारी की मौत से बवाल अधीक्षण अभियंता पर उत्पीड़न के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । शहर स्थित गढ़ी पावर हाउस में तैनात टीजी-2 कर्मचारी रामगोपाल राणा की हार्ट अटैक से हुई मौत ने पूरे बिजली विभाग में सनसनी फैला दी है। घटना के बाद से ही विभागीय कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने उच्च अधिकारियों पर मानसिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।

साथी कर्मचारियों का आरोप है कि अधीक्षण अभियंता द्वारा बकाया बिल वसूली को लेकर लगातार दबाव बनाकर काम कराया जा रहा था। कर्मचारियों का कहना है कि इसी दबाव के चलते रात तक एसी स्तर की मीटिंग ली गई, जिससे रामगोपाल राणा मानसिक रूप से बेहद तनाव में आ गए। मीटिंग के बाद अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उन्हें हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारियों में आक्रोश फूट पड़ा। साथी की मौत से भड़के कर्मचारियों ने सदर कोतवाली का घेराव कर जोरदार नारेबाजी की और अधीक्षण अभियंता की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक वे शांत नहीं बैठेंगे।मामला यहीं नहीं थमा। बिजली कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार का ऐलान करते हुए डीएम कार्यालय का घेराव करने की तैयारी शुरू कर दी। बड़ी संख्या में विद्युत कर्मचारी डीएम ऑफिस की ओर कूच करते नजर आए, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया। उधर, मृतक कर्मचारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।वहीं दूसरी ओर, चौकी प्रभारी मिश्राना अजीत कुमार सिंह ने देर रात एसी द्वारा मीटिंग लिए जाने और दबाव की बात से इनकार किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।फिलहाल रामगोपाल राणा की मौत ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और कर्मचारियों पर पड़ रहे दबाव को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया गुट ने पत्रकारों का किया सम्मान



कसमंडा, कमलापुर। जनपद सीतापुर के कमलापुर क्षेत्र के पत्रकारों व प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय सिंह तथा जिलाध्यक्ष अरुण सिंह मुन्ना,व जिला उपाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह द्वारा कोठी ढाबा में सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया।प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित पत्रकारों,वरिष्ठ नागरिकों को डायरी कलम भेंट कर सम्मानित किया गया।वहीं संगठन के प्रति लग्न एवं निष्ठा को देखते हुए नवागांव निवासी शानू सिंह को सीतापुर जिले का महामंत्री नियुक्त करते हुए मनोनयन पत्र दिया गयाइस अवसर पर आदेश तिवारी,सत्य प्रकाश सिंह,अमर बाजपेयी, अनुज बाजपेई,बीर बहादुर सिंह,राघवेंद्र सिंह वेद,सत्यदेव शुक्ला,विनय शुक्ला,अमर शर्मा,शेष शुक्ला,छोटू मिश्र,विमल सिंह,अरुण कुमार मिश्र,अभिषेक शुक्ला, संजय कुमार, मनोज कुमार,विनय सिंह अनिकेत सिंह,दिनेश यादव,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## वोटर लिस्ट को सही कराएं, किसी भी मतदाता का नाम ना छूटे: तनवीर खां



शाहजहांपुर । समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में पार्टी की जिला व महानगर इकाई की संयुक्त मासिक बैठक बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में तनवीर खां ने कहा कि छह विधानसभा में एसआईआर के बाद छह जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन हो रहा है। हर बूथ पर बीएलए व बूथ प्रभारी अपनी-अपनी वोटर लिस्ट को चेक कर उनको सही करवाएं। ताकि किसी भी मतदाता का नाम ना छूटे। कहा कि मतदाता सूची के प्रकाशन में एक हार्ड कॉपी व एक सॉफ्ट कॉपी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाएगी। सभी बीएलए व बूथ प्रभारी अपनी जिम्मेदारी को समझकर मतदाता सूची का सत्यापन करें और सूची में जिन मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किए गए हैं, उनके फार्म नंबर छह भरवाकर या ऑनलाइन करवाकर उसका मतदाता सूची में नाम शामिल कराएं। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याएं भाजपा सरकार में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर वर्ग हर समाज के लोगों का सम्मान करती है। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली, ओंकार सिंह, अवधेश पाल, रामवीर सिंह सोमवंशी, जितेंद्र प्रधान, लखन प्रताप, गोपाल अग्निहोत्री आदि ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव, विजय सिंह, विकास चंद्र एडवोकेट, संजीव वर्मा, मिश्रीलाल पटेल, सत्येंद्र यादव, हफीज अंसारी, मोनू कुरैशी, राजकुमार शर्मा, अनूप वर्मा, अनवर सईद, अक्षय भोजवाल, धनपाल सिंह, तैय्यब खां, रामनिवास, संतोष पाल, सुनील यादव, अरशद, इकबाल, तेजपाल, अभिषेक गुप्ता, अवनीश, अनिल दास, टिंकू सिंह, शाहनवाज जिलानी, अजीम, शकील मियां, कौशल यादव, सिद्दीक खान, खिजर महबूब खान उर्फ चंदू, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।.बैठक का संचालन सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह ने किया।

## परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

रायबरेली। स्वास्थ्य सुविधाओं को चाक चौबंद करने के लिए आज बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ पवन कुमार अरुण ने औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन चंद्रा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी. एस. अस्थाना मौजूद रहे। परिवार कल्याण महानिदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# ओमकार हत्याकांड का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना कांट पुलिस ने ओमकार हत्याकांड के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बीती 21 अक्टूबर 2025 को थाना कांट क्षेत्र के गांव सप्तयारा निवासी ओमकार की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक की मां जोगवती पत्नी भैरव ने गांव के ही रिजवान पुत्र जाबिर, जाबिर पुत्र सफीक, कदीर अली पुत्र सफीक और समीर पुत्र सफी पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतका का आरोप था कि उसका पुत्र ओमकार करीब पांच वर्ष पहले आरोपियों की पुत्री को भगा ले गया था। इस मामले में उसके पुत्र पर अपहरण और दुष्कर्म आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कुछ दिन पहले ही उसका पुत्र जेल से छूटा था। इसी पुरानी रंजिश के चलते रिजवान, जाबिर, कदीर और समीर ने उसके पुत्र की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। इसी क्रम में थाना कांट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जाबिर को नहर कोठी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त जाबिर को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के साथ एसएसआई सुन्दरलाल वर्मा, कांस्टेवल देवेन्द्र कुमार, अंकित कुमार, अमित कुमार, सुभाष चन्द्र मौजूद रहे।

# अतिक्रमण पर चली प्रशासन की कैंची, सेठ घाट रोड के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे अरसे से जर्जर हालत और संकरी सड़क के कारण लोगों को परेशान करने वाली सेठ घाट रोड (मुक्ति धाम रोड) अब नए स्वरूप में नजर आएगी। प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण मार्ग के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी।

योजना के तहत मुक्ति धाम रोड को साढ़े सात मीटर चौड़े नाले सहित विकसित किया जाएगा। सड़क के दोनों ओर पक्के नाले के निर्माण से जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी, जो बरसात के मौसम में आमजन के लिए बड़ी परेशानी बन जाती थी। चौड़ी सड़क बनने से भारी वाहनों के आवागमन के साथ-साथ अंतिम संस्कार में आने-जाने वाले लोगों को भी सुविधा होगी।इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को चिह्नित करते हुए मार्किंग करवाई गई, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि सड़क निर्माण में रोड़ा बनने वाले अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों का कहना है कि सेठ घाट रोड के निर्माण की मांग वे कई वर्षों से कर रहे थे। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण न केवल आम राहगीरों बल्कि शव यात्रा में शामिल लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के समय कीचड़ और जलभराव स्थिति को और भयावह बना देता था।प्रशासनिक पहल के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों को उम्मीद है कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होकर तय समय में पूरा होगा और सेठ घाट रोड एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक मार्ग के रूप में विकसित होगी। अब सबकी निगाहें निर्माण कार्य की गति और गुणवत्ता पर टिकी हैं, ताकि यह बहुप्रतीक्षित सपना जल्द साकार हो सके।

# घर में महिला की हत्या, लाखों रुपये समेत जेवर लूट ले गए बदमाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पापड़ गांव में शुक्रवार रात बदमाशों ने बर्तन व्यापारी की पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद घर से नकदी जेवर लूट ले गए। महिला घर में अकेली थी। शनिवार सुबह लोगों को घटना की जानकारी हुई।दातागंज कोतवाली क्षेत्र के पापड़ गांव में शुक्रवार रात बर्तन व्यापारी राम अवतार गुप्ता की पत्नी मुन्नी देवी (55 वर्ष) की बदमाशों ने गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद घर से नकदी और जेवर लूट ले गए। शनिवार की सुबह शव घर में देख कोहराम मच गया। पीड़ित परिजनों के मुताबिक बदमाश घर से करीब 20 लाख रुपये नकद और सोने के आभूषण लूटकर ले गए हैं। मुन्नी देवा का शव सुबह बेड पर पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। राम अवतार गुप्ता ने बताया कि वह गांव-गांव जाकर बर्तन की दुकान लगाते हैं। सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखने का काम भी करते हैं। उनकी चार बेटियां हैं, सबकी शादी हो चुकी है। घटना के समय बुजुर्ग महिला ही घर में थी। राम अवतार काम के सिलसिले में बाहर गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कछला गंगा घाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किया स्नान

बदायूं। पौष पूर्णिमा पर कछला गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शनिवार को सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कड़ाके की ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा की निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस दिन स्नान, दान और पूजन करने से जीवन में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है। इसी आस्था के चलते बदायूं के साथ-साथ आसपास के जनपदों से भी हजारों श्रद्धालु कछला घाट पहुंचे। स्नान के बाद भक्तों ने विधि-विधान से मां गंगा की पूजा-अर्चना की, दीपदान किया और जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र एवं दान-दक्षिणा प्रदान की। घाट पर दिनभर हर-हर गंगे और जय गंगा मैया के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की मौजूदगी से घाट पर मेले जैसा नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मुस्तैद रही।

# नगर रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने का आरोप, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर । नगर मे स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगभग 9 अल्ट्रासाउंड सेंटर पंजीकृत हैं। इनमें कुछ ही ऐसे सेंटर हैं।जिनपर रेडियोलाजिस्ट डॉक्टर मौजूद रहते हैं। बाकी सेंटर बिना रेडियोलाजिस्ट के ही संचालित हो रहे हैं।वही सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ इसमें एक समाजसेवी और भाजपा कार्यकर्ता ने स्वास्थ्य विभाग पर गम्भीर सवालियां निशान खड़े कर दिये यहां अप्रशिक्षित कर्मचारी अल्ट्रासाउंड कर लोगों को गलत रिपोर्ट देने का काम कर रहे हैं इसमें स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहे हैं। वही शहर में जांचों के नाम पर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है बिना रेडियोलॉजिस्ट के ही तमाम अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं अगर जॉच कराई जाए तो अधिकांश सेंटरों पर रेडियोलॉजिस्ट हैं ही नहीं लाइसेंस देने के नाम पर होता है।खेल

सीएमओ कार्यालय में नर्सिंगहोम व अल्ट्रासांउड सेंटर का लाइसेंस देने वाले पटल से ही मानकों की अनदेखी का खेल शुरू हो जाता है विभाग के ही कर्मचारी बिचौलिये की भूमिका निभा रहे हैं वे लाइसेंस बनवाने का ठेका लेकर एमबीबीएस डॉक्टर व रेडियोलॉजिस्ट के कागजात भी उपलब्ध करा देते हैं। कागजी खानापूर्ति पूरी कर अल्ट्रासाउंड का लाइसेंस दे दिया जाता है यह नहीं देखा जाता कि रेडियोलॉजिस्ट अल्ट्रासाउंड सेंटर पर बैठ भी रहे हैं या नहीं।

### चंदौसी को 4.25 करोड़ का बजट जारी

चंदौसी कैनविज टाइम्स संवाददाता । चंदौसी को 4.25 करोड़ का बजट जारी, जल्द शुरू होंगे विकास कार्य, तैयार हो रहे प्रस्तावचंदौसी नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 15वें वित्त आयोग से सवा चार करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। इस राशि से पेयजल, स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सड़क निर्माण और अन्य बुनियादी ढांचे में सुधार किया जाएगा। पालिका ने प्रस्ताव तैयार करने शुरू कर दिए हैं और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। इससे अधूरे पड़े विकास कार्यों को गति मिलेगी और शहर में सौंदर्यीकरण भी होगा।

### सुलह समझौता केंद्र की बैठक

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता । संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण अनुकृति शर्मा तथा क्षेत्रधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में परामर्श केंद्र प्रभारी डाध रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 52 पत्रावलीयो को सुनकर 27 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 06 परिवार को मिलाया गया 16 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया तथा 06 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल , श्वेता गुप्ता ,सीमा आर्य , बबीता शर्मा तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ख्रक्ष्ए रश्मि गहलोत , ख्रए ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों की भूख हड़ताल को मिला कांग्रेस का समर्थन

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली तहसील के ग्राम ढोहरनपुर में संपर्क मार्ग सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन मिल गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव गांव पहुंचे और भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका समर्थन किया। इस मौके पर अजीत यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकारें पूरी तरह विफल साबित हुई हैं। उन्होंने बताया कि सड़क न बनने के कारण पांच गांवों के लगभग 20 हजार ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने घोषणा की कि शनिवार को कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से वार्ता करेगा और सड़क निर्माण की मांग को मजबूती से उठाएगा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सड़क निर्माण की स्वीकृति नहीं दी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं ग्रामीणों की लगातार दस दिनों से जारी भूख हड़ताल के कारण उनकी सेहत पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, जिसे लेकर परिजनों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है।

### आलू किसानों की मायूसी, इस बार नहीं निकली फसल की लागत

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में आलू की फसल की बहुतायत एवं पड़ोसी राज्यों में मांग कम होने के चलते आलू की बिक्री प्रभावित हो रही है, जिससे मंडी में इसके दाम गिरकर 500 से 600 रुपये क्विंटल तक पहुंच गए हैं। आलू की खेती में लगी लागत न निकल पाने के कारण क्षेत्र के किसान मायूस हैं। बदांयू जिले के किसान साल में आलू की दो फसलें तैयार करते हैं। मौसम के अनुरूप अगेती फसल की बोआई सितंबर से अक्तूबर में होती है और खोदाई दिसंबर से जनवरी तक हो जाती है।वहीं पिछेती फसल दिसंबर में बोई जाती है और मार्च, अप्रैल के अंत तक तैयार होती है। इस समय अगेती फसल की खोदाई चल रही है।

### मशीन लदा ट्रेलर फाटक के एंगल में फंसने से बरेलीऽमथुरा हाईवे पर लगा दो किमी लम्बा जाम

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बरेली मथुरा हाइवे पर स्थित छतुईया रेलवे कृषिग पर उस अफरा तफरी मच गयी, जब मशीन लदा एक ट्रेलर फाटक के बूम में फंस गया। 112 पुलिस की मदद से ट्राले के पहियों की हवा निकालकर करीब 4:10 बजे ट्राला निकाला गया। गनीमत रही कि उस वक्त रेलवे ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं थी, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

### बच्चों ने सीखा अनुशासन, सेवा, नेतृत्व एवं तम्बू का निर्माण

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। म्याऊ के गंगाधर पाठक बाल विद्या मंदिर में आयोजित त्रिदिवसीय स्काउट प्रशिक्षण शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। शिविर में बच्चों ने तंबुओं का शहर बसाकर अनुशासन, सेवा और नेतृत्व कौशल का अभ्यास किया। मुख्य अतिथि सुरभित पाठक ने कहा कि युवा अपनी छिपी क्षमताओं को पहचानकर सृजन और राष्ट्रहित में लगाएं। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने युवाओं से पवित्र आचरण व अनुशासित जीवन अपनाने की अपील की। प्रतियोगिताओं में स्काउट वर्ग की चंद्रशेखर आज़ाद टोली और गाइड वर्ग की रानी लक्ष्मीबाई कंपनी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर ऑल ओवर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। समापन अवसर पर विजेता टोलियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

### राम-केवट प्रसंग सुन भावविभोर हुए भक्त

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिसौली क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया के मैदान में चल रही राम कथा के छठे दिन कथा व्यास प्रेममूर्ति पंकज मिश्र ने राम वनवास व केवट संवाद का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि दूसरों की मर्यादा की रक्षा से ही अपनी मर्यादा सुरक्षित रहती है। केवट प्रसंग के माध्यम से भगवान राम द्वारा मर्यादा, विनम्रता और करुणा का संदेश दिया गया। कथा में करुण रस को रामायण का मुख्य भाव बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### जौनपुर में कड़ाके की सर्दी से जनजीवन बेहाल, न्यूनतम तापमान 9 डिग्री

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में कड़ाके की सर्दी की वजह से जनजीवन बेहाल है। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

राज्य मौसम केंद्र के प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि इस दौरान आर्द्रता 81 प्रतिशत रही, जबकि वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 84 दर्ज किया गया। हवाएं 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। शुक्रवार को भी जिले का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शनिवार को मौसम में गिरावट आई हैं। उन्होंने आसमान में बादल छाए रहने और अधिकतम व न्यूनतम तापमान में और कमी आने की संभावना जताई है। मौसम के इस परिवर्तन से लोग घरों में दुबके हुए और अलावा का सहारा ले रहे हैं। वहीं, सर्दी के कारण किसानों को फसलों की सिंचाई करने और पशुओं की देख-रेख में भी सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कोहरे में चोर हुए सक्रिय घर के बाहर से बाइक चोरी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर की अशोक कॉलोनी मे चोरों ने बुधवार शाम को एक घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी कर ली जब व्यक्ति बाइक लाक कर घर में गया था धीरज ने बताया कि वह अपने बाइक नंबर यूपी 93उड्ड 4978 घर से अपने दोस्त के घर आया था उसने घर के बाहर बाइक लगा दिया और खुद घर में चला गया कुछ समय के बाद ही जब वह बाहर आया तो उस का बाइक चोरी हो चुका था उसने आस-पास देखा लेकिन कोई पता नहीं चला तो पुलिस को शिकायत दी पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है ।

# दहेज प्रताड़ना व दूसरी शादी का आरोप पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। मोहल्ला साहूकारा लाइनपार निवासी शिल्पी सक्सेना पत्नी विशाल सक्सेना ने शनिवार दोपहर एक बजे कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी साहूकारा लाइनपार निवासी विशाल सक्सेना के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद पति के अलावा सास, ननद सहित अन्य ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने को लेकर उसे ताने देने लगे।

पीड़िता के अनुसार, जब उसने इसका विरोध किया तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। शिल्पी ने बताया कि वह उस समय करीब पांच माह की गर्भवती थी। आरोप है कि लगातार प्रताड़ना और मारपीट के चलते उसका गर्भपात हो गया। इस घटना से वह पूरी तरह टूट गई। पीड़िता का कहना है कि जब उसने इस संबंध में पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो ससुराल पक्ष के लोगों ने कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों के माध्यम से आपसी समझौता करा दिया। इसके बाद वह अपने पति के साथ रहने लगी। हालांकि कुछ समय बाद हालात फिर बिगड़ गए। आरोप है कि अब उसका पति उसे छोड़कर चला गया और ससुराल वालों ने उसकी दूसरी शादी कर दी।जब पीड़िता को पति की दूसरी शादी की जानकारी मिली तो उसके होश उड़ गए। उसने बताया कि वह पिछले लगभग छह माह से कोतवाली के चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई न होने से वह मानसिक रूप से काफी परेशान है। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि उसके मामले की निष्पक्ष जांच कर ससुराल पक्ष व पति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उसे न्याय मिल सके।

# आज फाइनल क्रिकेट प्रतियोगिता का मुकाबला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चन्दौसी। चन्दौसी इंटर कॉलेज,चन्दौसी के मैदान पर खेले जा रहे स्व बाबू ब्रज किशोर गुप्ता जी की स्मृति में होने वाले सी आई सी कप क्रिकेट चैंपियनशिप के 13 वें संस्करण के तीसरे दिन दो सेमि फाइनल मुकाबले खेले गए। आज के मैच का प्रारम्भ राष्ट्रीय अनुसूचित जाती आयोग के पूर्व कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी तथा प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार द्वारा क्रिकेट खेलकर किया गया। इससे पूर्व सामूहिक रूप से राष्ट्र गान गाया गया,ततपश्चात मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

आज का पहला सेमि फाइनल मैच सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व चन्दौसी इंटर कॉलेज चन्दौसी के बीच हुआ।चन्दौसी इंटर कॉलेज ने टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी की ओर निर्धारित 12 ओवर में 99 रन पर आ आउट हो गयी।जिनमें करन ने 35,बॉबी ने 15 व हर्षित ने 12 रनों का योगदान दिया।नरौली की ओर से अयान ने 4,अशीम ने 3,तथा जुबेर व नैतिक ने 1,1 विकेट लिया।जवाब में बल्लेबाजी करने आई नरौली की टीम ने 11 वें ओवर में 3 विकेट खोकर 100 रन बना कर मैच जीत लिया और फाइनल में जगह बनाई।नरौली की तरफ से पीयूष ने 53 व रवि ने 22 रन बनाए।चन्दौसी इंटर कॉलेज की ओर से मुकेश व हर्षित ने 1,1 विकेट लिया।इस मैच में पीयूष को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।इन्हें वरिष्ठ एम्पायर राजू बनर्जी द्वारा मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई।

दूसरा सेमीफाइनल एफ आर इंटर कॉलेज व सिल्वर स्टोन कॉलेज के बीच खेला गया। इस मैच में टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एफ आर इंटर कॉलेज की टीम ने 12 ओवर में 5 विकेट पर 157 रन बनाए।एफ आर की ओर से मलिक ने 63,रेहान ने 50,तथा उरूज़ व अली ने 12, 12 रन अर्जित किये।सिल्वर स्टोन की ओर से रेहान व दीपेश ने 2, 2 विकेट लिए।158 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिल्वर स्टोन की टीम 12 ओवर में 8 विकेट पर 119 रन ही बना सकी ।सिल्वर स्टोन की ओर से रेहान ने 35,अनुज ने 11 व दीपेश तथा कुणाल ने 9, 9 रन बनाए।एफ आर की ओर से मलिक ने 3,अरकान ने 2, तथा उवैद व रेहान ने 1, 1 विकेट लिया।इस प्रकार एफ आर इंटर कॉलेज ने मैच 38 रनों से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।इस मैच में मलिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया।इन्हें सी डी ओ सम्भल के स्टेनो सुनील कुमार द्वारा ट्रॉफी प्रदान की गई।

आज के मैचों में एम्पायर के रूप में राजू बनर्जी,शशांक वार्ष्णेय व बंटी राणा रहे।स्कोरिंग गौरव,दीपेंद्र,करन व बॉबी ने तथा कमेंट्री बृजेन्द्र प्रसाद तिवारी व नरेंद्र कुमार ने की।टूर्नामेंट रेफरी व टीम कोच के रूप में अश्वनी शर्मा, टीम मैनेजर के रुप में चंद्रकांत रहे। नरौली के कोच चन्द्र प्रकाश,एफ आरके प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन जी व सिल्वर स्टोन के कोच जगजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

आज के मैचों के दौरान ,राशिद खान, चन्दौसी इंटर कॉलेज का समस्त स्टाफ मनोज कुमार गुप्ता, हरिओम शर्मा, अजय गुप्ता, प्रभुनाथ राम, संजीव वार्ष्णेय, राजकुमार, संजय रस्तौगी, भगवानदास, सुमित कुमार, विजेंद्र सिंह, डब्बू, व राजकुमारी के अतिरिक्त शहर के अनेक गणमान्य लोग तथा बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी दर्शक रहे।

मैचों के अंत में चन्दौसी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सरदार सिंह इंटर कॉलेज नरौली व एफ आर इंटर कॉलेज चन्दौसी के बीच साढ़े 10 बजे से खेला जाएगा।

# लावेला चौराहे से कचहरी मार्ग हुआ रोशन डिवाइडर लाइट का हुआ उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। नए साल 2026 पर नगर पालिका परिषद की चेयरमैन फात्मा रज़ा ने शहरवासियों को बड़ी सौगात दी है। लावेला चौराहे से महाराणा प्रताप चौक (कचहरी मार्ग) तक डिवाइडर पर एलईडी एवं तिरंगा लाइट लगवाकर पूरे मार्ग को जगमगा दिया गया है। इस प्रकाश व्यवस्था का उद्घाटन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया।उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व मंत्री आबिद रज़ा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन फात्मा रज़ा ने की। दोनों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं बटन दबाकर डिवाइडर लाइट का शुभारंभ किया। लाइट जलते ही पूरा मार्ग रोशनी से नहा उठा। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने बताया कि लावेला चौराहे से कचहरी मार्ग तक रात के समय अंधेरा रहने से राहगीरों को काफी परेशानी होती थी और कई बार लोग डिवाइडर से टकरा जाते थे। इस जनसमस्या को देखते हुए उन्होंने चेयरमैन फात्मा रज़ा से डिवाइडर लाइट लगवाने का अनुरोध किया था, जिसे चेयरमैन ने तुरंत स्वीकार किया। नगर पालिका द्वारा इस मार्ग पर 30 ऑक्टागोनल सिंगल आर्म पोल लगाए गए हैं, जिन पर एलईडी के साथ तिरंगा लाइट भी लगाई गई है। इस परियोजना पर करीब 15 लाख रुपये की लागत आई है। प्रकाश व्यवस्था होने से स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने राहत की सांस ली और इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने चेयरमैन फात्मा रज़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जिस भरोसे के साथ उन्हें चुना है, वे उसी विश्वास के साथ शहर के विकास कार्य कर रही हैं। चेयरमैन फात्मा रज़ा ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य बदायूं शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर बनाना है। आने वाले समय में अन्य प्रमुख मार्गों पर भी प्रकाश व्यवस्था, सड़क सुधार और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाएंगे। कार्यक्रम में सभासद अनवर खां, नवैद खां, रवि, श्याम पाल सिंह, उमा शंकर, हारून गौस, मुकेश साहू, अबरार अहमद, मनोज कश्यप, गिरीश शुक्ला, मनोज चंदेल, कार्यालय अधीक्षक सूर्य प्रकाश सक्सेना सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# पागल कुत्ते का आतंक लोगों व पशुओं को काटने से हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव पटिहन में एक पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। कुत्ते द्वारा लगातार लोगों और पशुओं पर हमला किए जाने से गांव में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि अब तक लगभग आधा दर्जन लोग और कई पशुओं को काट चुका हैं। गांव पटिहन निवासी रामचन्द्र और छोटेलाल तथा गढ़ाकला निवासी मंशाराम ने बताया कि उन तीनों पर एक ही कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार कुत्ता बेहद आक्रामक अवस्था में है और बिना किसी उकसावे के राह चलते लोगों व पशुओं पर झपट्टा मार रहा है। गढ़ाकला निवासी मंशाराम ने शनिवार दोपहर एक बजे बताया कि वह गांव के पास से गुजर रहे थे, तभी अचानक कुत्ते ने उन पर हमला कर दिया और काट लिया। किसी तरह आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें बचाया गया।वहीं पटिहन निवासी रामचन्द्र ने बताया कि उक्त कुत्ता पागल प्रतीत हो रहा है और गांव में लगातार घूमते हुए लोगों को निशाना बना रहा है। अब तक गांव के लगभग आधा दर्जन लोग उसके हमले में घायल हो चुके हैं, जबकि कई मवेशियों को भी कुत्ते ने काट लिया है। घटना के बाद से ग्रामीण अपने बच्चों और पशुओं को घरों में ही रखने को मजबूर हैं। फिलहाल घायलों को उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लाया गया है।

# मुरादाबाद जिले में 7385 शिक्षक मतदाता बने




एजेंसी

मुरादाबाद। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य निर्वाचन हेतु मुरादाबाद जिला प्रशासन 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम करेगा। मुरादाबाद जिले में 7385 शिक्षक मतदाता इस बार बनाए गए हैं। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मुरादाबाद और बरेली मंडल के 9 जनपदों के शिक्षक मतदाता मतदान करते हैं।

जिला उप निर्वाचन अधिकारी और अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम ने शनिवार को बताया कि शिक्षक एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र बरेली-मुरादाबाद के लिए मुरादाबाद जनपद में दावे और आपत्तियों का निस्तारण लगभग पूरा कर लिया है। इस मामले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा।

एडीएम प्रशासन ने आगे बताया कि मुरादाबाद सदर तहसील क्षेत्र से 4590 शिक्षक मतदाता, कांठ तहसील क्षेत्र के 957, ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के 959 और बिलारी तहसील क्षेत्र के 879 मतदाता शामिल है सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारी पूरी कर ली गई है।

# एकीकृत बागवानी मिशन : औरैया के किसान ने स्ट्राबेरी की खेती कर बढ़ाई आय

एजेंसी



औरैया। उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया के प्रगतिशील किसान अब परंपरागत खेती छोड़कर हाई वैल्यू फसलों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत स्ट्राबेरी की खेती कर किसान अपनी आय को कई गुना बढ़ा रहे हैं। विकास खंड भाग्यनगर के ग्राम रानीपुर निवासी प्रगतिशील किसान राम गोविन्द शुक्ला इस परिवर्तन के सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं। राम गोविन्द शुक्ला ने उद्यान विभाग के मार्गदर्शन एवं मिशन योजना के अंतर्गत प्राप्त अनुदान से आधुनिक तकनीक अपनाते हुए लगभग 2 एकड़ क्षेत्रफल में स्ट्राबेरी की खेती प्रारंभ की। उन्होंने ह्लपर ड्रॉप मोर क्रॉपङ्क माइक्रो इरीगेशन योजना के तहत ड्रिप सिंचाई एवं मल्चिंग तकनीक का प्रयोग किया, जिससे उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। किसान राम गोविन्द शुक्ला ने बताया कि स्थानीय बाजार में स्ट्राबेरी की मांग अधिक है और उन्हें 300 से 350 रुपये प्रति किलो की दर से बिक्री आसानी से हो जाती है। वे हर दूसरे दिन 10 से 12 हजार रुपये की आमदनी कर रहे हैं। उनका अनुमान है कि मात्र 6 माह में 8 से 12 लाख रुपये की शुद्ध बचत होगी।

इस सफल प्रयोग की वास्तविकता देखने के लिए सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग लखनऊ व जनपद नोडल अधिकारी गुर्राला श्रीनिवासुलु, जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों ने कृषक प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। अधिकारियों ने किसान के प्रयासों की सराहना करते हुए अन्य किसानों को भी उद्यानिकी फसलों को अपनाने की सलाह दी। जिलाधिकारी एवं नोडल अधिकारी ने कहा कि उद्यानिकी फसलें कैश क्रॉप हैं, जिन्हें अपनाकर किसान अपनी आय को दो से तीन गुना तक बढ़ा सकते हैं। मिशन योजना के अंतर्गत किसान द्वारा 0.25 हेक्टेयर में पपीता की खेती भी की गई है, जिसमें चना की इंटरक्रॉपिंग की जा रही है। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि स्ट्राबेरी की खेती पर प्रति हेक्टेयर लगभग 2 लाख रुपये की लागत आती है, जिस पर शासन द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान दो किश्तों में दिया जाता है। एक एकड़ में किसान को लगभग 6 लाख रुपये की शुद्ध बचत संभव है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में जनपद औरैया में स्ट्राबेरी खेती का 2 हेक्टेयर लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके तहत अब तक तीन किसानों का चयन किया गया है। कृषि भ्रमण के उपरांत जनपद नोडल अधिकारी ने ग्राम सेहुद में टीडीए मॉडल से निर्माणाधीन मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के साथ बहुउद्देशीय हाल निर्माण, पेड़ों की सुरक्षा तथा नए पौधारोपण के निर्देश दिए।

# पसका संगम मेला का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के परसपुर स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के ल्लपसका संगम मेलाङ्क के आ योजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का गह नता से अवलोकन किया तथा मौके पर उप स्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि मेला अवधि के दौरान यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा अपनी-अपनी जिम्मेदा रियों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करें।उन्होंने विशे ष रूप से साफ-सफाई,पेयजल व्यवस्था, शौचा लय,विद्युत आपूर्ति, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अग्निशमन व्यवस्था को सु



दृढ़ रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से साफ-सफाई कराए जाने, कूड़ेदान की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए।साथ ही उन्होंने स्वा स्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, एंबुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की समुचित व्यवस्था मेला स्थल पर उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। जिलाधिकारी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए तथा भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए।श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथ मिकता होनी चाहिए।इसके साथ ही विद्युत वि भाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर ने एवं लोक निर्माण विभाग को अस्थायी मरम्म त कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को नि र्देशित किया कि वे निरंतर क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहें तथा श्रद्धा लुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथ मिकता देते हुए मेले का सफल आयोजन सुनि श्चित करें।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधि कारी महेश प्रकाश,उपजिलाधिकारी करनैल गंज नेहा मिश्रा खंड विकास अधिकारी परसपुर सुशील कुमार पांडेय सहित,पंचायती राज विभा ग, पुलिस,स्वास्थ्य,विद्युत, जल निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचा रीगण उपस्थित रहे।

# चेयरमैन व सभासदों की मौजूदगी में नगर पालिका में कंबल वितरण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कड़ाके की ठंड और लगातार गिरते तापमान को देखते हुए नगर पालिका परिषद नानपारा द्वारा शनिवार को नगर पालिका परिसर में जरूरतमंद, गरीब, असहाय एवं निराश्रित लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नानपारा के चेयरमैन अब्दुल वहीद ने स्वयं मौजूद रहकर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए और उन्हें ठंड से राहत प्रदान की। चेयरमैन अब्दुल वहीद ने कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों की सहायता करना नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण के साथ-साथ नगर क्षेत्र में रैन बसेरे की भी समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि खुले में रहने वाले लोगों को रात के समय सुरक्षित और गर्म स्थान उपलब्ध कराया जा सके। आवश्यकता पड़ने पर इन व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं सभासद मौजूद रहे। कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत दिखाई दी।

# दबंगों ने तालाब व ग्राम समाज की बंजर भूमि पर किया अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंड़ा । सदर तहसील क्षेत्र के झंझरी ब्लॉक के गाँव में दबंगों ने तलाब और ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा का और उक्त जमीन पर लगे कीमती पेड़ को काट लेने का मामला सामने आया है।ग्राम प्रधान सुनीता देवी ने इसकी शि कायत तहसील प्रशासन से की है।आरोप लगा या है कि ग्राम पंचायत चकसड़ में तालाब व ग्रा म समाज की बंजर भूमि पर दबंगों ने पूर्व नियो जित तरीके से अवैध कब्जा लिया है।प्रधान सु नीता का कहना है कि गांव में सार्वजनिक उप योग की भूमि है एवं राजस्व अभिलेखों में बंजर भूमि रूप में



दर्ज है जिस पर कई कीमती पेड़ लगे हुए थे जिसको दबंगों ने काट लिए हैं।इस को जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेकर इस मामले को लेकर राजस्व टीम को निर्देशित किया है कि मौके पर जाकर तत्काल जांच करा कर पूरे मा मले की जांच रिपोर्ट मांगी एसडीएम ने कानून गो के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर जांच करा ई लेकिन जांच में राजस्व टीम ने जिलाधिकारी को भी गुमराह कर दिया और जांच रिपोर्ट संद र्भ संख्या 40018325010966 में भी राज स्व टीम ने डीएम को गुमराह कर दिया गया हैं और जांच रिपोर्ट के संदर्भ संख्या के आधार प र राजस्व टीम ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर ग्राम पं चायत देवरिया कला की रिपोर्ट चकसड़ ग्राम पंचायत में रिपोर्ट लगा दी गई है।

## प्रतापगढ़ः सड़क हादसे में मोटर साइकिल सवार की मौत

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, कंधई थाना क्षेत्र में लोहंगपुर के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मारा। हादसे में बाइक सवार दीवान का पुरवा निवासी शनि हरिजन की मौत हो गई। वहीं, बाइक सवार युवक रोहित गंभीर रुप से घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल की हालत नाजुक होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

# सीमावर्ती युवाओं को मिला तकनीकी प्रशिक्षण, 59वीं वाहिनी एसएसबी ने किया कार्यक्रम का समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। एसएसबी 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, नानपारा द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के ग्राम लौकाही में आयोजित 15 दिवसीय इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के कुल 15 युवाओं ने सहभागिता की और इलेक्ट्रिशियन कार्य से संबंधित आवश्यक तकनीकी एवं व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कैलाश चंद रमोला, कमांडेंट, 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विद्युत सुरक्षा मानकों, घरेलू एवं व्यावसायिक वायरिंग, विद्युत उपकरणों की स्थापना, मरम्मत तथा रखरखाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस कौशल विकास प्रशिक्षण से युवाओं में तकनीकी दक्षता का विकास हुआ, जिससे उन्हें स्वरोजगार के अवसर, स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्ति, आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं दैनिक जीवन में विद्युत संबंधी समस्याओं



के समाधान की क्षमता प्राप्त हुई। प्रशिक्षण समापन अवसर पर कार्यवाहक कमांडेंट पंकज कुमार ठाकुर, द्वितीय कमान अधिकारी तथा विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती श्रद्धा शुक्ला, प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक नानपारा ने सभी प्रशिक्षित युवाओं को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा भविष्य में भी सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं के लिए ऐसे जनकल्याणकारी एवं कौशल विकास कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# बहराइच की 647 वीएचएसएनसी को किया जा रहा सशक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत टाकेडा फार्मा के सहयोग से ममताऽहेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड द्वारा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों (वीं एच एस एन सी) को सशक्त बनाने हेतु सशक्त गाँवऽविकसित राष्ट्र परियोजना का सफल संचालन किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से (वीं एच एस एन सी) सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण से संबंधित कार्यों के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। परियोजना के जिला समन्वयक आदर्श मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह परियोजना जनपद बहराइच के सात विकास खंडों–शिवपुर, बलहा, नवाबगंज, मिहींपुरवा, रिसिया, चितौरा एवं हुजूरपुर–में संचालित की जा रही है। परियोजना के अंतर्गत कुल 647 ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता



एवं पोषण समितियों को सशक्त किया जा रहा है, जिससे ये समितियाँ गाँव स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा सकें। इसी क्रम में नवाबगंज, मिहींपुरवा एवं रिसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, शिवपुर एवं चितौरा ब्लॉक सभागार तथा बलहा व हुजूरपुर ब्लॉक में एक दिवसीय (वीं एच एस एन सी) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ग्राम प्रधान, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, सफाईकर्मी, ग्राम पंचायत सदस्य सहित अन्य संबंधित हितधारक सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान फ्लैश कार्ड, साँप-सीढ़ी खेल, पज़ल गेम एवं प्रॉब्लम ट्री जैसी सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से (वीं एच एस एन सी) की भूमिका, दायित्व एवं कार्यप्रणाली को सरल एवं रोचक तरीके से समझाया जा रहा है। साथ ही ग्राम स्तर पर आंकड़ों के संधारण हेतु डैशबोर्ड भरने, जन्म एवं मृत्यु रजिस्टर, कैशबुक रजिस्टर, मासिक बैठक रजिस्टर तथा वार्षिक ग्राम स्वास्थ्य कार्ययोजना रजिस्टर के उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है, जिससे ग्राम स्तर की सभी गतिविधियों का सुव्यवस्थित अभिलेखीकरण सुनिश्चित हो सके।प्रशिक्षण में शामिल सेवा प्रदाताओं एवं प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया तथा कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से गाँवों में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण से जुड़े कार्यों को मजबूती मिलेगी और विकास की गति और तेज होगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक निर्मल शुक्ला, चंदरेश्वर पाठक, संदीप त्रिवेदी, गायत्री वर्मा सहित परियोजना टीम के सदस्य देवेन्द्र कुमार, अंजली दीक्षित, गौतम कुमार, आनंद शुक्ला एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# श्रावस्ती जनपद के दल ने बहादुरपुर की ग्राम पंचायतों का किया एक्सपोजर विजिट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास खण्ड बहादुरपुर की माडल ग्राम पंचायतों के एक्सपोजर विजिट में जनपद श्रावस्ती के विभिन्न विकास खण्डों से एडीओ पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, कंसल्टिंग इंजीनियर व जनपद के जिला सलाहकार व ब्लॉक कोआर्डिनेटर ने जमीनी हकीकत जांची और विभिन्न योजनाओं से कराये गये विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया।क्षेत्र बहादुरपुर की ग्राम पंचायत जमालपुर रामपुर के पंचायत भवन अभिलेखों का रख रखाव अमृत सरोवर का विजिट किया जिसके बाद ग्राम पंचायत ब्राह्मणी का विजिट किया और एसएलडब्ल्यूएम के स्वच्छता कार्यों को देखने बाद ऑफिस मैनजमेंट व ओएसआर सृजित करने से लेकर अन्य कार्यों को देखा जिसके बाद ग्राम पंचायत सराय महेशा का किया स्थायील भ्रमण जहां पर आफिस मैनजमेंट अभिलेखों के रख रखाव व ग्राम पंचायत के कार्यों जिसमे पंचायत ओएसआर, एसएलडब्ल्यूएम के कार्यों आरआरसी संचालन, गांव में बने सोक पिट,



कम्पोस्ट पिट, फिल्टर चैंबर, सिल्ट कैचर आदि के साथ सामुदायिक शौचालय संचालन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वीएलई द्वारा दी जाने वाली अन्य सेवाओं को देखा गया।जिसके बाद ग्राम पंचायत बहादुरपुर में निर्मित पीडब्ल्यूएमसी का स्थलीय भ्रमण भी किया गया। इस मौके पर जनपद अमेठी के जिला सलाहकार आर पी सिंह विकास खण्ड बहादुरपुर के एडीओ पंचायत अनिल कुमार सिंह, पंचायत सचिव प्राची साहू, प्रदीप कुमार पटेल, दिलीप कुमार सिंह, संदीप पाल,ओंकार सिंह,आदित्य कुमार पाल,अलोक कुमार यादव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# मां की पुण्यतिथि पर 1200 जरूरतमंदों को बांटे कंबल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जयसिंहपुर/सुल्तानपुर। जिले के जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के खोजापुर उपती गांव में शनिवार को एक कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सिद्धार्थ सिंह द्वारा अपनी माता स्व. किरन सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में आयोजित किया गया। इसमें कुल 1200 जरूरतमंदों और असहायों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ दोस्तपुर ब्लॉक प्रमुख प्रातेश सिंह 'बंटी' ने किया। उन्होंने आसपास के गांवों से आए जरूरतमंदों को कंबल वितरित कर इस सेवा कार्य की शुरुआत की। मुख्य अतिथि बंटी सिंह ने आयोजक सिद्धार्थ सिंह की सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि असहाय और जरूरतमंदों की सेवा करना एक नेक कार्य है और ठंड के मौसम में कंबल वितरण करना सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन सुभाष सिंह फौजी ने किया। समापन



अवसर पर आयोजक सिद्धार्थ सिंह ने उपस्थित सभी अतिथियों और जन समुदाय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिव नायक सिंह, राम नायक सिंह और भाजपा नेता विवेक सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसटीएफ बनकर चांदी का सिक्का लूटने वाला पीआरडी जवान 16 दिन बाद भी फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में फर्जी एसटीएफ का अधिकारी बनकर चांदी से भरा कलश लूटने के मामले में सोलह दिन बाद भी फरार लुटेरा आरोपी पीआ रडी जवान प्रदीप कुमार तिवारी और जेसीबी चालक गोलू पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं देहा त कोतवाली पुलिस की पकड़ से अभी तक दो नों आरोपी दूर है।पुलिस अभी तक लूटे गए 78 चांदी के सिक्कों को भी बरामद नहीं कर पाई है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आरो पियों की गिरफ्तारी के लिए कई बार निर्देश दि ए हैं,लेकिन देहात कोतवाली पुलिस उन्हें पकड़ ने में विफल साबित हों रही है।इससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।फरार पीआरडी जवान प्रदीप कुमार तिवारी के खिलाफ पीआर डी विभाग ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। बिना छुट्टी के गायब रहने पर उन्हें ड्यूटी पर लौटने का निर्देश दिया गया है। ड्यूटी ज्वाइन न करने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने भी प्रदीप कुमार तिवारी की गिरफ्तारी के लिए बीस से अधिक स्थानों पर दबिश दी है, लेकिन दोनों आरोपी अभी भी फरार हैं।देहात



कोतवा ल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस ज ल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। उन्होंने कहा कि मामले में कुछ महत्वपूर्ण सुरा ग मिले हैं और तकनीकी व मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। पुलिस गायब 78 चांदी के सिक्कों को भी बरामद करने का प्रयास कर रही है।फरार आरोपियों की परिज नों को भी निर्देश दिया गया है कि दोनों आरोपी जो फरार चल रहे हैं वह अगर उनके संपर्क में आते हैं तो वह जल्द से जल्द अपने आप को पुलिस के हवाले कर दें नहीं तो अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## सात जनवरी को होंगी महिला उत्पीड़न मामलों की सुनवाई...

गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता । प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से सात जनवरी को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम सुबह 11 बजे से सर्किट हाउस में आयोजित होगा।जनसुनवाई के उप रांत आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। गोंडा में महिला आयोग की सदस्या ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा।सभी पीड़ित महि लाएं जनसुनवाई में अपनी बात रख सकती है। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित पु लिस अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। आयोग का यह प्रयास महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण, प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## आआपा सांसद संजय सिंह की आचार संहिता मामले में सुनवाई 16 जनवरी

सुलतानपुर । उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में आम आदमी पार्टी (आआपा) के सांसद संजय सिंह से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन मामले की शनिवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में गवाह से जिरह के बाद मामले की अगली सुनवाई अब 16 जनवरी को होगी। पंचायत चुनाव 13 अप्रैल 2021 के दौरान बंधुआकलां थाने के हसनपुर गांव में बिना अनुमति के एक सभा आयोजित की गई थी। यह सभा जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के समर्थन में हुई थी। पुलिस ने इस संबंध में आआपा नेता संजय सिंह सहित 12 नामजद और 45 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी और जगदीश यादव सहित कुल 11 लोगों को आरोपित बनाया था। इस मामले में अन्य आरोपियों ने पहले ही जमानत प्राप्त कर ली थी। संजय सिंह के लगातार गैरहाजिर रहने के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। जुलाई 2024 में उन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद उन्हें 20 हजार रुपये के दो जमानत मुचलके और निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा किया गया था।

# घर-घर नीले-हरे डस्टबिन वितरित

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान तेज,गीलें कचरे के उपयोग के बारें में जानकारी दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता अभियान को गति मिली है नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता और रोटरी क्लब के सदस्यों के नेतृत्व में नगर पालिका की टीमें पिछले दो दिन से घर-घर नीले और हरे रंग के डस्टबिन वितरित कर रही हैं यह अभियान केवल डस्टबिन वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि कचरा प्रबंधन के प्रति व्यापक जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है नगर पालिका ने अधिक अधिक घरों तक पहुँचने का लक्ष्य रखा है टीमें प्रतिदिन 200 से 250 घरों तक डस्टबिन पहुँचा रही हैं प्रत्येक घर को दो डस्टबिन दिए जा रहे हैं नीला डस्टबिन गीले कचरे (जैसे सब्जी के छिलके और भोजन अवशेष) के लिए है, जबकि हरा डस्टबिन सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज और धातु के लिए निर्धारित किया गया है टीम के सदस्य घर-घर जाकर निवासियों को कचरे के सही निपटान के बारे में समझा रहे हैं उन्हें बताया जा रहा है कि गीला कचरा खाद बनाने योग्य है, जबकि सूखे कचरे को पुनर्चक्रित किया जा सकता है नगर पालिका ने लोगों से अपील की है कि वे कचरा सड़कों या नालियों में न फेंकें, बल्कि अलग-अलग डस्टबिन में रखकर सफाई कर्मचारियों को सौंपें अधिशासी अधिकारी एजाज अहमद ने बताया कि यह अभियान नगर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है उन्होंने कहा, ''स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए यह कदम आवश्यक है।'' इस पहल के तहत नगर पालिका ने अपने सफाई कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया है कार्यक्रम में विधायक बाबूराम पासवान,नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, समाजसेवी पीयूष गुप्ता उर्फ सोनू आर्य,रोटरी क्लब अध्यक्ष नीरज गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष डॉ. दिनेश गुप्ता,समाजसेवी संदीप खंडेलवाल, वार्ड सभासद गौरव जायसवाल, वार्ड सभासद अनुज गुप्ता, राजेश रस्तोगी, नीरज गुप्ता,विवेक तिवारी, सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे कार्यक्रम में सोशियोवाइटल नेटवर्क की टीम ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# 1.16 लाख गन्ना किसानों से 106.90 लाख कुंतल हो चुकी गन्ना खरीद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।गन्ना भवन पीलीभीत में खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत की अध्यक्षता मे गन्ना क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चीनी मिलों के गन्ना खरीद, चीनी उत्पादन, चीनी पर्ता,क्रय केंद्र निरीक्षण एवं बसंतकालीन गन्ना बुआई की चर्चा की गई। वर्तमान में सभी चीनी मिले गन्ना पेराई का कार्य कर रही हैं। प्रतिदिन 2 लाख 09 हजार कुंतल गन्ना खरीद की जा रही है। अब तक 1.16 लाख कृषकों से 106.90 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल द्वारा 64.01 लाख कुंतल, बरखेड़ा चीनी मिल द्वारा 26.74 लाख कुंतल, बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 7.10 लाख कुंतल, पूरनपुर चीनी मिल द्वारा 8.15 लाख कुंतल गन्ना खरीद की जा चुकी है। पीलीभीत चीनी मिल द्वारा 24 दिसंबर 2025 तक खरीदे गए गन्ने का 210.36 करोड़ गन्ना मूल्य भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया गया है। इसी प्रकार बीसलपुर चीनी मिल द्वारा 7 दिसंबर 2025 तक क्रय किए गए गन्ने का 8.02 करोड़ रुपए एवं चीनी मिल पूरनपुर द्वारा 2 दिसंबर 2025 तक क्रय किए गए गन्ने का 9.50 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान कृषकों के खाते में भेज दिया गया है। इस प्रकार जनपद की तीन चीनी मिलों द्वारा 227.08 करोड़ रुपए का भुगतान 79972 गन्ना किसानों के खाते में भेजा जा चुका है। सी आई सी बैठक में जनपद की चारों चीनी मिलो के 232 तौल लिपिकों का ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम द्वारा पाक्षिक स्थानांतरण किया गया।जिसकी प्रति सभी चीनी मिल प्रतिनिधियो को उपलब्ध कराते हुए निर्देश दिए गए कि वह लॉटरी सिस्टम से नियुक्त तौल लिपिकों के माध्यम से ही तौल कार्य कराएं। मिनिस्ती एस. आयुक्त,गन्ना एवं चीनी उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित किया गया है कि सभी गन्ना तौल लिपिकों का पाक्षिक स्थानांतरण ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम से किया जाये द्य किसी भी तौल लिपिक की नियुक्ति मैन्युअल न की जाये द्य जिला गन्ना अधिकारी द्वारा सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए गए की वह क्रय केंद्रों का निरंतर निरीक्षण करते रहे। यदि कही पर भी कोई अनियमितता पाई जाती है तो उसकी सूचना कार्यालय को दे। सभी क्रय केन्द्रो पर पेयजल, पशुओ के पानी पीने के लिए नाद, मानक बाँट का होना अनिवार्य है। बैठक में दिग्विजय सिंह, अध्यक्ष गन्ना समिति, पीलीभीत, राजेश सिंह, बीसलपुर गन्ना समिति, के. बी. शर्मा अधिशाषी उपाध्यक्ष गन्ना पीलीभीत चीनी मिल, वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक चीनी मिल बरखेड़ा, सचिव पीलीभीत, बीसलपुर, मझोला, एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, पीलीभीत, बीसलपुर,बरखेड़ा, खांड़सारी निरीक्षक पीलीभीत एवं चीनी मिल गुलरिया, निगोही, फरीदपुर, मकसूदापुर के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया है।

# हिन्दू धर्म सबको जोड़ने वाला धर्म है : मुकेश आनंद जी महाराज

## गौरीगंज खण्ड के मऊ मण्डल में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,गौरीगंज खण्ड के मऊ मण्डल में हिन्दू सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक मुकेश आनंद जी महाराज ने कहा कि हिन्दू धर्म को विश्व को जोड़ने वाला धर्म बताया जिसमें पूरे विश्व के कल्याण की बात की जाती है। हिन्दू सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक मुकेश आनंद जी महाराज ने कहा कि ने हिंदू क्या है विश्व को जोड़ने वाला मात्र एक ही धर्म है वो है हिंदू धर्म, क्योंकि जब हिन्दू मंदिर में भगवान की आरती के बाद जयकारा लगाता है तो कहता है धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्रणियों में सद्भावना हो और अंत में कहता विश्व का कल्याण हो। अतः एकमात्र हिंदू धर्म ही है जो पूरे विश्व के कल्याण की बात करता है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक सुभाष जी ने कहा कि आजकल हिंदू परिवारों में मियां बीवी व हसबैंड वाइफ का प्रचलन शुरू हो गया है इसलिये तलाक व विवाह विच्छेद हो रहे हैं जिस दिन हिन्दू धर्म पति पत्नी कहना शुरू कर देंगे उस दिन से तलाक व विवाह विच्छेद बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि हम सब के पुरखे हिन्दू ही थे इसलिए हम सब हिंदू हैं। भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेज प्रताप सिंह ने किया।कार्यक्रम के समापन पर भारत माता की आरती के साथ हुआ जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रचारक पवन जी, सुधाकर सिंह, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, राम प्रसाद मिश्र, उमाशंकर पाण्डेय, शशांक शुक्ल, दलजीत सिंह, अजय अग्रवाल, दिव्यांश मिश्र , करूणेश अग्रहरि, विषुव मिश्रा, श्रीकर , अरूण, कबीर सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता का मोबाइल हैक, लोगों से मांगे गए रुपये पुलिस से की गई शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। तहसील परिसर में प्रैक्टिस करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता लाल बहादुर कोहली का मोबाइल फोन हैक किए जाने का मामला सामने आया है। मोबाइल हैक होने के बाद साइबर ठगों ने उनके संपर्क में मौजूद लोगों से रुपये मांगने शुरू कर दिए। घटना की जानकारी मिलते ही अधिवक्ता के होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना अपने परिचितों को दी और पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ता लाल बहादुर कोहली के अनुसार, बीते दिन अचानक उनके मोबाइल नंबर से कई लोगों को व्हाट्सएप के माध्यम से रुपये मांगने के मैसेज जाने लगे। शुरुआत में कुछ लोगों ने इसे सामान्य समझा, लेकिन जब अलग-अलग लोगों को एक जैसे संदेश मिलने लगे तो उन्हें शक हुआ। इसी बीच कुछ परिचितों ने स्वयं अधिवक्ता को फोन कर रुपये मांगने के बारे में जानकारी दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए अधिवक्ता ने तुरंत अपना मोबाइल चेक किया, तो पता चला कि उनका व्हाट्सएप अकाउंट और मोबाइल एक्सेस किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हैक कर लिया गया है। साइबर ठग खुद को अधिवक्ता बताते हुए कभी आपात स्थिति तो कभी जरूरी भुगतान का बहाना बनाकर रुपये मांग रहे थे।घटना के बाद अधिवक्ता लाल बहादुर कोहली ने अपने सभी परिचितों, मुवक्किलों और सहयोगियों को सतर्क करते हुए किसी भी प्रकार के मैसेज या कॉल पर रुपये न भेजने की अपील की। साथ ही उन्होंने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी और मोबाइल हैक कर ठगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।अधिवक्ता लाल बहादुर कोहली ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका मोबाइल हैक कर लोगों से रुपए मांगे गए थे इस संबंध में पुलिस से शिकायतकर कार्रवाई की मांग की गई है।

## विधुत उपखंड कार्यालय में ओटीएस योजना का प्रथम चरण आज होगा समाप्त

पूरनपुर। विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने वाली एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के प्रथम चरण की समय-सीमा आज तीन जनवरी को समाप्त हो जाएगी। यह योजना पहले 31 दिसंबर तक लागू थी, जिसे उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए बढ़ाकर तीन जनवरी किया गया था। समय बढ़ने से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने का अवसर मिला। प्रथम चरण के तहत उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि पर विशेष छूट दी जा रही है। इस चरण में उपभोक्ताओं को मूल धनराशि पर 25 प्रतिशत तक की छूट का प्रावधान है। हालांकि, चार जनवरी से योजना के अगले चरण की शुरुआत होगी, जिसमें छूट की दर घटकर 20 प्रतिशत रह जाएगी और ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट रहेगी। शनिवार दोपहर करीब 1:00 बजे विद्युत उपखंड अधिकारी मोहित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ओटीएस योजना का प्रथम चरण आज शाम तक ही प्रभावी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक योजना का लाभ नहीं लिया है, वे आज ही अपने बकाया बिलों का निस्तारण कर योजना का फायदा उठाएं।

## बाल विवाह रोकने के लिए मरौरी ब्लॉक के कई गांवों आयोजित हुए कार्यक्रम



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला कल्याण विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये ब्लॉक ?मरौरी के ग्राम ?पीराताल मुडिया एवं टण्डोला को बाल विवाह की शपथ दिलाई गई नए जनसमुदाय को भी बाल विवाह की सामूहिक शपथ दिलायी गयी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा विभिन्न अधिनियमों के संबध में जानकारी दी गयी इस अवसर पर बाल विवाह उन्मूलन के लिए काम योजना, बाल-अनुकूल जिला निर्माण और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की भूमिका पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। इसे समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## समरथपुर में 40 हजार की लागत से कुएं का जीर्णोद्धार

धनपतगंज/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत समरथपुर में एक कुएं का जीर्णोद्धार कार्य पूरा हो गया है। लगभग एक साल पहले एक नीलगाय के कुएं में गिरने के बाद यह चर्चा में आया था, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले साल रात के समय एक नीलगाय इस कुएं में गिरकर मर गई थी। कुएं की बाउंड्री सुरक्षित न होने के कारण यह बच्चों के लिए एक संभावित खतरे का स्रोत बन गया था। इस समस्या को देखते हुए, ग्राम प्रधान ने कुएं के चारों ओर सुरक्षा दीवार और अन्य आवश्यक निर्माण कार्य करवाए हैं। इस जीर्णोद्धार कार्य पर लगभग 40 से 45 हजार रुपए की लागत आई है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों और जानवरों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ग्राम प्रधान राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि अब इस कुएं से बच्चों या जानवरों को कोई खतरा नहीं होगा। स्थानीय निवासी रिंकू तिवारी, विपिन तिवारी और सूर्यकांत तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने इस कार्य की सराहना की है।

## पुलिस ने एक सौ अस्सी वाहनों का किया चालान

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तृतीय दिवस पर थाना पीपरपुर में यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरुक किया गया और एक सौ अस्सी वाहनों का चालान कर दो लाख पन्द्रह हजार रुपये का जुर्माना योजित किया गया।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शनिवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तृतीय दिवस पर यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर दुर्गापुर चौराहा थाना पीपरपुर में आमजनमानस को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति में वाहन न चलाने व निर्धारित सीमा से अधिक सवारी न बैठाने की अपील की गयी तथा जागरूकता संबंधी पंफ्लेट वितरित किये गये।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर कुल एक सौ अस्सी वाहनों का चालान कर दो लाख पन्द्रह हजार रुपये जुर्माना योजित किया गया।

## कोटेदार के निधन पर जनप्रतिनिधियों ने शोक जताया

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा के उचित दर विक्रेता का आकस्मिक निधन हो गया है उनके निधन पर शोक की लहर दौड़ गई है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर पंवारा के उचित दर विक्रेता समर बहादुर सिंह का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है इसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और रो रोकर बुरा हाल रहा। उचित दर विक्रेता के निधन पर ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान नंद किशोर विक्रम, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेश सिंह,अरुण प्रताप सिंह, शिव सागर मिश्रा,सुशील सिंह, शिव बरदान सिंह,राम खेलावन यादव, बद्रीनाथ यादव, विजय प्रजापति,पिंटू यादव, हरिश चंद्र पासी, अशोक सोनी सहित अन्य तमाम लोगों ने नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया है।

## डीसीएम ट्रक चोरी केस में मुठभेड़, दो शातिर घायल

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में डीसीएम ट्रक चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 6/7 नवंबर 2025 की रात चोरी हुए डीसीएम ट्रक के संबंध में दर्ज मुकदमे की विवेचना के दौरान पांच अभियुक्त प्रकाश में आए थे,जिनमें से दो आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।शनिवार को सूचना मिली कि शेष अभियुक्तों में से दो आरोपी सफ़ेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार से पाखरौली रेलवे क्रॉसिंग की ओर जा रहे हैं। सूचना पर एसओजी टीम व थाना कोतवाली देहात पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की। खुद को घिरा देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में फायर किया,जिसमें दोनों अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी।घायल अभियुक्तों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया,जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस के अनुसार वर्ष 2023 में इन्हीं अभियुक्तों में से चार ने थाना गोसाईगंज क्षेत्र में 34 टन सरिया की लूट की घटना को भी अंजाम दिया था। वर्तमान प्रकरण के पांच अभियुक्तों में वे चार भी शामिल हैं। एक अभियुक्त अभी फरार है,जिसकी गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं।उक्त घटना के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर अखण्ड प्रताप सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम जारी रहेंगे।

# रौनक का सेना में चयन गांव में जश्न का माहौल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के भदैंया ब्लॉक के गांव मिश्रपुर मजरे सलाहपुर के रहने वाले रौनक मिश्रा ने भारतीय सेना में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रौनक के सेना में चयन की खबर जैसे ही गांव में पहुंची, खुशी की लहर दौड़ गई। घर से लेकर गांव की गलियों तक जश्न का माहौल देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों के बीच ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी जाहिर की। रौनक मिश्रा, पिता धर्मेंद्र मिश्रा और माता पुनीता मिश्रा के पुत्र हैं। एक साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले रौनक ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और मजबूत इरादों के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनके पिता धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि बेटे का सपना बचपन से ही देश की सेवा करने का था। सीमित संसाधनों के बावजूद परिवार ने रौनक के सपनों को कभी टूटने नहीं दिया और हर कदम पर उसका हौसला बढ़ाया। रौनक ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। उन्होंने बताया कि सेना में भर्ती की तैयारी के दौरान कई बार कठिन परिस्थितियां आईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। सुबह-सुबह दौड़, कठिन शारीरिक अभ्यास और पढ़ाई-यही उनका रोज़ का जीवन था। माता पुनीता मिश्रा की आंखों में बेटे की सफलता पर गर्व के आंसू छलक आए। उन्होंने कहा कि आज बेटे ने पूरे परिवार का सिर ऊंचा कर दिया है। गांव के बुजुर्गों ने रौनक की सफलता को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया और कहा कि अगर लक्ष्य साफ हो और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता।

गांव में रौनक की इस उपलब्धि को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि रौनक मिश्रा ने साबित कर दिया कि छोटे गांवों से भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। उनकी सफलता से क्षेत्र के अन्य युवाओं में भी देश सेवा का जज्बा और आत्मविश्वास बढ़ा है। हम संतोष तिवारी बता रहे है कि रौनक मिश्रा का सेना में चयन न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे सुल्तानपुर जिले के लिए गर्व की बात है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता में मारपीट पर ग्यारह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना इन्हौना क्षेत्र के गांव भीखीपुर में प्रशासन की अनुमति के बगैर आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को मामूली कहासुनी में एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई जिससे वह लहूलुहान हो गया। परिजनों ने बीएचईएल के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर जहां पर चिकित्सकों ने हालत गम्भीर देखकर लखनऊ रेफर कर दिया है। घटना के तीसरे दिन स्थानीय पुलिस हरकत में आई और पड़ोसी गांव के प्रधान पुत्र समेत आधा दर्जन नामजद और पांच अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा तो दर्जकर लिया है लेकिन हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर है।थाना क्षेत्र के गांव भीखीपुर में प्रशासन की अनुमति के बगैर क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमें बुधवार को कठौरा बनाम रस्तामऊ के बीच मैच खेला जा रहा था इसी दौरान मामूली कहासुनी ने उस समय विकराल रूप धारण कर लिया जब विवाद को हल कराने पहुंचे राहत हुसैन, फरहद हुसैन पुत्रगण वसीम अहमद की बैट और स्टम्प से जमकर पिटाई कर दी गई जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गये और मैदान में अफरा तफरी के साथ ही भगदड़ मच गई। घायलावस्था में परिजन बीएचईएल स्थित एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर हालत गम्भीर देखकर चिकित्सकों ने लखनऊ रेफर कर दिया जहां पर घायल युवक का इलाज चल रहा है। घायलावस्था में पीड़ित ने क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन समिति की लापरवाही के कारण इतना बड़ा विवाद होने का आरोप लगाया है। पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा गया है कि अगर किसी प्रकार का अहित होता है तो नामजद आरोपियों के साथ ही आयोजन समिति घटना की जिम्मेदार होगी। पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम को पीड़ित की तहरीर पर फिरोज पुत्र तौफीक बाबा,फिरोज पुत्र पप्पू प्रधान,नवी पुत्र मजीद,शमीम पुत्र जमील,अरवाज पुत्र अशफाक,आमिर पुत्र मुनीर समस्त निवासी ग्राम रस्तामऊ थाना मोहनगंज के साथ ही पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में अभियोग दर्ज कर लिया है। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीम गठित की गई है।

# सावित्री बाई फूले जयंती पर 53 नि:शुल्क मोस्ट पाठशालाओं सहित सेवा और रक्तदान के योद्धाओं का हुआ सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में माता सावित्री बाई फूले जयंती के अवसर पर तिकोनिया पार्क में मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, पूर्व विधायक कादीपुर भगेलू राम, इंजी. राममूर्ति चौरसिया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दुर्गावती, एडवोकेट अनीस खां, जे.पी. निषाद (वीआईपी), मानवाधिकार प्रियंका प्रियदर्शी, सम्पादक डॉ. राजीव रत्न मौर्य रहे।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सात विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया, जिसमें हाईस्कूल में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्रों और इंटरमीडिएट में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 04 छात्रों को लूसेन्ट सामान्य ज्ञान बुक और मोस्ट प्रतिभा सम्मान प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके अलावा 53 निःशुल्क मोस्ट पाठशालाओं के संचालकों को माता सावित्री बाई फूले प्रतिमा और शिक्षा रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं 2025 में रक्तदान करने वाले 70 रक्तदाताओं को तौलिया व मोस्ट जीवन रक्षक रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। साहित्य, कला, विज्ञान, खेल और समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 24 लोगों को वीरांगना फूलन देवी फ्रेम्ड फोटो और मोस्ट सेवा रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही, मोस्ट के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने वाले 06 लोगों को एक-एक मोबाइल सेट और मोस्ट रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। सामाजिक संगठनों के 12 पदाधिकारियों को बाबा साहब की फ्रेम्ड फोटो और डॉ. अम्बेडकर रत्न सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहयोग/संग्रह करने वाले 150 मोस्ट पदाधिकारियों/समर्थकों को शाल व मोस्ट समाज सृजनकर्ता सम्मान प्रशस्ति पत्र दिया गया। मोस्ट डायरेक्टर शिक्षक श्यामलाल निषाद ''गुरूजी'' ने कहा कि विषम परिस्थितियों में जो अधिकारी/कर्मचारी मुझे प्रताड़ित कर रहे हैं वे जान लें कि समय परिवर्तनशील है सत्ता में जो लोग बैठे हैं वह हमेशा सत्ता में नही रहेंगे, आने वाले समय में हम भी वहां पहुंच सकते हैं। कार्यक्रम का आयोजन नन्दनी बौद्ध एवं सह-आयोजक अर्चना यादव, सुशीला मौर्य, पूजा बौद्ध, सरोजा निषाद व ताहिरा खान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन जीशान अहमद व सह संचालन आरती बौद्ध, डा. गोविन्द भगत व राकेश निषाद तथा अध्यक्षता राधा निषाद एवं सीमा बौद्ध के संरक्षण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को मोस्ट संयोजक रामानन्द बौद्ध, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, डा. आर. धीरेंद्र, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी शकील अहमद सहित आदि लोगों ने सम्बोधित किया।

## सम्पादकीय

# मेहनतकशों की बेकद्री

बाजार आने-जाने के झंझट से बचा लोगों के घरों में तुरत-फुरत जीवन उपयोगी सामान पहुंचाने वाले गिग-वर्कर्स की जटिल कार्यपरिस्थितियां और पसीने का मोल न मिलना, बेहद चिंता की बात है। अपना व परिवार का पोषण करने वाले ये युवा अकसर सरपट मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियां चढ़कर ऊंची मंजिलों में दरवाजों तक सामान पहुंचाते देखे जा सकते हैं। बेहद कम मेहनताने, कंपनी मालिकों के दबाव व ग्राहकों की उपेक्षा झेलते गिग वर्कर्स ने नये साल की पूर्व संध्या पर हड़ताल करके अपनी बदहाली को ही उजागर किया है। संवेदनशील कार्य परिस्थितियों और नौकरी की असुरक्षा के चलते गिग-वर्कर्स हड़ताल पर थे। हालांकि, नये साल पर काम के दबाव व पूरी तरह संगठित न होने के कारण इनकी हड़ताल का कुछ ही इलाकों में असर देखा गया। पूरे देश में सामान की आपूर्ति बाधित हुई हो, ऐसा भी कोई समाचार नहीं मिला है। लेकिन गिग-वर्कर्स की विषम कार्य-परिस्थितियों की ओर पूरे देश का ध्यान जरूर गया है। पिछले दिनों आप के राघव चड्ढा और राजद के मनोज कुमार झा जैसे सांसदों ने गिग वर्कर्स के शोषण का मुद्दा संसद में उठाया था। निस्संदेह, देश की गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन में अपनी क्षमता साबित की है। विडंबना है कि भारत युवाओं को देश का कहा जाता है, लेकिन हम उनकी आकांक्षाओं का रोजगार नहीं दे पा रहे हैं। दरअसल, गिग-वर्कर्स की प्रमुख मांग है कि उनके काम का बेहतर भुगतान हो और उनके लिये बेहतर कामकाजी परिस्थितियां बनायी जाएं। उनकी इस हड़ताल ने इन मुद्दों पर देश का ध्यान खींचा है। लेकिन देश के प्रमुख खाद्य वितरण करने वाली कंपनी ने 31 दिसंबर को इस हड़ताल के बावजूद ऑर्डर में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की। वहीं थके-हारे बाइकर्स अपनी अनगिनत शिकायतें व्यक्त करते रहे। दरअसल, विडंबना यह है कि खूब काम लेने के बावजूद गिग-वर्कर्स को पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी के दायरे से बाहर आजीविका कमाने वाले व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया जाता है। दरअसल, गिग-वर्कर्स को नई अर्थव्यवस्था में नियोक्ता एक कर्मचारी के रूप में नियुक्त करने के दायित्व से बचने का प्रयास करते हैं। लेकिन नियोक्ताओं की हायर व फायर की रणनीति के चलते, वे असुरक्षित कार्य परिस्थितियों में काम करने को बाध्य होते हैं। इसके बावजूद वे आज शहरी जीवन व्यवस्था के लिये अभिन्न अंग बन गए हैं। लोगों की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए दौड़ते रहते हैं। वे सामान दस मिनट तक दरवाजे पर पहुंचाने के दबाव में हांफते-भागते, मोटरसाइकिल दौड़ाते और सीढ़ियों पर सामान चढ़ाते अकसर नजर आते हैं। आम तौर पर उपभोक्ताओं का व्यवहार भी अच्छा नहीं होता। देरी होने पर इन्हें झिड़का जाता है। सामान में नुक्स निकालकर इन्हें दौड़ाया जाता है। आज भारत में इनकी संख्या सवा करोड़ से अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक इन कामगारों की संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक हो सकती है। निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र की अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन फिलहाल स्थिति यह है कि मेहनताने में कटौती, जरा सी चूक पर आर्थिक दंड तथा समय से पहले पहुंचाने के दबाव से गिग-वर्कर्स त्रस्त हैं। मुश्किल परिस्थितियों में काम करते रहने के बावजूद ये कामगार हड़ताल में बड़ी संख्या में भाग नहीं ले पाये। दरअसल, प्लेटफॉर्म अकसर प्रोत्साहन और अतिरिक्त वेतन के जरिये श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन को दबा देते हैं। निश्चित रूप से गिग-वर्कर्स का लगातार 14 घंटे काम करने के बावजूद सात-आठ सौ रुपये कमाना और दुर्घटना बीमा से वंचित रखना, इस व्यवस्था की उन खामियों की ओर भी इशारा करता है, जिन्हें केवल फौरी लालच या प्रोत्साहन से ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में हालिया श्रम सुधारों का महत्व बढ़ जता है। जिसमें पहली बार, गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को कानून के तरह औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर के टर्नओवर का एक से दो फीसदी सामाजिक सुरक्षा कोष में अनिवार्य योगदान और आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर को कानूनी मान्यता की दिशा में एक लंबे समय से प्रतीक्षित बदलाव का संकेत देते हैं। हालांकि, कार्यान्वयन ही यह निर्धारित करेगा कि ये सुधार परिवर्तनकारी साबित होते हैं या केवल प्रतीकात्मक रहते हैं।

# भारत के अलग-अलग आर्थिक सेक्टरों का कैसा रहेगा अनुमानित विकास

**ज़्यादा मज़बूत औद्योगिक माहौल। प्रतिभा की एक बेहतर पाइपलाइन। एक ज़्यादा नवोन्वेषी सेवा उद्योग। इन सभी बदलावों से अवसर पैदा होते हैं। जब इन्हें एक साथ देखा जाता है, तो भारत हाल के समय में दुनिया के विकास की सबसे आकर्षक कहानियों में से एक पेश करता है। आज, जब विदेशी कंपनियाँ भारत में आती हैं, तो उन्हें एक रणनीतिक फ़ायदा होता है। माहौल लगातार बदल रहा है। संभावनाएँ वास्तविक हैं। विकास सच्चा है। अनुमानों से पता चलता है कि इस साल भारत की जीडीपी दुनिया में सबसे तेज़ दर से बढ़ेगी। एनालिटिक्स फर्म क्रिसिल के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में 6.5% बढ़ने की उम्मीद है, जो सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और विकसित देशों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ देगी।**

भारत 2026 में दृढ़ संकल्प और स्पष्टता के साथ बढ़ रहा है। देश एक क्लीनर एनर्जी बेस बना रहा है। ज़्यादा मज़बूत औद्योगिक माहौल। प्रतिभा की एक बेहतर पाइपलाइन। एक ज़्यादा नवोन्वेषी सेवा उद्योग। इन सभी बदलावों से अवसर पैदा होते हैं। जब इन्हें एक साथ देखा जाता है, तो भारत हाल के समय में दुनिया के विकास की सबसे आकर्षक कहानियों में से एक पेश करता है। आज, जब विदेशी कंपनियाँ भारत में आती हैं, तो उन्हें एक रणनीतिक फ़ायदा होता है। माहौल लगातार बदल रहा है। संभावनाएँ वास्तविक हैं। विकास सच्चा है। अनुमानों से पता चलता है कि इस साल भारत की जीडीपी दुनिया में सबसे तेज़ दर से बढ़ेगी। एनालिटिक्स फर्म क्रिसिल के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था के 2026 में 6.5% बढ़ने की उम्मीद है, जो सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं और विकसित देशों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ देगी। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। क्ङ्ख के विश्लेषण के अनुसार, तेज़ विकास को कई संरचनात्मक फायदों से मदद मिल सकती है, जैसे कि बड़ी, युवा आबादी और तुलनात्मक रूप से कम कर्ज का बोझ। नॉमिनल जीडीपी के मामले में भारत ने पिछले साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। आगे चलकर, यह उम्मीद है कि भारत सालाना त्ता ट्रिलियन यूएसडी की जिडीपी बढ़ाएगा। मार्केट्स एंड मार्केट्स के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 2032 तक $10 ट्रिलियन तक पहुंच जाएगी। इसी तरह, आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक का अनुमान है कि वर्ष 2026 में भारत की वृद्धि लगभग 6.6% होगी, जिसमें कहा गया है कि यह शायद अन्य प्रमुख देशों को पीछे छोड़ देगा और 2025-2026 में दुनिया में सबसे अधिक विकास दर दर्ज करेगा। यहां तक ??कि ग्क्एक ने भी अगले दो वर्षों के लिए भारत को ''दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक'' कहा, और वर्ष 26 में लगभग 6.3% की ''मजबूत और मोटे तौर पर स्थिर'' वृद्धि का अनुमान लगाया। इस विस्तार को स्ट्रक्चरल बातों का भी सपोर्ट मिल रहा है। बढ़ती दौलत और शहरीकरण वाली एक बड़ी, युवा आबादी जनसांख्यिकीय शक्ती बना रही है, जबकि डिजिटाइजेशन, मूलभूत सेवा विकास और जिएसटी सरलीकरण जैसे लगातार बदलाव उत्पादकता बढ़ा रहे हैं। विश्लेषको के अनुसार, विनिर्माण और सर्विसेज़ बढ़ रहे हैं; फिस्कल 2026 के लिए एस अँड पी ग्लोबल का पीएमआय डेटा दोनों सेक्टरों में लगातार विस्तार का संकेत देता है। घरेलू मांगः भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ग्राहक बाजार बनने के लिए तैयार है। बढ़ता मध्यम वर्ग और मजबूत शहरी खर्च से आंतरिक मांग बनी हुई है। ग्रामीण इलाकों में भी इनकम बढ़ रही है। यह अर्थव्यवस्था को दुनिया भर के उतार-चढ़ाव से बचाता है। लगातार निवेशः भारत के उद्योग, रिन्यूएबल एनर्जी और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को दुनिया भर से निवेश मिल रहा है। बाजार समृद्ध हैं। नियम अधिक स्पष्ट हैं। निवेशक तेजी से भारत पर रणनीतिक लॉन्ग-टर्म दांव लगा रहे हैं। सर्विसेज़ निर्यात बढोतरीः दस साल पहले, सर्विसेज़ भारत के कुल एक्सपोर्ट का 30% से भी कम था; आज, यह 46% है। इस ट्रेंड को बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट, टेक्नोलॉजी सर्विसेज़ और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCCs) में भारत के नेतृत्व से गति मिल रही है। AI, क्लाइमेट इनोवेशन, हेल्थकेयर और वर्कप्लेस में प्रगति से भारतीयों के पढ़ने, काम करने, बातचीत करने और समृद्ध होने का तरीका पहले ही बदल रहा है। सभी की नज़र इस बात पर होगी कि 2026 में ये बदलाव कितने तेज होते हैं और भारत अपनी महत्वाकांक्षा, विविधता और आविष्कारशीलता को ऐसे कॉन्सेप्ट्स में कैसे बदलता है जिनका अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव हो। साल 2026 में भारतीय सिनेमा में कुछ ऐसा होगा जो पहले सोचा भी नहीं जा सकता था, इसके सबसे मशहूर स्क्रीन लेजेंड्स का डिजिटल पुनरुद्धार। फिल्म निर्माता जल्द ही पब्लिक एंटरटेनमेंट के लिए मूवी आइकन्स को ''वापस ला सकते हैं'' क्योंकि AI पहले से ही ऐसे काम कर सकता है जिनके लिए पहले कंप्यूटर जेनरेटेड इमेजरी (CGI) की ज़रूरत होती थी, और वह भी बहुत कम समय, मेहनत और लागत में। क्रिएटिव केयर मॉडल और रिसर्च और डेवलपमेंट के लिए महत्वपूर्ण फंडिंग के साथ जेंडर हेल्थ गैप पहले की तुलना में तेज़ी से खत्म हो सकता है। 2026 तक, महिलाओं के स्वास्थ्य को अब एक खास समस्या के रूप में नहीं, बल्कि मानव प्रगति की नींव के रूप में देखा जाएगा। भारत में उच्च शिक्षा का भविष्य वैश्विक स्तर पर स्थानीय और वैश्विक दोनों है। अगर कोरोना महामारी ने आभासी क्लासरूम को आम बना दिया है, तो डिग्री के लिए विदेश जाना जल्द ही पुराना हो सकता है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय अभी भारत आने के लिए अपना सामान पैक कर रहे हैं। इसके अलावा, यह बदलाव सिर्फ मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है। भारत की शिक्षा नीति बहुत स्पष्ट है, बड़े शहरों के बाहर भी बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत, विश्वविद्यालयों को विशेष शिक्षा क्षेत्रों - ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में कैंपस स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच की आवश्यकता है। भारत के मुख्य निर्यात क्या हैं? ज्वेलरी और हिरे, इंजीनियरिंग सेवाएं, और दवाएं। लेकिन 2026 में, रिमोट टैलेंट आगे निकल जाएगा। ख्नक्नइ और दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के अलावा, तेज़ी से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन अपना रहे हैं, जिससे टेक वर्कर्स की ज़रूरत बढ़ रही है। और भारत के लिए, सब कुछ सही समय पर हो रहा है! डेटा एनालिटिक्स और साइबर सुरक्षा, क्लाउड इंजीनियरिंग, ऑटोमेशन और क्लाउड कंप्यूटिंग, इक्र विशेषज्ञ और डेवलपर्स, और मशीन लर्निंग सबसे ज़्यादा मांग वाले क्षेत्र हैं। असल में, हेल्थकेयर और फाइनेंस सहित कई क्षेत्रों में मांग बढ़ रही है। जनवरी 2026 तक, गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से क्षमता 2030 के लक्ष्य से पांच साल आगे थी। हालांकि, 2026 में निवेश का फोकस सिर्फ सोलर पार्क बनाने के बजाय ट्रांसमिशन और स्टोरेज पर होगा। ग्रिड को काम करने के लिए, महत्वपूर्ण बदलावों की ज़रूरत है। रुक-रुक कर मिलने वाली नवीकरणीय ऊर्जा के लिए पावर ट्रांसमिशन उद्योग में व्यवसायों के लिए ऑर्डर प्रवाह रक्षा उद्योग के समान हैं। अगली सीमा ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ हैं। शाम को उच्चतम उपयोग के लिए दिन की अतिरिक्त ऊर्जा को स्टोर करना महत्वपूर्ण है क्योंकि सौर क्षमता 128 GW के करीब पहुँच रही है। सैन्य उद्योग की कहानी ''ऑर्डर बुक देखो'' से बदलकर ''डिलीवरी देखो'' हो गई है। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) जैसी कंपनियों के पास बहुत ज़्यादा ऑर्डर बैकलॉग हैं, BEL के पास 75,000 करोड़ (अक्टूबर 2025) और HAL के पास 1.89 लाख करोड़ से ज़्यादा (मार्च 2025) के ऑर्डर हैं। इन ऑर्डर से 2026 में बिलिंग और कैश फ्लो होगा। भारत के पास पहले से ही संयुक्त अरब अमीरात, जापान, श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय मुद्रा विनिमय समझौते हैं। इसके अलावा, यह स्पेशल रुपया वोस्ट्रो खातों (SRVA) के माध्यम से 30 देशों के साथ रुपया-आधारित वाणिज्यिक लेनदेन की सुविधा देकर अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करता है। भारत का यूपीआय वर्तमान में नौ अन्य देशों में स्वीकार किया जाता है। ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से संबंधित मौसम की घटनाओं से भारत के कृषि क्षेत्र में फसल की पैदावार 25% तक कम हो सकती है। इस समस्या का समाधान घर के अंदर मिल सकता है। इनडोर फार्मिंग के ज़रिए शहरी आबादी को बिना पेस्टिसाइड और हेवी मेटल्स वाली ताज़ी सब्जियां मिलेंगी। इनडोर फार्मिंग में वर्टिकल स्टैकिंग की वजह से कम जगह में कंट्रोल्ड माहौल में फसलें उगाई जाती हैं, इसमें पारंपरिक तरीकों के मुकाबले 95% कम पानी लगता है, और ग्रोथ तेज़ करने के लिए सीधे पोषक तत्व डाले जाते हैं। भारत सुधारों का इंतज़ार नहीं कर रहा है। यह अपने आप ही आगे बढ़ रहा है। भारत के जीसीसी में एक बड़ा बदलाव आने वाला है, जो कॉस्ट-इफ़ेक्टिवनेस से इनोवेशन लीडरशिप की ओर बढ़ेगा। 2026 तक, भारत के जीसीसी ग्लोबल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, इक्र के इस्तेमाल और एंड-टू-एंड प्रोडक्ट ओनरशिप में सबसे आगे होंगे। अपने मज़बूत टैलेंट इकोसिस्टम, टेक इंटीग्रेशन और टियर-2 शहरों में पैठ के साथ, भारत ग्लोबल जीसीसी ग्रोथ की कहानी को बदल रहा है। हम कमोडिटी और सर्विसेज़ दोनों वैल्यू चेन में प्रगति कर रहे हैं। आईटी सर्विसेज़ में सीमित ग्रोथ के बावजूद, सतह के नीचे एक स्ट्रक्चरल बदलाव हो रहा है। भारत के ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) तेज़ी से बढ़ रहे हैं। 2026 तक, उम्मीद है कि ये सेंटर 2.4 मिलियन लोगों को रोज़गार देंगे। 2026 में बड़े पैमाने पर इक्र डिप्लॉयमेंट की उम्मीद है, जिसमें ग्लोबल क्लाइंट ''पायलट'' से ''प्रोडक्शन'' फ़ेज़ में जा रहे हैं। जीसीसी में भारत की ग्लोबल हिस्सेदारी 55% है। ऐसी टीमें जो ग्लोबल संगठनों के लिए सिर्फ़ बैक ऑफिस के बजाय टेक्नोलॉजी, डेटा प्रोडक्ट डेवलपमेंट और मुख्य बिज़नेस ऑपरेशन्स की देखरेख करती हैं। अब तक, जीसीसी ने एक करोड़ नौकरियाँ पैदा की हैं! जैसे-जैसे इमिग्रेशन कानून सख्त होंगे, निश्चित रूप से भारत में और भी जीसीसी आएंगे! 55% ग्लोबल जीसीसी हिस्सेदारी के साथ, भारत सिर्फ़ बैक ऑफिस से कहीं ज़्यादा है; यह दुनिया का कॉर्पोरेट दिमाग है। यह बेतुका है कि ये कॉल सेंटर नहीं हैं। नाइकी जूते बनाती है, जेपी मॉर्गन ट्रेडिंग एल्गोरिदम बनाती है, और गूगल बैंगलोर और हैदराबाद से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ट्रेन करता है। H-1B पर सख्ती और अमेरिका में बढ़ती लागत के कारण, पिछले पाँच सालों में इसमें बढ़ोतरी हुई है। भारत का असली फ़ायदा अब सस्ता लेबर नहीं रहा। विशेषज्ञ टैलेंट अमेरिका की लागत के एक तिहाई दाम पर उपलब्ध है। भारत में लेबर फोर्स तेज़ी से बदल रही है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार, एडवांस्ड डिजिटल स्किल्स की बहुत ज़्यादा मांग है, इक्र और बिग डेटा विशेषज्ञ तेज़ी से बढ़ते व्यवसायों में से हैं। फुल-स्टैक डेवलपर गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल में सबसे ज़्यादा मांग वाली टेक्निकल नौकरियों में से हैं। IoT विशेषज्ञ और क्लाउड सिक्योरिटी विशेषज्ञ, जैसे-जैसे जीसीसी कनेक्टेड डिवाइस और साइबर सिक्योरिटी बढ़ाते हैं, नौकरियों की बहुत ज़्यादा मांग है। डेटा साइंटिस्ट, आगे मज़बूत मांग है, 2026 तक 5 मिलियन डेटा-संबंधित नौकरिया खुलेंगी। हालांकि, तकनीकी दक्षता पूरी तस्वीर नहीं है। आजकल, नियोक्ता अनुकूलन क्षमता, जिज्ञासा और लचीलेपन की तलाश करते हैं। भारत में सबसे सफल पेशेवर उच्च भावनात्मक बुद्धिमत्ता को तेज विश्लेषणात्मक कौशल के साथ जोड़ते हैं।

# जीवन के लिए जरुरी शुद्ध और स्वच्छ पेयजल

**अंजनी सक्सेना**

**पीने का पानी कैसा हो ? इस विषय पर वैज्ञानिकों ने काफी प्रयोग किये हैं और पानी की गुणवत्ता को तय करने के मापदंड बनाये हैं। पीने के पानी का रंग, गंध, स्वाद सब अच्छा होना चाहिए।**

पानी हमारी प्यास बुझाता है। प्यास लगना इस बात का संकेत है कि हमारे शरीर को पानी को जरूरत है। यह शरीर को चुस्त बनाए रखता है। इसके द्वारा खाद्य पदार्थों के पोषक तत्व रक्त में मिल जाते हैं। पानी शरीर के रक्त का बहाव यथावत रखता है। वह शरीर के अतिरिक्त विषैले तत्व बाहर निकालने में सहायक होता है। यह शरीर के ताप को ठीक बनाए रखता है। यह रंगहीन पीने का पानी निश्चय ही साफ होना चाहिये, शुद्ध स्वच्छ गंधहीन और गंदगी रहित होना चाहिये। इसमें किसी तरह के हानिकारक तत्व नहीं होना चाहिये। पीने का पानी कैसा हो ? इस विषय पर वैज्ञानिकों ने काफी प्रयोग किये हैं और पानी की गुणवत्ता को तय करने के मापदंड बनाये हैं। पीने के पानी का रंग, गंध, स्वाद सब अच्छा होना चाहिए। ज्यादा कैल्शियम या मैगनेशियम वाला पानी कठोर जल होता है और पीने के योग्य नहीं होता है। पानी में उपस्थित रहने वाले हानिकारक रसायनों की मात्रा पर भी अंकुश आवश्यक है। आर्सेनिक, लेड, सेलेनियम, मरकरी तथा फ्लोराईड, नाइट्रेट आदि स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालते हैं। पानी में कुल कठोरता 300 मिली ग्राम प्रति लीटर से ज्यादा होने पर पानी शरीर के लिये नुकसानदायक हो जाता है। पानी में विभिन्न बीमारियों के कीटाणुओं का होना, हानिकारक रसायनों का होना कठोरता होना पानी को पीने के अयोग्य बनाता है। पीने का जल शुद्ध हो, प्यास बुझाये, मन को प्रफुल्लित रखे, तभी वह शुद्ध पेयजल होता है। हमारे शरीर का 60 से 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से बना है। प्रतिदिन शरीर को 6 से 10 गिलास पानी की आवश्यकता होती है। इस आवश्यक्ता का एक बड़ा भाग खाद्य पदार्थों के रूप में शरीर ग्रहण करता है। शेष पानी मनुष्य पीता है। गर्मियों में पानी ज्यादा चाहिये क्योंकि पसीने के रूप में काफी ज्यादा पानी शरीर से वापस बाहर निकल जाता है, सर्दी में पानी की मात्रा कम चाहिये। पानी भोजन के पाचन, रुधिर संचरण तथा समस्त अन्य जैव क्रियाओं के लिये अत्यंत आवश्यक है। सुबह उठकर एक गिलास शीतल जल का सेवन व्यक्ति को कई बीमारियों से बचाता है। हमारे यहां आमतौर पर पानी की शुद्धता और स्वच्छता के बारे में बहुत लापरवाही बरती जाती है। पीने लायक साफ पानी न तो उपलब्ध है और न ही इसकी मांग की जाती है। पानी में तरह तरह की गंदगी होती है, जिसके बारे में बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जाता। सच पूछिए तो इसके बारे में आम लोगों को अधिक जानकारी भी नहीं है। गंदगी में जो रोगों के जीवाणु होते हैं, वे आँख से दिखते नहीं, केवल माइक्रोस्कोप से दिखते हैं। इसी गंदगी की वजह से और इसके रोग के जीवाणुओं से बहुत सी बीमारियां होती है जैसे दस्त, पेचिस, हैजा, पीलिया, नारू और भी कई आंत संबंधी रोग पानी से होने वाली बीमारियों के नाम से जाने जाते हैं। ज्यादातर लोग पीने का पानी किसी पोखर या तालाब से लेते हैं जहां बर्तन भी धोए जाते हैं, कपड़े भी धोए जाते हैं, लोग खुद भी नहाते हैं, गाय, भैंसों को भी नहलाते हैं। यह सारी गंदगी अन्दर चली जाती है। इसी प्रकार पानी कुओं से भी लिया जाता है जो ज्यादा गहरे नहीं होते और खुले छोड़ दिए जाते हैं। हवा के साथ इसमें धूल, मिट्टी, पत्ते, पक्षी की बीट इत्यादि जाकर गिरती है और पानी को प्रदूषित करती है। कुछ गांवों में हैण्डपंप की सुविधाएं दी गई हैं, परंतु उसके ऊपर की गोलाई में कीचड़ व कूड़ा करकट पड़ा होता है। वहां से गंदा पानी धीरे-धीरे जमीन में रिसकर स्वच्छ पानी को खराब कर देता है। फिर वह पानी पीने योग्य नहीं रह जाता। पाइप लाइनों से आने वाले पानी में भी पाइप लाइन की टूटफूट,जंग,सीवेज का पानी इन पाइप लाइनों में मिलने और पर्याप्त साफ सफाई के अभाव में पानी दूषित हो जाता है और जान लेवा साबित होता है। *(विभूति फीचर्स)*

## सेहत मंत्र

# विंटर में गाजर जूस पीने से मिलते हैं गजब के फायदे, स्किन होती है हेल्दी


विंटर सीजन में हम जितनी भी हेल्दी चीदें खाएंगे उतना ही आपकी सेहत मस्त रहेगी। सर्दी में गाजर का सेवन खूब किया जाता है। हर घर में गाजर की सब्जी, गाजर का अचार और गाजर का हलवा खूब बनता है। ऐसे में सलाद में भी गाजर का प्रयोग किया जाता है। सर्दियों में गाजर का जूस पीना काफी पौष्टिक माना जाता है। क्योंकि इसमें पोषक तत्वों का खजाना है। सर्दी के समय पानी पीना काफी कम हो जाता है जिससे डिहाइड्रेशन होने लगता है। गाजर के जूस पीने से हाइड्रेशन मिलता है। सर्दियों में पाचन काफी स्लो हो जाता है। इस बजह से कब्ज की समस्या होने लगती है। ऐसे में आप गाजर जूस का सेवन करते हैं, तो आपको काफी राहत मिलेगी। क्योंकि, गाजर में सबसे ज्यादा फाइबर मिलती है। इस मौसम में सर्दी जुकाम और फ्लू होने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। इसलिए अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाना बहुत जरूरी है। सर्दी में गाजर का जूस पीकर आप बीमारियों को दूर रख सकते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और बीटा-कैरोटीन का एक समृद्ध स्रोत है, जो शरीर में विटामिन ए दिलाता है। विटामिन ए प्रतिरक्षा कार्य को समर्थन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गाजर का जूस पीने से पोटेशियम की मात्रा होती है जो रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करती है और हाई बीवी को नियंत्रित करती है। इससे दिल भी हेल्दी रखता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो हमारे कार्डियोवैस्कुलर को अच्छा बनाता है। अगर आप अपने वजन को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो आप गाजर का जूस पी सकते हैं और इससे आपका पाचन भी ठीक होगा और वजन भी कम होगा। क्योंकि इसमें फाइबर मौजूद होती है। यह भूख को भी कंट्रोल करती है।

## धर्म मंत्र

# भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद चाहिए तो चले आइए केरल के गुरुवायुर मंदिर

दक्षिण की द्वारिका के नाम से विख्यात गुरुवायुर मंदिर अनेकों शताब्दियों से श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित इस अति प्राचीन मंदिर का पौराणिक ग्रंथों में विशेष महत्व बताया गया है। गुरुवायुर मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप गुरुवायुरप्पन की पूजा की जाती है। गुरुवायुर मंदिर में सिर्फ हिंदुओं को ही प्रवेश की इजाजत है और प्रवेश के लिए पहनावा भी निर्धारित है। गुरुवायुर मंदिर में पुरुष केरल की पारंपरिक लुंगी मुंडू पहन कर ही जा सकते हैं और महिलाओं को साड़ी अथवा सलवार सूट में ही जाने की इजाजत है। पुरुषों को कमीज या अन्य कोई परिधान पहनने के लिए इसलिए मनाही है ताकि भगवान की नजर सीधे उनके हृदय पर ही पड़े। गुरुवायुर मंदिर में भगवान विष्णु के दस अवतारों को भी बड़ी खूबसूरती के साथ दर्शाया गया है। गुरुवायुर मंदिर में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की मूर्तिकला अपने आप में बेजोड़ है। गर्भगृह में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के चार हाथ हैं जिनमें से भगवान ने एक हाथ में शंख, दूसरे में सुदर्शन चक्र और तीसरे तथा चौथे हाथ में कमल धारण कर रखा है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण की यह प्रतिमा भगवान विष्णु जी ने भगवान ब्रह्माजी को सौंपी थी। इस मूर्ति के बारे में यह भी कहा जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं यह मूर्ति द्वारका में स्थापित की थी लेकिन जब द्वारका में भयंकर बाढ़ आयी तो यह मूर्ति गुरु बृहस्पति को तैरती हुई अवस्था में मिली। गुरु बृहस्पति ने वायु की सहायता से भगवान श्रीकृष्ण की इस मूर्ति को बचाया और इसे स्थापित करने के लिए पृथ्वी पर उचित स्थान की खोज में लग गये।

## पर्यटन



# प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे जंगलों, जलप्रपातों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है पचमढ़ी

पचमढ़ी, मध्यप्रदेश राज्य का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे जंगलों, जलप्रपातों और ऐतिहासिक स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थल राज्य का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और यह पर्यटकों को शांति, ठंडक और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा अनुभव प्रदान करता है। पचमढ़ी को 'मध्यप्रदेश की शिमला' भी कहा जाता है। यह स्थान आदिवासी संस्कृति, इतिहास, और अद्वितीय प्राकृतिक वातावरण का संगम है। पचमढ़ी का इतिहास बहुत पुराना है और यह स्थान आदिवासी जनजातियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। इसके बारे में यह कहा जाता है कि यह स्थल ब्रिटिशकाल में एक लोकप्रिय हिल स्टेशन बन गया था, जब ब्रिटिश सैनिकों को गर्मियों के मौसम में ठंडक की आवश्यकता महसूस हुई। पचमढ़ी का नाम संस्कृत के शब्द 'पंच' (पाँच) और 'मढ़ी' (गुफाएँ) से आया है, क्योंकि यहाँ पाँच प्रमुख गुफाएँ हैं जो पर्यटन स्थल के रूप में आकर्षण का केंद्र हैं। धूपगढ़ः यह पचमढ़ी का सबसे ऊँचा बिंदु है, जो समुद्रतल से 1,450 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है। यहां से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य बहुत ही शानदार होता है। यह स्थल ट्रैकिंग और प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श है। केवलाराय मंदिरः यह प्राचीन मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यहाँ से पचमढ़ी के अद्भुत दृश्य देखे जा सकते हैं। मंदिर तक पहुँचने के लिए एक छोटे से ट्रैकिंग रास्ते का अनुसरण करना पड़ता है। पचमढ़ी झीलः यह झील एक शांतिपूर्ण स्थल है जहाँ पर्यटक बोटिंग का आनंद ले सकते हैं। झील के आस-पास का वातावरण बहुत ही सुरम्य है और यह परिवारों के लिए एक आदर्श पिकनिक स्थल है। राजा रानी गुफाएँः ये गुफाएँ प्राचीन समय की बनी हुई हैं और इनका इतिहास बहुत दिलचस्प है। ये गुफाएँ मुख्य रूप से भगवान शिव और पार्वती से जुड़ी हुई हैं। बी फॉलः यह जलप्रपात पचमढ़ी का सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत जलप्रपात है। यहाँ का वातावरण शांति और ठंडक से भरा हुआ है।

# शिक्षक की याद में काव्य संध्या, मंत्रमुग्ध श्रोता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अंतरराष्ट्रीय नव वर्ष 2026 उपलक्ष में शहर की आशा कॉलोनी स्थित हरिहर सदन में शुक्रवार को शिक्षक स्वर्गीय हरिहर सिंह जी की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन हुआ।प्रसिद्ध कवियों से सजी इस संध्या में रचनाकारों ने श्रोताओं को मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में कवि डॉ.अंबरीश अंबर , डॉ ओम किरण, प्रदीप सारंग व सर्वेश आदि ने ओज श्रृंगार और जनहित से जुड़ी कृतियों का काव्यपाठ किया जिसका श्रोताओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।काव्य संध्या के आयोजक इंद्रजीत सिंह द्वारा ब्लॉक प्रमुख शिवगोविंद सिंह खुशीराम प्रेमनारायण राकेश चौहान रामवृक्ष यादव हरीश विवेक गुप्ता व अखिलेश पांडे सहित सभी अतिथियों एवं कवियों का तिलक कर सम्मान किया गया।कार्यक्रम का संचालन कवि लल्लू ने किया जबकि अध्यक्षता राष्ट्रीय जागरण मंच के अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने की।

# वंचितों के लिए उम्मीद बनकर उभर रही राजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। श्री कोटवाधाम स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय जनमानस पार्टी की मासिक बैठक की अध्यक्षता महंत अखिलेश दास ने की। बैठक का संचालन अनिल कुमार यादव ने किया। बैठक के विशिष्ट अतिथि पूर्वांचल की राजनीति में अहम भूमिका निभाने वाले मणि परिवार के सुप्रसिद्ध समाजसेवी पंडित श्याम बिहारी मणि त्रिपाठी रहे।



सर्वप्रथम उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सत्यनाम शरण दास ने कहा कि भारत की सामाजिक संरचना में सदियों से दलित, आदिवासी, पिछड़े व अल्पसंख्यक समुदाय सबसे अधिक उत्पीड़न का शिकार रहे हैं। मुख्यधारा की पार्टियाँ चाहे वे वामपंथी हों, दक्षिणपंथी हों या मध्यवर्ती, इनके हितों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करती आई हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे में राष्ट्रीय जनमानस पार्टी (राजपा) एक नई उम्मीद बनकर उभरी है। यह पार्टी मूल रूप से उन वंचित तबकों के लिए बनाई गई है।

यह पार्टी मूल रूप से वंचित तबकों के लिए बनाई गई है।विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी पंडित श्याम बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि राजपा का मानना है कि जब तक दलित - आदिवासी -पिछड़े समाज की अपनी स्वतंत्र, मजबूत आवाज नहीं बनेगी, तब तक कोई भी गठबंधन या मुख्यधारा की पार्टी उनके लिए स्थायी समाधान नहीं ला सकती। यह पार्टी जातिगत उत्पीड़न, आर्थिक शोषण और सांस्कृतिक बहिष्कार के खिलाफ एकजुट संघर्ष का प्रतीक है। पार्टी प्रवक्ता अनिल कुमार यादव ने कहा कि आज का समय बदलाव का है। वंचित समुदायों को अब अपनी ताकत पहचानने और एकजुट होकर अपनी पार्टी के माध्यम से सत्ता में भागीदारी की जरूरत है। कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय जनमानस पार्टी (राजपा) ही वह मंच है जहाँ दवित, शोषित, वंचित, समुदायों का भविष्य सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वाभिमानपूर्ण होगा। अब समय है जागने का, संगठित होने का और राजपा के साथ चलकर नया भारत बनाने का।

इस अवसर पर अनेक महिला पुरुषों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण किया यथा राममिलन, रामदयाल, अमित कुमार, राम भजन रावत, नन्हा, रामू मौर्य, घिर्राऊ चौहान, मंसाराम रावत, मनीराम रावत आदि ने भी अपने विचार रखे।

# महमूदाबाद लखनऊ मार्ग पर लगा संकेतक, हादसों में कमी के आसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान बनाए गए डिवाइडर स्पष्ट दिखाई ना देने से आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से सबक लेते हुए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सड़क सुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम उठाया है।

अब डिवाइडर पर सौर ऊर्जा से संचालित विशेष ब्लिंक लाइट लगाई गई है। यह लाइट रात के समय लगातार जलती-बुझती रहती है।जिससे घने कोहरे और अंधेरे में भी वाहन चालकों को डिवाइडर का संकेत दूर से ही स्पष्ट दिखाई देता है। संकेतक लगने से सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

इससे पहले विभाग द्वारा डिवाइडर पर चिपकाई गई रेडियम पट्टियां मौसम की मार और वाहनों की टक्कर से बार-बार



उखड़ कर नष्ट हो जाती थी। अब मेटल प्लेट पर बनी रेडियम पट्टी को पेच की सहायता से मजबूती से फिक्स किया गया है।जिससे यह अधिक टिकाऊ साबित होगी।

उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर कई बड़े और भयावह हादसे हो चुके हैं। एक दुर्घटना में तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर में घुस गया था, जबकि दूसरी घटना में एक कार डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। वहीं तीसरे हादसे में एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया था। ये हादसे इतने गंभीर हुए कि एक बार वाहन आग का गोला तक बन गया था। लगातार हो रही इन गंभीर घटनाओं के बाद विभाग को यह एहसास हुआ कि केवल साधारण रेडियम पट्टी पर्याप्त नहीं है।

इसके बाद यह निर्णय लिया गया कि डिवाइडर पर सौर ऊर्जा से संचालित ब्लिंक लाइट लगाना और मेटल रेडियम पट्टी को पेच के माध्यम से मजबूती से लगाना ही अधिक प्रभावी और सुरक्षित उपाय होगा।

स्थानीय लोगों और वाहन चालकों ने लोक निर्माण विभाग के इस प्रयास की सराहना की है। लोगों का कहना है कि यदि यह व्यवस्था पहले की गई होती तो कई हादसों को टाला जा सकता था। साथ ही मांग की गई है कि पूरे मार्ग के अन्य संवेदनशील स्थानों पर भी इसी तरह की सौर ऊर्जा चालित ब्लिंक लाइटें लगाई जाएं, ताकि सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।

# पूर्णिमा पर कोटवाधाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।श्री कोटवाधाम में पौष पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में भक्तगणों ने लाइन में लगकर प्रसाद चढ़ाया और अपनी मनोकामनाएं मांगी।शनिवार को सुबह से ही कई जनपदों से श्रद्धालु कोटवाधाम पहुंचने लगे थे। भक्तों ने सबसे पहले अघहरण सरोवर में स्नान और आचमन किया। इसके बाद वे बड़े बाबा के दरबार पहुंचे, जहां उन्होंने कतारबद्ध होकर प्रसाद अर्पित किया।सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बदोसराय पुलिस भी तैनात रही। पौष मास की पूर्णिमा को बड़े बाबा के दरबार में उमड़ी यह आस्था बाराबंकी के साथ-साथ सीतापुर, गोंडा, बहराइच और अयोध्या जैसे पड़ोसी जनपदों से भी श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है।श्रद्धालुओं का मानना है कि पूर्णमासी के दिन बड़े बाबा के दरबार में प्रसाद चढ़ाने से सुख-समृद्धि आती है।बड़ी गद्दी के महंत



निलेन्द्र बक्स दास ने बताया कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि बड़े बाबा के दरबार में कई जनपदों और प्रदेशों से भक्त आते हैं, प्रसाद चढ़ाते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## अधेड़ ने फांसी लगा की आत्महत्या

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी 54 वर्षीय श्यामसुंदर वर्मा फांसी लगाकर आतहत्या की।लोगों ने गांव की बाग में उनका शव पेड़ से लटकता देख पुलिस को सूचना दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## हिंदू सम्मेलन गोष्ठी, याद किए गए बलिदानी

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बड़ागांव मंडल द्वारा भगवान चतुर्भुज मूर्ति स्वामी मंदिर धाम मूरतपुर (बड्डूपुर) में हिंदू सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ की 100 वर्षों की यात्रा, सामाजिक भूमिका और भविष्य की दिशा पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता सह जिला संचालक ओमप्रकाश ने कहा कि समाज और राष्ट्र के लिए हुए बलिदानों पर गर्व होना चाहिए। अनेक ऐसे परिवार हैं जिनके योगदान को इतिहास ने भुला दिया। इसी भाव से भारत सरकार द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने धर्म रक्षा हेतु गुरु तेग बहादुर जी एवं गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों के बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. हेडगेवार जी ने यह विचार किया कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी राष्ट्र को संगठित रखने की आवश्यकता है, इसी से संघ की स्थापना हुई। भारत के ज्ञान, संस्कृति और मूल्यों को विश्व तक पहुंचाने का कार्य संघ कर रहा है। स्वामी विवेकानंद के शिकागो संदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने संगठन की आवश्यकता पर बल दिया।

गोष्ठी में समाज परिवर्तन हेतु संघ के पंच परिवर्तन— सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य— पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि संघ का शताब्दी वर्ष समाज जागरण की दिशा में प्रेरणादायी है। इस अवसर पर डा. राम कुमार गिरि, महंत जयराम दास, शिव सागर और राम दास ने भी विचार व्यक्त किए।

## पिकअप से कुचलकर बालक की दर्दनाक मौत

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की छेदा चौकी अंतर्गत विशुनपुर गांव निवासी संजय कुमार का 13 वर्षीय पुत्र सत्यम शनिवार दोपहर घर के सामने अलाव ताप रहा था। इसी दौरान लकड़ी लादकर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित हो गई और सत्यम को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया।इलाज के लिए ले जाते तब तक उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हुई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भगाने लगा। शोर सुनकर ग्रामीणों ने पिकअप का पीछा किया और बसारी गांव के पास उसे पकड़ लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## घर पर खाना बनाने वाली के साथ दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे घर पर खाना बनाने वाली महिला से चार वर्षों तक डरा धमका कर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपित के खिलाफ पुलिस ने शुक्रवार को दुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करके गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साथ ही पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण कराकर अदालत में बयान दर्ज कराए हैं। सुमेरपुर कस्बे की एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में आरोप लगाया था कि कस्बा निवासी रविंद्र भारतवंशी ने चार वर्ष पूर्व उसे घर में खाना बनाने के लिए रखा था। उसके पति बाहर रहकर मजदूरी करते थे। पति की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर भारतवंशी ने उसके साथ डरा धमकाकर शारीरिक संबंध बनाए और चार वर्षो तक शोषण करता रहा है। रविंद्र भारतवंशी से शारीरिक संबंधों की भनक उसके बच्चों और पति को हुई, तो पति ने बहुत मारा पीटा था। तब उसने अपने पास रखने का भरोसा दिया था। लेकिन अब वह पास नहीं रखता है और किसी तरह की मदद नहीं करता। साथ ही पांच हजार रुपये वापस नहीं कर रहा है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके आरोपित को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जेल भेजा गया है।

## सत्यभान हत्याकांड का हत्यारोपित गिरफ्तार

फिरोजाबाद । थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने शुक्रवार को लाठी डंडों से मारपीट व फायरिंग में गोली लगने से हुई हत्या के मामले में एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्यवाही कर उसे जेल भेजा है। थाना नसीरपुर क्षेत्र अन्तर्गत 29 दिसंबर 2025 को सूरतराम पुत्र बैजनाथ, अरूण पुत्र सूरतराम, श्रीकिशन उर्फ भूरा पुत्र बैजनाथ, सिमला पुत्र रामकिशन, ब्रजेश पुत्र सौदान सिंह व रामविलाश पुत्र सीताराम समस्त निवासीगण ग्राम नन्दराम की मडैया थाना नसीरपुर ने सत्यभान पुत्र मातादीन व राजपाल उर्फ छोटे पुत्र मातादीन और गुलशन पुत्र सत्यभान के साथ लाठी डन्डों व नाजायज असलहा से हमला करते हुये मारपीट की थी तथा नाजायज असलहा से फायर किया था।

## बरेली में शोकः मुख्यमंत्री दिवंगत विधायक को देंगे श्रद्धांजलि

बरेली । फरीदपुर से भाजपा विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल के हार्ट अटैक से निधन के बाद शहर में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिवंगत विधायक के पीलीभीत बाईपास रोड स्थित शक्ति नगर आवास पहुंचकर अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह लखनऊ से प्रस्थान कर साढ़े 10 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद वह सीधे विधायक के आवास जाएंगे। करीब 11:25 बजे मुख्यमंत्री लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम और अंतिम यात्रा को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए गए हैं। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि 3 जनवरी को सुबह 6 बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। शहर में भारी वाहनों की एंट्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। परसाखेड़ा रोड नंबर-01, विलवा पुल, लालपुर कट, विलयधाम, नवदिया झाड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर, रामगंगा तिराहा और बुखारा मोड़ की ओर से भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा।

# दरिद्र नारायण की सेवा नदी तट पर कारसेवकों की भीड़, आश्रम गुलजार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। रेट नदी के तट पर स्थित रामवन कुटीर आश्रम हडियाकोल जंगल मे चल रहे मानव सेवा के महाकुम्भ मे सेवा की डुबकी लगाने प्रदेश के खाद्य रसद नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री श्री सतीष चन्द्र शर्मा जी आश्रम पहूँचे मंत्री जी ने स्वामी रामज्ञान दास जी महाराज निशुल्क ओ0पी0डी0 सेन्टर में स्थापित स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा पर फूल अर्पित किये श्री सतीष चन्द्र शर्मा जी ने रोगहरण श्रीहनुमान जी के मन्दिर में दर्शन कर 28 दिसम्बर से हुए नेत्र आपरेशन के मरीजो के लिए शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की मंत्री जी ने श्रीरामवन कुटीर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष भगवान दास जी एवं हरिद्वार से पधारे तुलसीदास जी महाराज से आर्शीवाद प्राप्त किया नेत्रसर्जन डॉ0 जैकब प्रभाकर से व उनकी टीम के सदस्यो को मुख्यमंत्री



योगी आदित्य नाथ जी की ओर से प्रदेश के गरीब मरीजो को रोशनी प्रदान करने के लिए बधाई दी। मंत्री जी ने मरीजो की ओ0पी0डी0 सेवा में जाकर डॉ0 रमेश हुण्डा रोहतक हरियाणा से मिलकर बधाई दी मरीजो की सेवा करने के लिए देशभर से आये हुए सेवादारो से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया आश्रम के सेवादार श्री मनीष मेहरोत्रा ने बताया की आपरेशन करने वाले सभी डॉ0 प्रभु ईसामसीह को मानते है आज डॉ0 जैकब प्रभाकर की टीम के सदस्यों ने सभी धर्मो को मानने वाले प्रबुद्धजनो के साथ मिलकर सामूहिक प्रार्थना में भाग लिया तथा सभी मरीजो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की इस अवसर पर धर्मेन्द यादव जी ब्लॉक प्रमुख देवा क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार जी, जहाँगीराबाद प्रभारी निरिक्षक दुर्गा प्रसाद शुक्ला, डॉ0 संजीव साहू, वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी टी0एन0 वर्मा, अरविन्द कुमार नेत्र परीक्षण अधिकारी ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य शंकर लाल सोमानी, रामकिशन राठी, शिवकुमार निगम तथा रमाशंकर झंवर, अंकित गुप्ता, अन्जनी कुमार, बलवन्त सिंह, आदर्श वर्मा युवानेता संजय यादव पलिया रिचा, पूजा मेहरोत्रा, रिमझिम, शशी निगम, मंजू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब के संविधान से हर कोई हो रहा लाभान्वित : गोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध कठोर लड़ाई लड़ते हुए समाज में एकता समरसता को स्थापित के लिए निरंतर संघर्ष किया उनके संघर्ष का ही नतीजा है कि आज हर वर्ग के लोगों को उनका हक अधिकार मिल रहा है। श्री गोप आज जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता एवं जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में संविधान शिल्पी भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं पार्टी की मासिक बैठक में संबोधित कर रहे थे।बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि बाबा साहब ने सर्व समाज की भलाई के लिए तमाम दुश्वादियों कठिनाइयों को सहते हुए समाज में मौजूद बुराइयों को समाप्त करने के लिए जिंदगी भर प्रयास करते रहे उन्हीं के संघर्ष का नतीजा है कि



आज समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बड़ी है समाज में सामाजिक समरसता का भाव बढ़ा है एकता बंधुत्व की भावना मजबूत हुई है उनके द्वारा बनाए संविधान से सभी को लाभ मिल रहा है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने संविधान की रक्षा के लिए निरंतर काम करते रहें इसलिए मौजूदा दौर में चल रही ट्रन्स्ट प्रक्रिया मे सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपने-अपने फॉर्म भरकर जमा करने का काम करते हुए लोकतंत्र को मजबूत करने का काम भी हम सबको करना होगा क्योंकि बाबा साहब ने हमें वोट का जो अधिकार दिया है उस अधिकार को सुरक्षित रखना हम सब की जिम्मेदारी है इसलिए सभी अपने-अपने मतदान स्थल पर उपस्थित होकर अपने उख्र्ग से फॉर्म लेकर जल्द से जल्द भरकर जमा करने का काम करें। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने कहा कि बाबा साहब ने गांव गरीब गुरबत में रहने वालों के हक अधिकारों की रक्षा के लिए जो लड़ाई लड़ी थी उसी का नतीजा है कि आज हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं बाबा साहब के संघर्षो को कभी भुलाया नहीं जा सकता उनके संघर्षो से प्रेरणा लेकर हम सबको निरंतर समाज में एकता भाईचारे को मजबूत करने के लिए काम करते रहना होगा तभी हम सबके अधिकार सुरक्षित रहेगे।

बैठक को संबोधित करते हुए जैदपुर विधायक गौरव रावत ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने समाज मे पिछड़े वर्ग के हक हकूक की हर लड़ाई लड़ने के लिए हरदम तैयार रहते थे बाबा साहब ने सभी के दुख दर्द को दूर करने के लिए हर प्रयास किया है इसलिए हम सबको भी एकजुट होकर अपने हक अधिकारों की रक्षा की लड़ाई लड़नी होगी उसके



लिए हमको सबसे पहले अपने मताधिकार को सुरक्षित करना होगा इसलिए हम सभी को एस आई आर प्रक्रिया में सहभागिता दर्ज करते हुए अपने-अपने मताधिकार को सुरक्षित करने के साथ आम जनता के भी हक अधिकार को सुरक्षित करने के लिए हर प्रयास करना होगा।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर कुशल राजनीतिक एवं समाज सुधारक के रूप में सदा हम सबको याद आते रहेंगे उन्होंने भेदभाव के विरुद्ध जो अभियान चला कर काम किया है उसी का नतीजा है कि आज हम सब को सब अधिकार प्राप्त हो रहे हैं इसलिए आप सबसे मेरा अनुरोध है कि बाबा साहब के कार्यों विचारों से प्रेरणा लेते हुए आप सब लोग समाज में एकजुट भाईचारा बनाने के लिए काम करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के दिशा निर्देशों का पालन कर चुनाव आयोग द्वारा फिर की जो प्रक्रिया संपादित कराई जा रही है उसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए हर मतदाता से संपर्क कर कर उसके फॉर्म को जमा करने का काम करें जिससे आने वाले समय में किसी को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक को पूर्व विधायक सरवर अली खाँ, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ,पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, जिला उपाध्यक्ष नसीम कीर्ति कामता प्रसाद यादव, पंडित रामचंद्र मिश्रा, अजय वर्मा बबलू आदि लोगों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर संजय रिजवान अमित सिंह जितेंद्र पटेल रजनी यादव सुरेश चंद्र गौतम चक्खन यादव जिला सचिव धीरज गुलसिया मोहम्मद आफाक महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव युवजन सभा जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, विधानसभा अध्यक्ष उबेद सानू विनय यादव जितेंद्र वर्मा राम सजीवन रावत दिनेश कुमार शर्मा जितेंद्र यादव संजय सिंह धर्मेंद्र वर्मा ज्ञान सिंह यादव डॉक्टर नवनीत प्रकाश श्रीवास्तव कमलेश कुमार यादव लल्ला यादव अर्पित यादव पार्वती देवी सुमन यादव आदि तमाम पदाधिकारियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके दिखाएं बताएं रास्ते पर चलने का प्रण किया।

# हार्दिक पांड्या ने विजय हजारे ट्रॉफी में जड़ा अपना पहला लिस्ट-ए शतक

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने विजय हजारे ट्रॉफी में बड़ौदा की ओर से खेलते हुए विदर्भ के खिलाफ अपने करियर का पहला लिस्ट-ए शतक जड़ दिया। यह शानदार पारी उन्होंने शनिवार को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेली।

हार्दिक ने महज 68 गेंदों में शतक पूरा किया, जिसमें छह चौके और आठ छक्के शामिल थे। वह उस समय बल्लेबाजी करने आए जब बड़ौदा की हालत बेहद खराब थी और टीम 20वें ओवर में 71 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी। नंबर सात पर उतरने के बाद हार्दिक ने शुरुआत में संयम दिखाया और 44 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने गियर बदले और अगली 24 गेंदों में शतक तक पहुंच गए। पारी का सबसे यादगार पल 39वां ओवर रहा, जब हार्दिक ने विदर्भ के बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ रखेडे के एक ओवर में 34 रन ठोक दिए। इस ओवर में उन्होंने पांच छक्के और एक चौका लगाया। यह विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास का तीसरा सबसे महंगा ओवर रहा। हार्दिक अंततः 92 गेंदों पर 133 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस विस्फोटक पारी में उन्होंने 11 छक्के और आठ चौके लगाए। यह इस सीजन में विजय हजारे ट्रॉफी में बड़ौदा के लिए हार्दिक पांड्या का पहला मैच था। इससे पहले उन्होंने आखिरी बार मार्च 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान 50 ओवर प्रारूप में मैच खेला था। कुल मिलाकर हार्दिक पांड्या अब तक 119 लिस्ट-ए मैच खेल चुके हैं, जिनमें भारत के लिए 94 वनडे, भारत-ए के लिए 8 और बड़ौदा के लिए 17 मैच शामिल हैं। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ लिस्ट-ए स्कोर 2020 में कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 92 रन था। लिस्ट-ए क्रिकेट में हार्दिक अब तक 2300 से अधिक रन बना चुके हैं। इस शानदार शतक के साथ हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह किसी भी परिस्थिति में मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं।



# यमुनानगर :पैरा खेलों में स्वर्णिम छलांग लगाने वाले जयवीर की जिद्द बनी प्रेरणा

एजेंसी

यमुनानगर। जीवन जब अचानक सबसे बड़ा झटका दे दे, तब इंसान या तो टूट जाता है या इतिहास रच देता है। जयवीर कुमार ने दूसरा रास्ता चुना। सेना में चयन जैसी बड़ी उपलब्धि के बाद एक सड़क हादसे में जब उनका एक पैर कट गया, तो लगा जैसे सारे सपने वहीं थम जाएंगे। लेकिन जयवीर ने इसे किस्मत की हार नहीं, बल्कि नई शुरुआत का मोड़ बनाया।

30 वर्षीय जयवीर कुमार, मूल रूप से हरियाणा के चरखी दादरी जिले से हैं और वर्तमान में रेलवे के जगाधरी वर्कशॉप में सहायक पद पर कार्यरत हैं। हाल ही में उन्होंने पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित दूसरी हरियाणा ओपन स्टेट पैरा ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर साबित कर दिया कि असली शक्ति शरीर में नहीं, संकल्प में होती है। जयवीर का जीवन वर्ष 2013 में उस वक्त पूरी तरह बदल गया, जब भारतीय सेना में चयन के कुछ ही समय बाद एक भीषण सड़क हादसे में उनकी दाहिनी टांग गंवानी पड़ी। कई महीनों तक बिस्तर पर रहने और वर्षों तक मानसिक संघर्ष झेलने के बाद वे टूट जरूर गए थे, लेकिन हार नहीं मानी। एक मित्र के सहयोग और आत्मविश्वास ने उन्हें दोबारा खड़ा किया। उन्होंने पैरा ओलंपिक को लक्ष्य बनाकर कठिन अभ्यास शुरू किया। शुरुआती दौर में हर कदम चुनौती था, लेकिन निरंतर मेहनत ने उन्हें नई पहचान दी। जयवीर ने पैरा ताइक्वांडो ही नहीं, बल्कि पैरा फुटबॉल, भाला फेंक और योगासन जैसे खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए। अब तक जयवीर 2018 में राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स भाला फेंक में स्वर्ण, 2019 में रजत, 2022 में राज्य पैरा फुटबॉल में रजत, 2023 में राज्यस्तरीय योगासन में स्वर्ण, 2024 में राज्य फुटबॉल में रजत और 2024 की नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत चुके हैं। कभी 400 मीटर दौड़ के राज्यस्तरीय खिलाड़ी रहे जयवीर आज पैरा खेलों के बहुआयामी चैंपियन बन चुके हैं। उनका सपना अब भी अधूरा नहीं है—वे पैरा ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर तिरंगा लहराना चाहते हैं। जयवीर की कहानी उन लाखों लोगों के लिए संदेश है, जो हालात से डरकर रुक जाते हैं। वह साबित करते हैं कि इंसान अंगों से नहीं, आत्मबल से पराजित होता है-और अगर जिद हो, तो हर असंभव संभव बन सकता है।




## भारतीय स्कीट शूटर अंगद वीर सिंह बाजवा नागरिकता बदलकर अब करेंगे कनाडा का प्रतिनिधित्व

नई दिल्ली। भारतीय स्कीट शूटर अंगद वीर सिंह बाजवा ने अपनी नागरिकता बदलने का फैसला किया है और अब वह भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कनाडा का प्रतिनिधित्व करेंगे। निशानेबाज अंगद ने 25 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर अपनी नई लाल शूटिंग वेस्ट की तस्वीर साझा की, जिस पर उनका नाम और कनाडा का झंडा लगा हुआ था। इस पोस्ट के साथ उन्होंने संकेत दिया कि अब वह कनाडा के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। अंगद इससे पहले भारत के लिए कई बड़े मंचों पर खेल चुके हैं। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों और टोक्यो ओलंपिक 2021 में पुरुष स्कीट स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2018 एशियन शॉटगन चैंपियनशिप में उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद 2019 एशियन चैंपियनशिप में गणेमत सेखों के साथ मिक्स्ड टीम इवेंट में रजत पदक हासिल किया।

## स्टोक्स ने एशेज हार के बावजूद ईसीबी से मैकुलम पर भरोसा बनाए रखने की अपील की

एजेंसी

सिडनी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज़ में करारी हार के बावजूद हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम पर भरोसा बनाए रखने की अपील की है। स्टोक्स ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) से किसी भी तरह के जल्दबाज़ी भरे फैसले से बचने को कहा और 'बाज़बॉल' दर्शन के साथ आगे बढ़ने का समर्थन किया। पांच मैचों की एशेज सीरीज़ को कप्तान स्टोक्स और कोच मैकुलम की जोड़ी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा माना जा रहा था। वर्ष 2022 में साथ आने के बाद दोनों ने आक्रामक क्रिकेट की नई शैली को बढ़ावा दिया। हालांकि, इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बड़ी उम्मीदों के साथ पहुंची थी, लेकिन महज़ 11 दिनों के भीतर ही वह 3-0 से पिछड़ गई। इसके बावजूद मेलबर्न टेस्ट में जीत दर्ज कर इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में 15 साल से चला आ रहा जीत का सूखा खत्म किया। रविवार को सिडनी में खेले जाने वाले अंतिम टेस्ट से पहले मैकुलम के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए स्टोक्स ने कहा कि वह मैकुलम के साथ काम जारी रखना चाहते हैं। ब्रिटिश मीडिया के हवाले से स्टोक्स ने कहा,ह्लमेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि आने वाले समय में इस टीम को आगे ले जाने के लिए मैं और ब्रेंडन ही सही लोग हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई और व्यक्ति इस टीम को मौजूदा स्थिति से और ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। हम दोनों वही काम जारी रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं जो हम कर रहे हैं। स्टोक्स ने माना कि मैकुलम के साथ शुरुआती दौर की तुलना में अब टीम के नतीजों और निरंतरता में गिरावट आई है, लेकिन उन्होंने इसे सुधारने को लेकर भरोसा जताया।

# बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने मुस्ताफिजुर रहमान को किया रिलीज

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बड़ा फैसला लेते हुए बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दिया है। फ्रेंचाइज़ी ने इस संबंध में एक आधिकारिक मीडिया रिलीज जारी कर पुष्टि की है कि यह कदम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और आईपीएल के नियामक निर्देशों के तहत उठाया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा जारी मीडिया एडवाइजरी में कहा गया है कि बीसीसीआई/आईपीएल ने आगामी सीजन से पहले मुस्ताफिजुर रहमान को स्क्वॉड से रिलीज करने का निर्देश दिया था। इसके बाद सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और आपसी परामर्श के तहत इस निर्णय को लागू किया गया। फ्रेंचाइज़ी ने यह भी स्पष्ट किया है कि आईपीएल नियमों के



अनुसार बीसीसीआई ने केकेआर को रिप्लेसमेंट खिलाड़ी शामिल करने की अनुमति दे दी है, जिसकी जानकारी उचित समय पर साझा की जाएगी। मुस्ताफिजुर रहमान को केकेआर ने दिसंबर में हुई आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह इस सीजन के लिए अनुबंध पाने वाले इकलौते बांग्लादेशी खिलाड़ी थे। हालांकि, हाल के दिनों में उनके चयन को लेकर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर विरोध देखने को मिला, जिसके बाद यह मामला चर्चा के केंद्र में आ गया। मुस्ताफिजुर रहमान का आईपीएल करियर काफी प्रभावशाली रहा है। उन्होंने 2016 में आईपीएल में डेब्यू किया था और इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद, मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स जैसी टीमों का प्रतिनिधित्व किया। अब तक खेले गए 60 आईपीएल मैचों में उन्होंने 65 विकेट झटके हैं और डेथ ओवरों में अपनी कटर गेंदों के लिए पहचाने जाते हैं। आईपीएल 2025 में वह दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा थे, जहां उन्होंने इंजरी रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम जॉइन की थी। मुस्ताफिजुर के रिलीज होने के बाद केकेआर का आईपीएल 2026 स्क्वॉड अब अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, वरुण चक्रवर्ती, उमरान मलिक, कैमरून ग्रीन, रचिन रवींद्र, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी और अन्य खिलाड़ियों के साथ आगे की रणनीति पर काम करेगा। फ्रेंचाइज़ी की नजर अब रिप्लेसमेंट खिलाड़ी पर है, जिससे टीम संतुलन को मजबूत किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रेयस अय्यर छह जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी का मैच खेलेंगे

**मुंबई।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पिछले साल अक्टूबर में लगी तिल्ली (स्पलीन) की चोट से उबरने के बाद अपना पहला प्रतिस्पर्धी मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के बीच छह जनवरी को होने वाले मैच में खेलेंगे लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला में उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर करेगी। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मैच के दौरान अय्यर को चोट लगी थी। उन्हें तिल्ली में घाव और आंतरिक रक्तस्राव के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने नवंबर की शुरुआत में अय्यर को टीम से रिलीज कर दिया था। इसके बाद दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अब वापसी करने के करीब है। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एक सूत्र के अनुसार यह 31 वर्षीय खिलाड़ी अपनी घरेलू टीम मुंबई के लिए 50 ओवरों की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में खेलेगा। सूत्र ने पीटीआई से कहा, ''श्रेयस दो जनवरी, 2026 को अपना पहला 50 ओवर का आरटीपी (रिटर्न टू प्ले) मैच खेलने में सफल रहे। वह पूरी तरह फिट होने की मंजूरी मिलने से पहले छह जनवरी को विजय हजारे ट्रॉफी के मैच के रूप में अपना दूसरा आरटीपी मैच खेलेंगे। इस प्रकार अय्यर एक अन्य भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। जायसवाल ने 31 दिसंबर को गोवा के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में अपना पहला मैच खेला था। भारत 11 से 31 जनवरी तक न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन वनडे और फिर पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेगा।

### गिल नहीं खेले, अर्शदीप का पंजा, पंजाब ने सिक्किम को 10 विकेट से रौंदा

**जयपुर।** अर्शदीप सिंह (पांच विकेट) के बाद कप्तान प्रभसिमरन सिंह (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पंजाब ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सिक्किम को 262 गेंदे शेष रहते 10 विकेट से रौंद कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। 76 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब ने 6.2 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाये 81 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। कप्तान प्रभसिमरन सिंह ने 26 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की नाबाद पारी खेली। हरनूर सिंह ने 13 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाये। इससे पहले आज यहां शुभमन गिल की गैरमौजूगी में खेल रही पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सिक्किम की टीम पंजाब के गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और पूरी टीम 22.2 ओवर में मात्र 75 रन के स्कोर पर सिमट गई। पलजोर तमांग ने सिक्किम के लिए सर्वाधिक 13 रन बनाये। उनके अलावा गुरिंदर सिंह (10) और एम डी सपतुल्ला (10) रन बनाकर आउट हुये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह ने 10 ओवरों 34 रन देकर पांच विकेट झटके। अर्शदीप को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। सुखदीप सिंह बाजवा और मयंक मार्कंडेय को दो-दो विकेट मिले।

### वनडे विश्व कप ही नहीं बल्कि रोहित और कोहली को लंबे समय तक खेलते देखना चाहता हूँ: इरफ़ान पठान

**नयी दिल्ली।** भारत 2026 की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू व्हाइट-बॉल चुनौती के साथ करेगा, जिसकी शुरुआत तीन मैचों की वनडे सीरीज से होगी जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली एक बार फिर भारत की जर्सी में दिखेंगे। 'फॉलो द ब्लूज' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट इरफ़ान पठान और वरुण आरोन ने ज़्यादा वनडे और ट्राई-सीरीज की जरूरत, रोहित और कोहली के वनडे करियर को बढ़ाने के महत्व और नए कप्तान शुभमन गिल के आस-पास बढ़ती उम्मीदों पर ज़ोर दिया। इरफ़ान पठान ने रोहित और कोहली के पुरुष विश्व कप 2027 में खेलने के बारे में कहा, ''आप निश्चित रूप से 2027 वनडे वर्ल्ड कप के बारे में सोचना चाहेंगे। यह अभी दूर है, लेकिन मैं बस रोहित और कोहली दोनों को लंबे समय तक भारत के लिए और जब वे इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेल रहे हों, तो घरेलू क्रिकेट में खेलते देखना चाहता हूँ। वे सिर्फ एक फॉर्मेट खेल रहे हैं और कुछ नहीं, इसलिए वे जितना ज़्यादा खेलेंगे, उतना ही बेहतर होगा। वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान के तौर पर शुभमन गिल के सामने आने वाली चुनौतियों पर उन्होंने कहा, ''जब मुझे पहली बार 19 साल की उम्र में चुना गया था, तो महान राहुल द्रविड़ ने कहा था, इरफ़ान, यह अच्छी बात है कि तुम इस लेवल तक पहुँच गए हो, लेकिन अब चीजें और मुश्किल होंगी।

# ख्वाजा के विदाई टेस्ट के बीच इंग्लैंड लड़ेगा आखिरी लड़ाई

एजेंसी

सिडनी। एशेज दौरे का इंग्लैंड का आखिरी प्रैक्टिस सेशन शनिवार को दोपहर करीब 3.15 बजे खत्म हुआ। जैकब बेथेल आखिरी बल्लेबाज थे जिन्होंने असिस्टेंट कोच जीतन पटेल से थ्रोडाउन का सामना किया और फिर ऐतिहासिक एससीजी पवेलियन की ओर चले गए। उनके पीछे इंग्लैंड टीम का लीडरशिप ग्रुप था। कप्तान बेन स्टोक्स, कोच ब्रेंडन मैकुलम और क्रिकेट डायरेक्टर रॉबर्ट की, वे तीन लोग जो साढ़े तीन साल पहले इंग्लिश क्रिकेट को फिर से ज़िंदा करने और फिर एशेज कैंपेन को यादगार बनाने के लिए एक साथ आए थे, पांचवें और आखिरी टेस्ट की पूर्व संध्या पर मैदान से बाहर निकलते समय आपस में बातचीत कर रहे थे। उनमें एक आरामदायक माहौल था, जैसा कि इस ग्रुप में ज़्यादातर समय होता है, और कुछ मुस्कान भी थीं। यह स्वाभाविक था। ऑस्ट्रेलिया में कुल मिलाकर निराशाजनक दो महीनों के बाद, जो भी सकारात्मक बातें वे घर ले जा सकते हैं, उन्हें हासिल करने के लिए पांच और दिन हैं। पीछे मुड़कर देखने का कोई मतलब नहीं था। एक ऐसा कैंपेन जिसमें वे कभी भी एशेज पर कब्ज़ा करते हुए नहीं दिखे। एशेज हाथ से निकल गई है। सपना टूट गया है। भले ही स्टोक्स सिडनी टेस्ट पर ध्यान केंद्रित करते हुए वर्तमान में रहने की बात करते रहे, लेकिन यह संभावना नहीं है कि इंग्लिश क्रिकेट के बड़े अधिकारी इस बहुचर्चित दौरे पर जो कुछ हुआ है, उस पर पहले से ही गहन जांच के बारे में नहीं सोच रहे होंगे। इंग्लैंड के कप्तान सही कह रहे हैं कि सिडनी में अगले कुछ दिन कितने महत्वपूर्ण हैं, इस बात के लिए कि इस इंग्लिश टीम के इस दुर्भाग्यपूर्ण दौरे को आने वाले सालों में कैसे देखा जाएगा। क्योंकि 3-2 का स्कोर 4-1 से कहीं बेहतर लगता है। सबसे पहले, इसका मतलब होगा कि इस टीम ने पिछले 15 सालों में किसी भी इंग्लिश टीम के मुकाबले दोगुने मैच जीते हैं, और पिछले हफ़्ते मेलबर्न में उस सूखे को खत्म किया है। इससे यह भी पता चलेगा कि जब सबसे ज़्यादा ज़रूरत थी, तब मेहमान टीम असल में जितनी करीब थी, उससे कहीं ज़्यादा करीब थी। इसका यह भी मतलब होगा कि उन्होंने संभावित रूप से एक टेस्ट जीता होगा, जहाँ पिच बनाने वालों के बजाय खेलने वालों पर ज़्यादा ध्यान दिया जाता है। यह सब तब हो रहा है जब ऑस्ट्रेलिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स के मामले में पटरी पर लौटने की कोशिश कर रहा है, एमसीजी में चूकने के बाद। अब जब उन्होंने यह साफ़ कर दिया है कि एडिलेड में 3-0 से आगे होने के बाद उनका एशेज अभियान खत्म हो गया था। वह भी एक खास टेस्ट में, जहाँ उनके अब तक के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक, उस्मान ख्वाजा, अपने इंटरनेशनल करियर को खत्म कर रहे हैं। यह उनका पुराना होम ग्राउंड हुआ करता था, क्योंकि वह एससीजी से कुछ ही दूरी पर पले-बढ़े थे। परिवार, दोस्तों और अपने पुराने घरेलू फैंस के सामने। जिस तरह से वह चाहते थे, उसी तरह से विदाई ले रहे हैं, उनका करियर एक पूरा चक्कर लगा चुका है, लगभग 15 साल पहले उसी तारीख को जब वह उसी मैदान पर एक एशेज टेस्ट में बल्लेबाजी करने उतरे थे।

## टी20 क्रिकेट में एक गेंदबाज को पांचवां ओवर फेंकने की अनुमति मिलनी चाहिए: साइमन टॉफ़ेल

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूर्व अंपायर साइमन टॉफ़ेल ने टी20 क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन बनाने की अपील करते हुए सुझाव दिया है कि एक गेंदबाज को मौजूदा चार ओवर के कोटे के बजाय पांच ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी जानी चाहिए। अभी क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में प्रत्येक गेंदबाज को अधिकतम चार ओवर फेंकने की अनुमति है लेकिन टॉफ़ेल का मानना है कि एक गेंदबाज को पांचवा ओवर करने की अनुमति देने से इस खेल में नया रणनीतिक आयाम जुड़ सकता है। ऑस्ट्रेलिया के इस 54 वर्षीय अंपायर ने क्रिकबज से कहा, ''मैंने कुछ अलग-अलग लीग को कुछ सुझाव दिए हैं, जिन पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। लेकिन मैं सीमित ओवरों के क्रिकेट में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन देखना चाहता हूं। उन्होंने कहा, ''मैं चाहता हूं कि टी20 क्रिकेट में एक गेंदबाज पांचवां ओवर भी फेंके। अगर कोई बल्लेबाज पहली गेंद से लेकर आखिरी गेंद तक पूरी पारी में क्रीज पर रह सकता है तो फिर हम सभी गेंदबाजों को चार ओवर तक क्यों सीमित कर रहे हैं। टॉफ़ेल ने कहा, ''क्या हम किसी एक गेंदबाज को एक अतिरिक्त ओवर दे सकते हैं, ताकि बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच कुछ संतुलन पैदा किया जा सके। मैं केवल इस बात पर गौर कर रहा हूं कि किस तरह से संतुलन पैदा किया जाए। टॉफ़ेल ने 2004 और 2008 के बीच लगातार पांच बार आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर का पुरस्कार हासिल किया था। उन्होंने कहा कि वह हाल ही में नियमों में किए गए सभी बदलाव का समर्थन नहीं करते हैं, जिनमें इम्पैक्ट प्लेयर नियम और रणनीतिक टाइमआउट भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''सभी बदलाव अच्छे नहीं होते। हम सिर्फ मार्केटिंग हथकंडे के लिए चीजों को बदलते रहते हैं, जिससे हमें सावधानी बरतनी होगी। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होता है।

## अरुणाचल प्रदेश के याजाली में फोप ग्रेफाइट के समग्र लाइसेंस के लिए

एजेंसी

ईटानगर। ओआईएल इंडिया लिमिटेड ने अरुणाचल प्रदेश के याजाली सर्कल में फोप ग्रेफाइट और वेनेडियम ब्लॉक के लिए समग्र लाइसेंस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के अनुसार, यह समझौता बृहस्पतिवार को केयी पन्योअर जिले में स्थित खनिज ब्लॉक के लिए राज्य के भूविज्ञान और खनन सचिव ए के सिंह, ओआईएल के मुख्य महाप्रबंधक रघुनाथ मिश्रा और हिमालय अध्ययन एवं पृथ्वी विज्ञान केंद्र (सीईएसएचएस) के निदेशक ताना टैगे की उपस्थिति में किया गया। समझौते के तहत सीईएसएचएस स्थानीय भागीदार के रूप में परियोजना में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शामिल होगा। स्थानीय हितधारक के रूप में, जिनकी जमीनी स्तर पर मजबूत मौजूदगी है, सीईएसएचएस प्रारंभिक और अन्वेषणात्मक सर्वेक्षण कार्य में सहायता करेगा और स्थानीय समुदायों और अधिकारियों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने में योगदान देगा ताकि अन्वेषण गतिविधियां सुचारू रूप से चल सकें। अधिकारियों ने बताया कि ओआईएल की खनिज और संसाधन अन्वेषण में तकनीकी विशेषज्ञता, सीईएसएचएस के स्थानीय ज्ञान और सक्रिय सहभागिता के साथ मिलकर संचालन क्षमता बढ़ाने, हितधारक समन्वय मजबूत करने और क्षेत्र में जिम्मेदार व सतत खनिज विकास को बढ़ावा देने की उम्मीद है।

समझौते पर हस्ताक्षर को भारत की महत्वपूर्ण खनिज योजना में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जिसका उद्देश्य संसाधन सुरक्षा बढ़ाना, रणनीतिक आत्मनिर्भरता को सशक्त करना, ऊर्जा संक्रमण का समर्थन करना और अरुणाचल प्रदेश में समग्र विकास में योगदान देना है।

# महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग एयरपोर्ट को 24 घंटे संचालन के लिए डीजीसीए की मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में स्थित सिंधुदुर्ग एयरपोर्ट को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से 24 घंटे संचालन की मंजूरी मिल गई है, जिसमें कम दृश्यता और प्रतिकूल मौसम की स्थितियां भी शामिल हैं।

आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स ने इस एयरपोर्ट का व्यावसायिक परिचालन अक्टूबर, 2021 में शुरू किया था। डीजीसीए हवाई अड्डे को 'इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स' (आईएफआर) के लिए प्रमाणित किया गया है, जो कम दृश्यता और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के दौरान विमान संचालन को सक्षम बनाता है। डीजीसीए की इस मंजूरी में उपग्रह आधारित 'रिक्वायर्ड नेविगेशन परफॉर्मेंस' (आरएनपी) प्रक्रियाएं और बैकअप नेविगेशन सहायता की उपलब्धता शामिल है। इन प्रणालियों से



सालभर सभी प्रकार के विमानों के लिए सुरक्षित लैंडिंग और अधिक भरोसेमंद उड़ान संचालन सुनिश्चित होता है। आईआरबी सिंधुदुर्ग एयरपोर्ट के मुख्य सलाहकार और प्रमुख जय एस सदाना ने कहा कि 24 घंटे सभी मौसमों में संचालन की मंजूरी हवाई अड्डे की विश्वसनीयता और परिचालन क्षमता को काफी बढ़ाती है। इससे एयरलाइनों का भरोसा बढ़ेगा, यातायात में निरंतर वृद्धि होगी और पूरे कोंकण क्षेत्र में आर्थिक और पर्यटन विकास में सार्थक योगदान मिलेगा।

# भारतीय समाज का स्वभाव है सामाजिक सद्भाव : भागवत

एजेंसी

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि सामाजिक सद्भाव कोई नई अवधारणा नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज का स्वभाव रहा है। समाज में सज्जन शक्ति का जागरण, आचरण में पंच परिवर्तन और निरंतर सद्भावना संवाद आज की अनिवार्य आवश्यकता है।

सरसंघचालक डॉ. भागवत शनिवार को अंतिम दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। मध्यभारत प्रान्त के 16 शासकीय जिलों के समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता इस बैठक की विशेषता रही।

दरअसल, यह बैठक दो सत्रों में आयोजित की गई थी । प्रथम सत्र का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। मंच पर सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और



मध्यभारत प्रांत संघचालक अशोक पांडेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर सरसंघचालक डॉ. भागवत ने स्पष्ट किया कि ''समाज शब्द का अर्थ ही समान गंतव्य की ओर बढ़ने वाला समूह है। भारतीय समाज की कल्पना सदैव ऐसी रही है, जिसमें जीवन भौतिक और आध्यात्मिक दोनों दृष्टियों से सुखी हो। हमारे ऋषि-मुनियों ने यह समझा कि अस्तित्व एक है, केवल देखने की दृष्टि अलग-अलग है। उनकी तपस्या और साधना से ही राष्ट्र का निर्माण हुआ और वही हमारी सांस्कृतिक नींव है। संघ प्रमुख ने कहा कि ''कानून समाज को नियंत्रित कर सकता है, लेकिन समाज को चलाने और जोड़कर रखने का कार्य सद्भावना ही करती है। विविधता के बावजूद एकता ही हमारी पहचान है। बाहरी रूप से हम अलग दिख सकते हैं, लेकिन राष्ट्र, धर्म और संस्कृति के स्तर पर हम सभी एक हैं। इसी विविधता में एकता को स्वीकार करने वाला समाज हिंदू समाज है। उन्होंने कहा कि हिंदू कोई संज्ञा नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो मत, पूजा पद्धति या जीवनशैली के आधार पर झगड़ा नहीं करता। उन्होंने यह भी कहा, ''समाज में भ्रम फैलाकर जनजातीय और अन्य वर्गों को यह कहकर तोड़ने का प्रयास किया गया कि वे अलग हैं, जबकि सच्चाई यह है कि हजारों वर्षों से अखंड भारत में रहने वाले सभी लोगों का डीएनए एक है। संकट के समय ही नहीं, बल्कि हर समय सद्भावना बनाए रखना आवश्यक है। मिलना, संवाद करना और एक-दूसरे के कार्यों को जानना ही सद्भावना की पहली शर्त है।'' उन्होंने कहा कि समर्थ को दुर्बल की सहायता करनी चाहिए। पहले सत्र में पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने आशीर्वचन में कहा कि सभी समाज अपने-अपने स्तर पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन यह प्रश्न भी आवश्यक है कि हमने राष्ट्र के लिए क्या किया और राष्ट्र को क्या दिया। उन्होंने कहा, ''संघ और शिव के भाव में अद्भुत समानता है। जैसे शिव ने समस्त सृष्टि के लिए विष पिया, वैसे ही संघ प्रतिदिन आरोपों का विष पीकर भी संयम और राष्ट्रहित में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि जन्म चाहे किसी भी जाति में हुआ हो, पहचान अंततः हिंदू, सनातनी और भारतीय की ही है। प्रत्येक भारतीय में राष्ट्रोत्थान और समाजोत्थान की अद्भुत क्षमता है। धर्मांतरण को उन्होंने केवल वर्तमान पीढ़ी ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभावित करने वाला गंभीर षड्यंत्र बताया और इसके प्रति समाज को सजग रहने का आह्वान किया। पंडित मिश्रा ने 'ग्रीन महाशिवरात्रि' जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि ''घर-घर मिट्टी के शिवलिंग की पूजा सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण है।'' उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव बैठक का मूल उद्देश्य यही है कि हम अपने साथ-साथ अपने पड़ोसी और समाज को भी लेकर आगे बढ़ें।

# मालवीय, वाजपेयी हम सबके लिए प्रेरणा: रेखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि भारतरत्न मदन मोहन मालवीय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपना सर्वस्व अर्पण करके भारत के लिए ऐसे काम किये, जो हम सबके लिए प्रेरणा हैं।

श्रीमती गुप्ता ने श्री वाजपेयी और श्री मालवीय के चित्रों के दिल्ली विधानसभा सदन में अनावरण के बाद शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में कहा कि वास्तव में आज का दिन बहुत ही उत्तम है, जब देश की दो महान विभूतियां जिन्होंने अपना सर्वस्व अर्पण करके भारत के लिए ऐसे काम किये जो हम सब के लिए प्रेरणा है। दोनों के राष्ट्र निर्माण में योगदान, उनके संघर्ष और विचार आज भी हम स्मरण करते हैं। विधानसभा में उनके चित्रों को स्थान में मिला है, वह आज की पीढ़ी का उनके चरणों में नमन है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी योजनाओं के माध्यम से इस देश को आगे ले जाने का काम किया। उन्होंने नदियों को जोड़ने के साथ-साथ राज्यों की सड़कों को जोड़ने के लिए जो विकास शुरू किया, वह सही मायने में भारत को विकसित देश बनाने के लिए कारगर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन भारत माता के सपूतों को भारतरत्न से सुशोभित किया।

इससे पहले दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि गौरवशाली सदन के अंदर दो महान विभूतियों के चित्र का अनावरण किया गया, जो हमारे लिए हर्ष का पल है। उन्होंने कहा कि श्री मालवीय भारत की आत्मा के शिल्पकार थे। वह शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना के महान साधक थे। उनका मानना था कि राष्ट्र का निर्माण सत्ता से नहीं, संस्कार से होता है। महामना मालवीय ने गुलामी के उस कालखंड में देश को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया था और 1916 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना की थी।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ अभियान आठ जनवरी से होगा शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस पार्टी आगामी आठ जनवरी से देशभर में 'मनरेगा बचाओ' अभियान शुरू करेगी। यह राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन 45 दिनों तक चलेगा और इसके तहत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यहां पार्टी मुख्यालय में शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में इसका ऐलान करते हुए कहा कि मनरेगा की जगह लाया गया नया अधिनियम श्रमिकों के हकों को छीनता है। यह नया कानून अधिकार आधारित रोजगार पर प्रहार करता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनरेगा की जगह नया कानून लाकर सरकार का मकसद रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा योजना को खत्म करना है इसलिए कांग्रेस कार्यसमिति ने पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ' अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए श्री वेणुगोपाल ने कहा कि आठ जनवरी से सभी राज्यों में बड़ी बैठकें की जायेंगी, जिनमें प्रदेश के सारे बड़े नेता और प्रभारी मौजूद रहेंगे। इन बैठकों में सभी जिलों को कुछ दायित्व दिए जायेंगे। इसके बाद 10 जनवरी को सभी जिलों में संवाददाता सम्मेलन करके पंचायती राज को खत्म करने की साजिश को उजागर किया जाएगा। सभी जिलों में 11 जनवरी को महात्मा गांधी या बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के सामने एक दिन का उपवास किया जाएगा और 12 जनवरी से 29 जनवरी तक हर पंचायत में चौपाल लगाई जायेगी। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की तरफ से सभी ग्राम प्रधानों को पत्र लिखा जाएगा। वार्ड और ब्लॉक स्तर पर 30 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसके बाद 31 जनवरी से 6 फरवरी तक जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना दिया जाएगा। विधानसभा और राजभवन का घेराव कार्यक्रम 7 से 15 फरवरी के बीच किया जाएगा। इसमें सभी जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्टी 16 फरवरी से 25 फरवरी के बीच बड़ी रैलियां भी करेगी। उन्होंने मनरेगा को ग्रामीण श्रमिकों के लिए रोजगार की अहम व्यवस्था बताते हुए कहा है कि इसकी जगह लाया गया वीबी-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण श्रमिकों के साथ धोखा है इसलिए सरकार को तत्काल मनरेगा को उसके मूलरूप में बहाल करना चाहिए। श्री वेणुगोपाल ने कहा कि मनरेगा देश की सबसे बेहतरीन मांग आधारित गरीबी उन्मूलन योजनाओं में से एक है।

# पर्यावरण की सेवा ईश्वरीय सेवा के समान : राधाकृष्णन

एजेंसी

वेल्लोर। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना अपने आप में ईश्वरीय सेवा का ही एक रूप है।

उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु के वेल्लोर में स्थित श्रीपुरम स्वर्ण मंदिर में श्री शक्ति अम्मा के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेते हुए समारोह का हिस्सा बनने पर अपनी अत्यधिक खुशी व्यक्त की।

श्री राधाकृष्णन ने श्री शक्ति अम्मा की आध्यात्मिक यात्रा और समाज सेवा की सराहना करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सच्ची आध्यात्मिकता साथी मनुष्यों के प्रति प्रेम, करुणा और सेवा में निहित है और पर्यावरण की रक्षा करना अपने आप में ईश्वरीय सेवा का एक रूप है।

उपराष्ट्रपति ने धर्म के प्रति श्री शक्ति अम्मा की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन आध्यात्मिकता से परे व्यापक समाज सेवा तक फैला हुआ है।



उन्होंने श्रीपुरम में चलाए जा रहे विभिन्न धर्मार्थ कार्यों की प्रशंसा की, जिनमें उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, जल-अभाव वाले क्षेत्रों में पीने के पानी की व्यवस्था, छात्रों को साइकिल वितरण जैसे लंबे समय से चल रहे कार्यक्रम के साथ-साथ हजारों लोगों को भोजन कराने वाला दैनिक 'अन्नदानम' कार्यक्रम शामिल है।

श्री राधाकृष्णन ने इन पहलों को भक्ति की सच्ची भावना से की गई नेक सेवा बताते हुए कहा कि श्रीपुरम परिसर के भीतर 50,000 से अधिक पेड़ लगाए गए हैं और पास की कैलाशगिरि पहाड़ियों पर कई लाख पौधे लगाए गए हैं।उन्होंने इसे धरती माता और मानवता के लिए एक बड़ा योगदान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण पहल को एक मजबूत समर्थन बताया। उन्होंने दोहराया कि पर्यावरण की रक्षा करना ही ईश्वरीय सेवा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सच्ची आध्यात्मिकता केवल कर्मकांडीय पूजा में नहीं बल्कि साथी मनुष्यों के प्रति प्रेम, करुणा और सेवा में निहित है। उन्होंने इस अवसर पर क्रांतिकारी तमिल कवि महाकवि सुब्रमण्यम भारती के शब्दों को भी उद्धृत किया, ''प्रेम से बढ़कर कोई तपस्या नहीं है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि समाज से प्रेम करना और उसकी सेवा करना आध्यात्मिक अनुशासन का सर्वोच्च रूप है। उपराष्ट्रपति ने श्री शक्ति अम्मा को वर्तमान युग का एक महान आध्यात्मिक प्रकाश स्तंभ बताया, जो अपने जीवन और कार्यों के माध्यम से 'प्रेम ही ईश्वर है' के सिद्धांत का उदाहरण पेश करते हैं। समाज में धार्मिकता और आध्यात्मिक चेतना का पोषण करते हैं। इससे पहले दिन में, उपराष्ट्रपति ने श्रीपुरम स्थित श्री नारायणी मंदिर में दर्शन किए और देवी लक्ष्मी से सभी के लिए शांति, समृद्धि और खुशी की प्रार्थना की।

# मालवीय और वाजपेयी ने स्वदेशी विचारों पर जोर दिया: राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमेशा स्वदेशी विचारों, स्वदेशी उद्योगों और स्वदेशी क्रियाकलापों पर अपने आप को फोकस किया और भारत आत्मनिर्भरता के जिन लक्ष्यों की तरफ तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसके पीछे इन महापुरुषों की शिक्षाओं का एक विशेष महत्व है।

श्री सिंह ने सर्वश्री वाजपेयी और मालवीय के चित्रों का शनिवार को दिल्ली विधानसभा सदन में अनावरण करने के बाद यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली विधानसभा का यह परिसर ईंट पत्थरों से बना यह महज कोई ढांचा नहीं है, बल्कि यह वह स्थान है, जहां वर्षों से भारत की लोकतांत्रिक चेतना ने अपने विचारों को स्वर दिया है। यहां से भारत की संसदीय परंपरा को एक नयी दिशा मिली है। इस लोकतांत्रिक केंद्र में खड़े होकर खुद को गौरान्वित महसूस कर रहा हूं, क्योंकि यही वह परिसर है, जहां से विट्ठल भाई पटेल, गोपाल कृष्ण गोखले, मोती लाल नेहरू, लाला लाजपत राय, तेज बहादुर सप्रू, सुरेन्द्र नाथ बनर्जी, मजहरूल हक, सच्चिदानंद सिन्हा और पंडित मदन मोहन मालवीय जैसे महान पुरुषों और इनकी वाणी ने भारत राष्ट्र को एक दिशा दी है।

उन्होंने कहा कि आजादी के पहले इसी विधानसभा में भारतीय संसदीय व्यवस्था की नींव पड़ी थी और इस ऐतिहासिक परिसर में श्री अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय के चित्रों का अनावरण होना हमारी ओर से अपने महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान है। यह केवल दो व्यक्तियों का सम्मान नहीं, बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक परंपरा, नैतिक राजनीति और राष्ट्रवाद की भावना का भी यह सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह संयोग है कि दोनों महापुरुषों का जन्म एक ही तिथि को है, लेकिन इतिहास में कुछ संयोग ऐसे होते हैं, जो केवल संयोग नहीं रहते हैं बल्कि वे संकेत बन जाते हैं। दोनों महापुरुष अलग-अलग चुनौतियों से जूझे, लेकिन राष्ट्र सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सार्वजनिक जीवन में नैतिकता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एक ही स्रोत से प्रवाहित होते हुए देखी जा सकती है। दोनों महापुरुषों ने स्वतंत्रता संग्राम को जीया, महसूस किया और उसे अपने जीवन का आधार बनाया। दोनों ने राष्ट्रीय चेतना को अपने आचरण से एक नयी ऊर्ज़ा दी। दोनों ने हमें सिखाया है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जन सेवा एक सर्वोच्च मंच है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि श्री वाजपेयी ने जिस गरिमा, संवाद और पारस्परिक सम्मान की राजनीति की वह आज भी अपने में एक बेंच मार्क है। श्री मालवीय ने शिक्षा, संस्कृति और स्वाभिमान को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बनाया। दोनों ने यह सिद्ध किया कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब उसमें विचार हो, संवेदना हो और इसके साथ ही उसमें चरित्र भी हो। उन्होंने कहा कि दोनों ही बहुआयामी व्यक्ति थे। उन्होंने भारत राष्ट्र को एक दिशा देने का काम किया है।उन्होंने कहा कि श्री वायजेयी की कविताओं में राष्ट्र की पीड़ा, आशा दिखती है, वहीं महामना मालवीय के विचारों में शिक्षा को लेकर एक दूरदृष्टि भी दिखायी देती है। दोनों अपने समय में बहुत आगे थे। दोनों ही सच्चे राजनेता थे। ऐसे नेता जो सत्ता से ऊपर राष्ट्र को रखते थे और तात्कलिक लाभ से ऊपर दीर्घकालिक हित को बराबर रखा। उन्होंने कहा कि दोनों महापुरुषों ने हमेशा स्वदेशी विचारों, स्वदेशी उद्योगों और स्वदेशी क्रियाकलापों पर फोकस किया और भारत आत्मनिर्भरता के जिन लक्ष्यों की तरफ तेजी से आगे बढ रहा है, उसके पीछे इन महापुरुषों की शिक्षाओं का एक विशेष महत्व है।

# यात्रियों को शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करेगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन: वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन यात्रियों को एक शानदार सफर का अनुभव करायेगी।

श्री वैष्णव शनिवार को असम में गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के कोलकाता के बीच शुरू होने वाली देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का निरीक्षण करने के लिए नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां पर उन्होंने ट्रेन के अन्दर जाकर यात्रियों के लिए प्रदान की गयी सुविधाओं को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि गुवाहाटी से कोलकाता के बीच देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जल्द ही इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। उन्होंने इस ट्रेन में यात्रियों की यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। दो रैंकों वाली इस ट्रेन में ऊपर की सीट पर जाने के लिए अत्याधुनिक सीढ़ियां लगायी गयी हैं। मोबाइल फोन को टांगने के लिए मोबाइल हैंगर लगाया गया है।

कपड़ा टांगने के लिए हैंगर लगाया गया। हर सीट संख्या के पास बेल का स्विच लगाया गया है। शीशे इस तरह के लगाये गये हैं, जितनी रोशनी यात्री को चाहिए,वे उतना प्रकाश रख सकते हैं। उन्होंने बताया है कि शौचालय में पानी के छींटे दूर तक न जायें और पानी बेकार न हों, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। इस ट्रेन में अत्याधुनिक शौचालय लगाये गये हैं। उन्होंने कहा, ‟ यह पूरी तरह से एक नया डिज़ाइन है। 1970 के दशक में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन शुरू हुई थी, और उसके बाद वंदे भारत स्लीपर एक बड़ा बदलाव है। यह ट्रेन यात्रियों को एक शानदार अनुभव देगी। खाने की गुणवत्ता, चादरों की गुणवत्ता, कंबल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इस ट्रेन में आरामदायक और मुलायम सीट, कोचों के बीच ऑटोमैटिक दरवाजे और वेस्टीब्यूल, बेहतर सस्पेंशन और कम शोर की सुविधा दी गयी। सुरक्षा के लिए ट्रेन में कवच सुरक्षा प्रणाली और इमरजेंसी टॉक-बैक सिस्टम लगाये गये हैं। साफ-सफाई के लिए डिसइन्फ़ेक्टेंट तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। लोको पायलट के लिए आधुनिक कंट्रोल और सेफ्टी सिस्टम वाला एडवांस ड्राइवर केबिन दिया गया है। इसका बाहरी लुक आकर्षक और एरोडायनामिक (वायुगतिकीय) है।

## पेज एक का शेष

### अमेरिका का वेनेजुएला...

के लोगों और उसकी संप्रभुता के साथ खड़ा है। रूस ने चेतावनी दी कि इस तरह की कार्रवाइयों से क्षेत्र में तनाव और बढ़ेगा। मॉस्को ने बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की और कहा कि वेनेजुएला को बिना बाहरी हस्तक्षेप के अपना भविष्य तय करने का अधिकार है। मादुरो के कथित पकड़े जाने के बाद वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। ट्रम्प समर्थकों का मानना है कि अब विपक्ष के सत्ता में आने का रास्ता साफ हो सकता है। संभावित नामों में मारिया कोरीना माचाडो और एडमुनडो गोंजालेज शामिल हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि मामला इतना आसान नहीं है। वेनेजुएला की सेना और पैरामिलिट्री फोर्स अब तक मादुरो के प्रति वफादार रही हैं। अमेरिकी हस्तक्षेप से देश में और ज्यादा अस्थिरता फैलने की आशंका है। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच पहले से ही तनावपूर्ण रिश्तों में यह घटना एक बड़ा मोड़ मानी जा रही है। कैरिबियन क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य गतिविधियों में हाल के हफ्तों में बढ़ोतरी देखी गई थी। फिलहाल पूरी दुनिया की नजरें ट्रम्प की प्रस्तावित प्रेस कॉन्फ्रेंस और वेनेजुएला से आने वाले अगले आधिकारिक बयानों पर टिकी हैं। यह साफ है कि यह संकट केवल एक देश तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति पर इसके दूरगामी असर पड़ सकते हैं।

### न्याय का आधार...

उपयोगकर्ता-केंद्रित प्रणालियाँ न केवल देरी को कम करती हैं, बल्कि पारदर्शिता बढ़ाती हैं और बुज़ुर्गों, दिव्यांगजनों तथा दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए न्याय को अधिक सुलभ बनाती हैं। यही वास्तविक अर्थों में न्याय तक पहुँच है। उन्होंने कहा कि यह भी आवश्यक है कि तकनीक समावेशन का माध्यम बने, न कि बहिष्करण का। इसके लिए गोपनीयता, विश्वसनीयता और डिजिटल असमानताओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश ने कहा कि न्याय प्रणाली की आत्मा मानव संसाधन है। प्रशिक्षण, क्षमता विकास और निरंतर सीखने की प्रक्रिया से ही न्याय व्यवस्था सशक्त बनती है। न्यायालय परिसर को केवल विवाद निपटारे का स्थान नहीं, बल्कि शिक्षा, संवाद और सहयोग का केंद्र भी बनना चाहिए। साथ ही, यह स्वीकार करना होगा कि न्याय प्रणाली से जुड़े सभी लोगों का शारीरिक और मानसिक कल्याण भी न्याय का अभिन्न अंग है। श्री सूर्यकांत ने इतिहास की याद दिलाई और कहा कि चंपारण से मिली सीख हमें एक सशक्त स्मरण कराती है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्मरण बताता है कि हमें सबसे बुलंद नहीं, बल्कि सही आवाज़ सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि संस्थानों को उन लोगों से निरंतर जुड़ा रहना चाहिए, जिनकी वे सेवा करते हैं। इस बात की अपेक्षा है कि न्यायालय संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता से प्रेरित रहे और अपने प्रत्येक निर्णय में गहन सार्वजनिक कर्तव्यबोध को प्रतिबिंबित करता रहे। सीजेआई ने आज उच्च न्यायलय परिसर में एडीआर भवन,ऑडिटोरियम,आईटी भवन, प्रशासनिक ब्लाक, मल्टी लेवल कार पार्किंग, हॉस्पिटल, आवासीय काम्प्लेक्स, एडवोकेट जेनरल ऑफिस का उद्घाटन और गया में जजों के लिए बने गेस्ट हाउस का ई- उद्घाटन किया। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, न्यायधीश राजेश बिंदल, पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुधीर सिंह सहित पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मौजूद थे। इस कार्यक्रम से उड़ीसा उच्च न्यायालय के मुख्य न्याधीश संगम साहू वर्चुअल माध्यम से जुड़े हुए थे। कार्यक्रम में बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और बिहार सरकार के महाधिवक्ता पीके शाही भी उपस्थित थे। समरोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन पटना उच्च न्यायालय के न्यायधीश राजीव रंजन प्रसाद ने किया।

### छत्तीसगढ़ में अलग...

14 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं, जिनमें बीजापुर जिले से 02 तथा सुकमा जिले से 12 माओवादी शामिल हैं। चूंकि अभियान अभी भी जारी है, इसलिए मुठभेड़ के सटीक स्थान, ऑपरेशन में शामिल सुरक्षाबलों की संख्या तथा अन्य संवेदनशील जानकारियाँ इस समय साझा नहीं की जा सकतीं, ताकि अभियान में लगे जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ऑपरेशन पूर्ण होने के पश्चात अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी जाएंगी।

### उद्योगपतियों को इंफ्रास्ट्रक्चर...

करना चाह रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सुगम व्यापार नीति लागू होने के बाद इंडस्ट्री का भरोसा और बढ़ा है। निवेश अनुकूल नीतियों व प्रोत्साहन से ग्लोबल इन्वेस्टमेंट बढ़ रहा है। एक्सप्रेसवे, औद्योगिक कारिडोर, एयरपोर्ट, लाजिस्टिक्स हब तथा बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के तेज विकास ने यूपी के औद्योगिक इकोसिस्टम को नई मजबूती दी है।

### उप्र में आईएएस...

रिजर्व (सीडीआर) को 148 पदों तक सीमित किया गया है, जबकि राज्य प्रतिनियुक्ति रिजर्व 92 पदों का होगा। प्रशिक्षण रिजर्व में 12 पद और अवकाश एवं कनिष्ठ पद रिजर्व में 61 पद रखे गए हैं। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कुल 683 पदों में से 207 पद आईएएस (भर्ती) नियम, 1954 के नियम-8 के तहत पदोन्नति से भरे जाएंगे, जबकि 476 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति होगी। संशोधित कैडर संरचना में प्रदेश के प्रमुख पद शामिल हैं, जिनमें मुख्य सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, औद्योगिक विकास आयुक्त, मंडल आयुक्त, प्रमुख सचिव, जिलाधिकारी तथा विभिन्न विभागों और वैधानिक संस्थाओं के प्रमुख पद शामिल हैं। नए ढांचे में 25 प्रमुख सचिव, 12 मंडल आयुक्त और 46 सचिव स्तर के पद शामिल किए गए हैं। मैदानी स्तर पर 75 जिलाधिकारियों और 84 विशेष सचिवों के पद भी कैडर में शामिल हैं। इसके अलावा शहरी विकास प्राधिकरणों, विद्युत वितरण कंपनियों, स्वास्थ्य मिशनों, ग्रामीण विकास एजेंसियों और विभिन्न नियामक संस्थाओं में वरिष्ठ पदों को भी कैडर संरचना में स्थान दिया गया है। इस फैसले को उत्तर प्रदेश के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### हमारी सभ्यता की...

त्रासदी का साक्षी है, वहां बोधि वृक्ष का खड़ा होना मानवता के लिए गहरे संदेश का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि नेपाल में 2015 के विनाशकारी भूकंप में क्षतिग्रस्त प्राचीन स्तूप के पुनर्निर्माण में भारत ने मदद दी। म्यांमार के बागान भूकंप के बाद 11 से अधिक पगोडाओं के संरक्षण का काम भारत ने शुरू किया। भारत में भी बौद्ध स्थलों की खोज और संरक्षण तेजी से जारी है। वडनगर में मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान हजारों बौद्ध अवशेष मिले थे, जिन्हें संरक्षित किया गया और वहां 2,500 साल की सभ्यतागत यात्रा को प्रदर्शित करता एक आधुनिक अनुभवात्मक संग्रहालय बनाया गया है। जम्मू और कश्मीर के बारामूला में हाल ही में बौद्धकालीन स्थल की खोज के बाद उसके संरक्षण को भी गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत बौद्ध विरासत को आधुनिकता से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रहा है। बोधगया में आधुनिक कन्वेंशन और मेडिटेशन केंद्र, सारनाथ में धमेक स्तूप पर लाइट एंड साउंड शो, श्रावस्ती, कपिलवस्तु और कुशीनगर में आधुनिक सुविधाएं, तेलंगाना के नलगोंडा में डिजिटल अनुभव केंद्र और सांची, नागार्जुन सागर तथा अमरावती में तीर्थयात्रियों के लिए नई सुविधाएं विकसित की गई हैं। भारत में बौद्ध सर्किट का विकास तीर्थयात्रियों को गहरा आध्यात्मिक अनुभव देने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें कनेक्टिविटी, सांस्कृतिक संरक्षण और श्रद्धा का समन्वय शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बुद्ध की मूल शिक्षाएं पाली में हैं और भारत का प्रयास है कि पाली अधिकतम लोगों तक पहुंचे। पाली को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने से बुद्ध के धम्म को उसके मूल रूप में समझना और उस पर शोध को सशक्त बनाना आसान होगा। बुद्ध का संदेश अत्त दीपो भव आत्म-सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है और भारत का दर्शन संघर्ष पर एकता और करुणा के माध्यम से वैश्विक कल्याण को अपनाने का है। भारत 21वीं सदी में विवाद वाले क्षेत्रों में संवाद और शांति को बढ़ावा देकर योगदान दे रहा है और मानवता के शत्रुओं के खिलाफ मजबूती से खड़ा है। कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, किरेन रिजिजू, रामदास अठावले, राव इन्द्रजीत सिंह और दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना सहित केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न देशों से आए बौद्ध भिक्षु, धर्माचार्य और सांस्कृतिक प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# दिल्ली में भी होगा उत्तराखंड माल्टा महोत्सव : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया उत्तराखंड माल्टा महोत्सव का शुभारंभ, राज्य में माल्टा मिशन की घोषणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजकीय उद्यान सर्किट हाउस गढ़ीकैंट में उत्तराखंड माल्टा महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य में माल्टा उत्पादन बढ़ाने के लिए माल्टा मिशन शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि दिल्ली में भी राज्य की ओर से माल्टा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने अपनी धर्मपत्नी गीता पुष्कर धामी के साथ विभिन्न जनपदों के माल्टा और नींबू प्रजाति के फलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभिन्न उत्पादों का स्वाद भी लिया। उन्होंने कहा कि माल्टा उत्तराखंड की पहचान और परंपरा से जुड़ा है और बागवानी राज्य की अर्थव्यवस्था व समृद्धि को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। माल्टा मिशन के तहत उत्पादन, विपणन और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य, बागान लगाने पर 50 प्रतिशत अनुदान, सूक्ष्म सिंचाई पर 70-80 प्रतिशत अनुदान और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों पर 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने, पलायन रोकने और युवाओं को गांव के पास रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में माल्टा, सेब, नाशपाती, कीवी, अखरोट, आडू और नींबू वर्गीय फलों के बागान विकसित किए जा रहे हैं। फसल आधारित क्लस्टर विकसित कर उत्पादन और विपणन को सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पौड़ी गढ़वाल के हरीश के प्रयासों की भी सराहना की, जिन्होंने 53 प्रजातियों के लगभग 1,000 पौधे रोपित किए हैं और इस बार 200 और पौधे लगाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने अन्य किसानों से प्रेरणा लेने और बागवानी के क्षेत्र में संभावनाओं को साकार करने का आह्वान किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि स्थानीय फलों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा देने से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले पांच वर्षों में उत्तराखंड औद्यानिकी के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। कार्यक्रम में सांसद नरेश बंसल, विधायक सविता कपूर, दायित्वधारी कैलाश पंत, प्रताप सिंह पंवार, सचिव कृषि डॉ. एस.एन. पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और विभिन्न जनपदों से आए किसान भी उपस्थित रहे।

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर गिरोह का गुर्गा गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्कर गिरोह के गुर्गे को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो पिस्टल और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित के ऊपर हत्या, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल छह संगीन मामले पहले से ही दर्ज हैं।

पुलिस उपायुक्त (क्राइम ब्रांच) आदित्य गौतम ने शनिवार को बताया कि क्राइम ब्रांच द्वारा दिल्ली और एनसीआर में अवैध हथियारों की सप्लाई पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में साइबर सेल की टीम ने तकनीकी निगरानी और सटीक खुफिया सूचना के आधार पर इस अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार दो जनवरी को अपर पुलिस आयुक्त अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम को गाजियाबाद निवासी एक हथियार सप्लायर के शास्त्री पार्क इलाके में आने की सूचना मिली। सूचना पर टीम ने शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास जाल बिछाया। आरोपित ऑटो-रिक्शा से मौके पर पहुंचा जिसे मुखबिर ने अंकित उर्फ मुन्ना के रूप में पहचानाा। इधर पुलिस को देखकर आरोपित भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर आरोपित को दबोचा। तलाशी के दौरान आरोपित के पास से एक स्टार और एक बेरेटा कंपनी की दो अत्याधुनिक पिस्टल तथा छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में क्राइम ब्रांच थाने में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। पूछताछ में 26 वर्षीय आरोपित अंकित उर्फ मुन्ना ने बताया कि वह अपने गांव में पढ़ाई में अच्छा था लेकिन जमीन विवाद में उसके दो बड़े भाइयों द्वारा चाचा की हत्या के बाद वह अपराध की दुनिया में उतर गया। हाल ही में जेल से रिहा होने के बाद उसने जल्दी पैसे कमाने के लिए अवैध हथियारों की सप्लाई शुरू की। आरोपित ने खुलासा किया कि वह सोनू उर्फ काले से हथियार लेकर दिल्ली और एनसीआर में सप्लाई कर रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ हत्या, डकैती, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट से जुड़े छह मामले पहले से दर्ज हैं। फिलहाल आरोपित से आगे की पूछताछ जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## विकसित भारत जी-राम-जी योजना को लेकर जन-जागरूकता के लिए भाजपा सात जनवरी से चलाएगी अभियानः जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शनिवार को बताया कि पार्टी गरीबों के हित में बनायी गयी विकसित भारत जी-राम-जी योजना को लेकर जन-जागरूकता के लिए सात जनवरी से एक अभियान शुरू करेगी। यहां जारी बयान में श्री जाखड़ ने कहा कि इस अभियान की शुरुआत फाज़िल्का ज़िले से की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर चलती है और यह योजना भी गरीबों की भलाई के लिए इसी नीति के तहत बनायी गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए रोजगार के दिनों को 100 से बढ़ाकर 125 किया गया है, वहीं इस नयी योजना में मजदूरों को काम उपलब्ध न करवाने की स्थिति में जिम्मेदारी भी तय की गयी है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लागू होने से भ्रष्टाचार बंद होगा और मजदूरी की पूरी राशि सीधे मजदूरों के बैंक खातों तक पहुंचेगी। यही कारण है कि आम आदमी पार्टी सरकार और कांग्रेस इस नयी गरीब-हितैषी योजना का विरोध कर रही हैं और इसके खिलाफ समाज में झूठ फैला रही हैं। श्री जाखड़ ने कहा कि पार्टी इस अभियान के दौरान आम आदमी पार्टी और कांग्रेस द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए लायी गयी इस योजना के खिलाफ फैलाये जा रहे भ्रम का पर्दाफाश करेगी और मजदूरों को सच्चाई से अवगत कराएगी। उन्होंने कहा कि पहले मजदूरों को 100 दिन का रोजगार न देने पर किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता था, लेकिन नये कानून में जिम्मेदारी तय होगी और अब गरीबों के अधिकारों का हनन नहीं किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने और असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए इस योजना के खिलाफ झूठा प्रचार कर रही है और भाजपा व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से इस भ्रम-जाल को तोड़ेगी।

## ठगी के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की सेंट्रल रेंज टीम ने वर्ष 2014 से फरार चल रहे भगोड़े को गिरफ्तार किया है। आरोपित लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार था। पुलिस ने उसे 2 जनवरी 2026 को बटला हाउस इलाके से दबोच लिया। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि आरोपित बुनियाद अली पर एक महिला से करीब 60 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप है। इस मामले में सागरपुर थाने में वर्ष 2012 में धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान आरोपित फरार हो गया था। जिसके बाद अदालत ने 14 जुलाई 2014 को उसे घोषित अपराधी करार दिया था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उक्त मामले में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजबीर सिंह की देखरेख में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। ई-कोर्ट पोर्टल और संबंधित थाने से पुष्टि के बाद विशेष टीम गठित कर बटला हाउस में योजनाबद्ध तरीके से छापा मारा गया, जहां से आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त के मुताबिक, 65 वर्षीय आरोपित बुनियाद अली उर्फ बुनियाद पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी और जामिया नगर थानों में जमीन कब्जा, धोखाधड़ी, जालसाजी और अदालत की अवहेलना से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद आरोपित को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। क्राइम ब्रांच अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से पुराने लंबित मामलों के निपटारे में मदद मिलेगी और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश जाएगा।

## 31 जनवरी तक पैक्सों में चलेगा सदस्यता, केसीसी व बीमा सेवाओं पर जागरूकता अभियान


**बक्सर।** जिले में सहकारिता विभाग द्वारा सदस्यता-सह-सहकारी जागरूकता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। यह अभियान 31 जनवरी तक जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) में संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी संस्थाओं को सशक्त बनाना तथा किसानों और ग्रामीण नागरिकों को सहकारिता से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। इसके तहत पैक्स में आवेदन प्राप्त कर नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा और सदस्यता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से सदस्यों एवं गैर-सदस्यों के लिए खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी देकर किसानों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। वहीं कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध डिजिटल सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाएगा, ताकि वे तकनीकी सुविधाओं का लाभ उठा सकें। सहकारी समितियों के अंकेक्षण प्रतिवेदन के आधार पर लाभ-हानि की स्थिति की जानकारी भी साझा की जाएगी। जिला सहकारिता पदाधिकारी चन्द्रमा राम ने किसानों और ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और सहकारी संस्थाओं से जुड़कर सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

## स्नातक सेमेस्टर चार के हिन्दी की होगी पुनर्परीक्षा

**भागलपुर।** बीते दिनों स्नातक सेमेस्टर चार की हिन्दी विषय की परीक्षा में सिलेबस से बाहर के प्रश्न पूछे जाने को लेकर उठे विवाद पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रहित में फैसला लिया है। टीएनबी कॉलेज और बीएन कॉलेज परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र को लेकर परीक्षार्थियों द्वारा किए गए बहिष्कार के बाद प्रभारी कुलपति प्रो. बिमलेन्दु शेखर झा ने इस मामले में जनवरी के दूसरे सप्ताह में पुनर्परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय स्तर पर गठित जांच समिति की रिपोर्ट, छात्रों के आरोपों और संबंधित परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों के मंतव्यों का अध्ययन करने के बाद यह फैसला लिया गया। जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि इस पूरे प्रकरण में छात्रों की कोई गलती नहीं है। प्रश्नपत्र सिलेबस से बाहर होने के कारण छात्रों का आक्रोश और परीक्षा बहिष्कार जायज पाया गया। इसी आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हिन्दी विषय की पुनर्परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। पुनर्परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक डॉ. बिनोद कुमार ओझा को सौंपी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जल्द ही परीक्षा की तिथि, केंद्र और अन्य औपचारिक जानकारियां अधिसूचना के माध्यम से जारी की जाएंगी।

# माघ पूर्णिमा पर गंगा तट पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। माघ पूर्णिमा पर धर्मनगरी हरिद्वार में आस्था का सैलाब उमड़ा। देश के कई प्रांतों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्म कुण्ड समेत गंगा के तमाम घाटों पर पुण्य की डूबकी लगायी। कड़कड़ाती ठंड पर आस्था भारी दिखायी दी।

सुबह सवेरे से ही हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड सहित तमाम गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आयी। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने देव दर्शन कर दान आदि कर्म किए। मान्यता है कि आज के दिन गंगा स्नान करने और दान आदि कर्म करने से पुण्यफल की प्राप्ति होती है और अश्वमेघ यज्ञ के समान फल मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ पूर्णिमा पर गंगा स्नान को मोक्षदायी माना जाता है। यही कारण है कि हरिद्वार में भारी सर्दी के बीच श्रद्धालु पहुंचे और गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पितरों के निमित्त श्राद्ध और तर्पण कर उनके मोक्ष की कामना की। तीर्थ पुरोहित उज्ज्वल पंडित ने बताया कि माघ पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान करने से मां गंगा की विशेष कृपा प्राप्त होती है। जिस प्रकार कार्तिक पूर्णिमा का स्नान चंद्रमा के साक्ष्य में किया जाता है, उसी प्रकार माघ मास का स्नान सूर्य के साक्ष्य में किया जाता है। आज का दिन भगवान नारायण को समर्पित है। आज के दिन गंगा स्नान, दान और तप करने से भगवान नारायण अश्वमेघ यज्ञ के समान आशीर्वाद देते हैं। आज के दिन गर्म कपड़ों और तिल इत्यादि का दान करने से पितरों को शांति मिलती है। आज के दिन गंगा में स्नान, दुग्धाभिषेक और दान इत्यादि करने से मां गंगा का असीम आशीर्वाद प्राप्त होता है।

## बिहार में ठंड का कहर जारी, शीतलहर और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित

पटना। बिहार में भीषण ठंड का प्रकोप फिलहाल थमने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का सीधा असर राज्य के मौसम पर पड़ रहा है, जिसके कारण अधिकांश जिलों में शीतलहर जैसी स्थिति बनी हुई है। ठंड और कोहरे ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इसी बीच मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड के साथ-साथ हल्की बारिश की भी संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुमान के अनुसार राजधानी पटना सहित राज्य के कई हिस्सों में शनिवार को हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। उत्तर बिहार के कई जिलों सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज में बहुत घने कोहरे को लेकर विशेष चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की मामूली वृद्धि हो सकती है, हालांकि ठंड से फिलहाल बड़ी राहत मिलने की संभावना नहीं है।

# 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के उद्देश्य से सात निश्चय-3 कार्यक्रमों को लागू कियाः नीतीश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नेकहा कि राज्य में समाज के हर वर्ग के लोग सम्मान के साथ आसानी से जीवन व्यतीत कर सकें इसे लेकर हमलोगों ने गंभीरता से कार्य प्रारंभ कर दिया है। इसी कड़ी में वर्ष 2025 से 2030 के लिए राज्य को देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम करना तथा उनके जीवन को और भी आसान बनाना है। सबसे पहले हमलोगों की कोशिश है कि राज्य के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को जरूरत के समय उनके घर पर ही अत्यावश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इसमें नर्सिंग सहायता की सुविधा, घर पर ही पैथोलॉजी जांच की सुविधा, ब्लड प्रेशर जांच और ईसीजी जांच की सुविधा, फिजियोथेरेपी की सुविधा और आपातकालीन स्थिति में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता मिल सके। नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधित सभी सुविधाएं घर पर ही मिल सकें, इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग को तेजी से काम करने का निर्देश दिया है। राज्य के वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को आसान बनाने हेतु और क्या-क्या सुविधाएं दी जा सकती हैं, इसे चिह्नित किया जाना भी आवश्यक है।

# सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथों के सम्मान और पवित्रता को बनाये रखने के लिए एक सख्त कानून बनाना चाहिएः गड़गज्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता


अमृतसर। श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार एवं तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार, ज्ञानी कुलदीप सिंह गड़गज्ज ने शनिवार को कहा कि सरकार को देश के कानूनी ढांचे के तहत सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथों के सम्मान और पवित्रता को बनाये रखने के लिए एक सख्त कानून बनाना चाहिए। जत्थेदार गड़गज्ज ने कहा कि दसवें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह के आदेश के अनुसार, सिख श्री गुरु ग्रंथ साहिब को जीवित, शाश्वत गुरु मानते हैं, इसलिए, सरकारों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के संबंध में विशेष कानूनी प्रावधान करने की सख्त ज़रूरत है, ताकि दोषियों को कड़ी सज़ा दी जा सके। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से इस क्षेत्र में शरारती तत्वों द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की बार-बार घटनायें सामने आ रही हैं, लेकिन सरकारें इन हरकतों को रोकने और सिख संगत को न्याय दिलाने में नाकाम रही हैं। उन्होंने कहा कि अक्सर पुलिस या तो मानसिक स्वास्थ्य या ऐसे ही अन्य बहाने बताकर आरोपियों को कुछ समय बाद रिहा कर देती है, या आरोपियों को पेश करने में भी नाकाम रहती है, जिसके परिणामस्वरूप सिख संगत को न्याय नहीं मिल पाता और उनके मन में रोष पैदा होता है। इन बेअदबी की घटनाओं के पीछे छिपी ताकतों द्वारा सिख विरोधी साजिशों पर सवाल उठाते हुए, जत्थेदार ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जिस पर गहराई से सोचने और विचार करने की ज़रूरत है कि ऐसे लोग बार-बार बेअदबी की हरकतों के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब या गुरुद्वारा साहिब को ही क्यों निशाना बनाते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में, पहले की बैठकों को जारी रखते हुए, श्री अकाल तख्त साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के मुद्दे पर जल्द ही और चर्चाएं होंगी, ताकि पूरा सिख पंथ एकजुट हो सके और ऐसी हरकतों को खत्म करने के लिए एक ठोस और प्रभावी नीति के ज़रिए इस मुद्दे का समाधान किया जा सके। ज्ञानी कुलदीप सिंह ने पूरी सिख संगत और सिख संस्थाओं से अपील की है कि वे श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर लंबे समय से समाना में संघर्ष कर रहे गुरजीत सिंह के समर्थन में संगत द्वारा सचखंड श्री दरबार साहिब ले जाये जा रहे नगर कीर्तन में ज़्यादा से ज़्यादा हिस्सा लें और समर्थन दें।

# विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग का बिहार में प्रवेश, गोपालगंज में हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपालगंज। विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग तमिलनाडु से अपनी ऐतिहासिक यात्रा पर निकलते हुए अब बिहार में प्रवेश कर चुका है। उत्तर प्रदेशऽबिहार सीमा पार कर जैसे ही यह भव्य शिवलिंग गोपालगंज पहुंचा, श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा, शंख-नाद, ढोल-नगाड़ों और 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ उसका दिव्य स्वागत किया। यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति और सनातन संस्कृति की विराट झलक प्रस्तुत कर रही है। शिवलिंग पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर की ओर अग्रसर है और शनिवार व रविवार को गोपालगंज जिले से होकर गुजरेगा। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में श्रद्धालु जगह-जगह पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि इतनी विशाल और अलौकिक शिवलिंग को देखने का सौभाग्य उन्हें जीवन में पहली बार प्राप्त हुआ है। शिवलिंग की यात्रा को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात की व्यापक व्यवस्था की है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यह ऐतिहासिक यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता, आस्था और परंपराओं की जीवंत तस्वीर भी प्रस्तुत कर रही है। गोपालगंज से होते हुए यह भव्य शिवलिंग अब अपने अंतिम पड़ाव पूर्वी चंपारण की ओर बढ़ रहा है, जहां इसे विराट रामायण मंदिर में स्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह विश्व का सबसे बड़ा शिवलिंग तमिलनाडु के महाबलीपुरम में तैयार किया गया है। इसकी ऊंचाई 33 फीट और वजन लगभग 210 टन है। इसे काले ग्रेनाइट के एक ही पत्थर से तराशा गया है, जिसके निर्माण में करीब 10 वर्ष का समय लगा। यह अद्वितीय शिवलिंग आज सनातन संस्कृति और धार्मिक आस्था का प्रतीक बनकर पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह का संचार कर रहा है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063